# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 09 अगस्त 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 275 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00

■ मणिपुर को न्याय मिलेगा
■ अंग्रेजो भारत छोड़ो की... 04
■ आतंकियों वाले बैरक में इमरान खान...
■ जर्मनी में मिला दूसरे विश्व युद्ध का बम... 09
■ रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की ...
■ अगस्त में ही घटेंगे सीमेंट के दाम 11
■ एशियाड में न चुने जाने पर..
■ फवाद आलम ने पाकिस्तान.. 10

### अविश्वास प्रस्ताव पर तीखी नोक-झोंक के साथ बहस शुरू

# विपक्ष ने मणिपुर और महंगाई पर सरकार को घेरा, सत्ता पक्ष ने अपनी उपलब्धियां बताईं, पुरानी खामियां गिनाईं

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हो गई । चर्चा की शुरुआत कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने की। कांग्रेस सांसद गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा।

गोगोई ने कहा कि- प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि- सोनिया का एक ही मकसद है कि बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री, जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

### गोगोई ने सरकार से पूछे तीन सवाल

कांग्रेस नेता गौरव ने सरकार से तीन सवाल पूछे। उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गए। राहुल गए, इंडिया अलायंस के सांसद गए, गृहमंत्री गए। गोगोई ने कहा कि मणिपुर पर बोलने में प्रधानमंत्री को अस्सी दिन क्यों लगे । बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले। आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया।

प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वो किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। कांग्रेस नेता ने पूछा मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। गुजरात में जब राजनीति करनी थी तो एक बार नहीं दो बार सीमए बदले। उत्तराखंड में 3 बार बदला, त्रिपुरा में बदला। मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्या विशेष आशीर्वाद है, जो खुद स्वीकार कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस फेलियर हुआ।

## कहा-सुनी

**कांग्रेस नेता गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की, बोले - प्रधानमंत्री का मौनव्रत तोड़ेंगे**

**भाजपा ने कहा- सोनिया का एजेंडा बेटे को सेट करना, दामाद को भेंट करना**

### राहुल के शुरुआत न करने पर चुटकी ली

विश्वास प्रस्ताव की शुरुआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा- सुबह सेक्रेटरी जनरल के यहां चिट्ठी आई थी कि राहुल गांधी जी बोलेंगे। हम तो उनके भाषण का इंतजार कर रहे हैं। अब गौरव गोगोई बोल रहे हैं। 5 मिनट में आखिर क्या हो गया।

### निशिकांत 'इंडिया' गठबंधन पर बरसे

सरकार की तरफ निशिकांत दुबे ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमें राहुल गांधी के बोलने की उम्मीद थी, पर वो नहीं बोले। लगता है, राहुल जी तैयार नहीं थे आज, देर से उठे होंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी हमला बोला। कहा कि पीएम बोलते हैं कि ये अविश्वास प्रस्ताव नहीं, ये अपोजिशन में विश्वास प्रस्ताव है कि कौन किसके साथ है।

### डेरेक ओ ब्रायन राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन को राज्यसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने डेरेक ओ ब्रायन को सदन में अव्यवस्था के लिए नेम किया। सभापति ने डेरेक ओ ब्रायन को तुरंत राज्यसभा से चले जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इससे पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी मौजूदा मानसून सत्र के लिए निलंबित किया जा चुका है।

### पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई नेताओं ने राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जिन दलों के नेताओं ने नोटिस दिया है, उनमें तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, आप, द्रमुक, राजद, जदयू, राकांपा और वाम दल शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि इंडिया के दलों ने राज्यसभा के सभापति को नोटिस देकर गोयल की कुछ टिप्पणी के खिलाफ शिकायत की। गोयल न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' को लेकर बोल रहे थे कि उसने चीनी प्रचार को फैलाने के लिए कथित तौर पर चीन से जुड़ी फर्मों से धन प्राप्त किया।


# प्रधानमंत्री 12 को आयेंगे मध्यप्रदेश : शिवराज

### 100 करोड़ की लागत से सागर के बड़कुमा में संत रविदास जी के भव्य मंदिर-विशाल स्मारक का करेंगे भूमि-पूजन



- प्रदेश को मिलेगी सौगातें
- बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल विस्तारीकरण परियोजनाओं का होगा भूमि-पूजन
- कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का होगा लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मध्यप्रदेश आयेंगे। प्रदेश में संत रविदास समरसता यात्राएं जारी हैं,जिनका समापन सागर के बड़कुमा में 12 अगस्त को होगा। प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का आगमन संत रविदास जी के स्मारक के भूमि-पूजन के लिए हो रहा है।



उल्लेखनीय है कि संत रविदास जी की जयंती पर सागर में हुए कार्यक्रम में यह घोषणा की थी कि बड़कुमा (सागर) में 100 करोड़ रूपए की लागत से संत रविदास जी का भव्य मंदिर और विशाल स्मारक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात के रूप में बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल की विस्तारीकरण परियोजनाओं का भूमि-पूजन करेंगे। बीपीसीएल की रिफायनरी वर्ष 2011 से मध्यप्रदेश में कार्यरत है, अब इसका विस्तारीकरण कर पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# राहुल फिर निकलेंगे 'भारत-जोड़ो' यात्रा पर

### इस बार गुजरात से मेघालय जायेगी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस दौरान वह गुजरात से मेघालय तक पदयात्रा करेंगे। जिस समय राहुल गांधी अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे, तभी महाराष्ट्र कांग्रेस की तरफ से भी पूरे राज्य में पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी।

इस बात की जानकारी महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ ने नाना पटोले ने दी। हालांकि, उन्होंने यात्रा के मार्ग और इसकी डेट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि पूर्व विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व वह खुद करेंगे। पश्चिम विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व विजय वाडेट्टीवार, उत्तर महाराष्ट्र में बालासाहेब थोराट, मराठवाड़ा में अशोक चव्हाण और पश्चिम महाराष्ट्र में पृथ्वीराज चव्हाण और मुंबई में वर्षा गायकवाड करेंगे। सभी नेता कोकण में अपनी-अपनी पदयात्रा समाप्त करेंगे।

# केरल विधानसभा ने समान नागरिक संहिता के खिलाफ प्रस्ताव पास किया

### यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना

**तिरुवनंतपुरम,( एजेंसियां )।** केरल विधानसभा ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इसी के साथ केरल यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना गया है।

केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से मांग की कि केंद्र सरकार देश की पूरी आबादी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर कोई भी कदम उठाने से बचे। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने समर्थन दिया था। प्रस्ताव में सीएम विजयन ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र सरकार का एकतरफा और जल्दबाजी वाला कदम संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर रहा है। केंद्र सरकार बिना किसी वैचारिक बहस में शामिल हुए या सर्वसम्मति की तलाश किए इस एकतरफा कदम के साथ आगे बढ़ी है। प्रस्ताव में कहा गया है कि इससे आबादी के विभिन्न वर्गों में चिंता पैदा हो रही है। यह चिंता केरल विधानसभा द्वारा साझा की गई है। यह रेखांकित करता है कि एकल नागरिक संहिता एक विभाजनकारी कदम है जो लोगों की एकता को खतरे में डालता है और राष्ट्र की एकजुटता के लिए हानिकारक है। इससे पहले केरल विधानसभा 31 दिसंबर 2021 को विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने की मांग का प्रस्ताव पारित करने वाली पहली राज्य विधानसभा बन गई थी।

# मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खबरों के मुताबिक पुलिस ने अर्धसैनिक बल पर उनके वाहनों को रोकने का भी आरोप लगाया है। हालांकि सुरक्षा सूत्रों ने एफआईआर को 'न्याय का मखौल' करार दिया और कहा कि असम राइफल्स को कमांड मुख्यालय द्वारा कुकी और मैतेई जिलों के बीच बफर जोन की रक्षा करने का काम सौंपा गया था।

**लगाया गंभीर आरोप- तलाशी लेने जा रहे पुलिस के वाहन रोके गए**

एफआईआर 5 अगस्त को दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोप लगाया था कि असम राइफल्स ने बिष्णुपुर जिले में क्वाक्टा गोथोल रोड पर उनके वाहनों को रोका था। एफआईआर में दावा किया गया है कि असम राइफल्स ने अपने कर्मियों को आगे बढ़ने से रोक दिया जब पुलिस कुकी उग्रवादियों की तलाश में हथियार अधिनियम मामले में तलाशी अभियान चलाने के लिए क्वाक्टा के साथ फोलजांग रोड पर आगे बढ़ रही थी।

पुलिस ने दावा किया कि उसके कर्मियों को 9 असम राइफल्स ने रोका, जिन्होंने अपना 'कैस्पर' वाहन बीच में खड़ा कर सड़क रोक दी थी। वहीं इस मामले पर रक्षा सूत्रों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, असम राइफल्स कुकी और मैतेई क्षेत्रों के बीच बफर जोन की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए कमांड मुख्यालय द्वारा दिया गया एक कार्य कर रहा था। इससे पहले सोमवार 7 अगस्त को मणिपुर सरकार ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग लमखाई में एक महत्वपूर्ण चौकी पर असम राइफल्स के जवानों को हटाने का आदेश दिया था। यह घटनाक्रम घाटी के जिलों में नागरिकों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाते हुए सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बल के खिलाफ मार्च निकालने के बाद आया।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो-**मणिपुर पुलिस ने बीएसएफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।
**चुहिया- हां प्रिये-** जब लोगों की सुरक्षा करने वाले ही आपस में उलझें तो जनता की सुरक्षा का ऊपर वाला ही मालिक है..

# अब जमीन घोटाले में झारखण्ड मुख्यमंत्री सोरेन को ईडी का नोटिस



**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए मुश्किलें बढ़ने वाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाला केस में उन्हें नोटिस भेजा है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक जमीन घोटाला मामले में सोरेन परिवार की संलिप्तता की बात कही जा रही है। ईडी ने हेमंत सोरेन को केस संख्या 25/23 के सिलसिले में पूछताछ के लिए 14 अगस्त को तलब किया है।

**14 अगस्त को किया तलब**

**अब तक 13 लोगों को किया गिरफ्तार-** झारखंड भूमि घोटाला मामले में अब तक ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, न्यूक्लियस मॉल के मालिक और कारोबारी बिष्णु अग्रवाल और बड़गाई अंचल सीओ भानुप्रसाद सहित कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस केस में पूर्व से ही खनन घोटाला केस में जेल में बंद लाइजनर प्रेम प्रकाश से भी पूछताछ की जा चुकी है।

### ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे के दौरान हिन्दू पक्ष के वकील का बयान

# 'तहखाने के मलबे को हटाए बिना सर्वे मुश्किल'

**वाराणसी।** एएसआई ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वे जारी रखेगी। हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि- बिना मलबे को हटाए सर्वे होना मुश्किल लग रहा है।



इलाहबाद हाईकोर्ट के बाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में आर्कियलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया का सर्वे जारी है। एएसआई ने अब तक ऐसे तथ्यों को जमा करने की कोशिश की है जिससे यह मालूम चल सके कि 17 वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं। हिन्दु पक्ष के वकील ने कहा- ऐसा लगता है कि गुंबद का सर्वे अभी पूरा नहीं हुआ है। तहखाने का भी सर्वे किया जा रहा है तहखाने में मलबा भरा है जिसे हटाए बिना फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी संभव नहीं है।

**मुस्लिम पक्ष भी सर्वे में हुआ शामिल-**मुस्लिम पक्ष की ओर से इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के संयुक्त सचिव मुहम्मद यासीन ने एक पत्र जारी कहा था कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए सर्वेक्षण काम में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा, सर्वेक्षण कार्य पर रोक लगाने से इनकार करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ध्यान में रखते हुए, अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए वह सर्वेक्षण कार्य में एएसआई के साथ सहयोग करेगी।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**सिफारिश**

### संसदीय पैनल ने कहा-

# जजों की संपत्तियों के अनिवार्य खुलासे के लिए लाएं कानून

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए। केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। 1997 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ण न्यायालय द्वारा अपनाए गए न्यायिक जीवन के मूल्यों की पुनर्कथन ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रत्येक न्यायाधीश के लिए नियुक्ति के समय अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करना अनिवार्य बना दिया और उसके बाद हर साल की शुरुआत में।

**वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना हो अनिवार्य**

2009 में सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर, संपत्ति की घोषणा को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर डालने का संकल्प लिया। हालांकि, वर्तमान में, सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भारत के केवल 55 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों के संबंध में संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है, जिसे आखिरी बार मार्च 2018 में अपडेट किया गया था।

इसी तरह, केवल पांच उच्च न्यायालयों की वेबसाइट पर संबंधित उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है। न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करने और न्यायाधीशों द्वारा पालन किए जाने वाले न्यायिक मानकों को निर्धारित करने में सक्षम न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक 15वीं लोकसभा के विघटन पर समाप्त हो गया था। समिति ने केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए उचित प्राधिकारी को वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न प्रस्तुत करना अनिवार्य बनाने के लिए उचित कानून लाने की सिफारिश की। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से प्रणाली में अधिक विश्वास और विश्वसनीयता आएगी।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के चलते तीन मंजिला होटल जमींदोज

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। पहाड़ों में ही नहीं मैदानों में भी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। देहरादून में सड़कें नदी का रूप ले चुकी है, वहीं पहाड़ों में भी बड़े-बड़े भवन ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों के मकान होटल लॉज भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। रुद्रप्रयाग के रामपुर में भूस्खलन के कारण 32 कमरों का एक तीन मंजिला होटल पालक झपकते ही जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि कोई भी जनहानि नहीं हुई क्योंकि पहले ही होटल को खाली करवा दिया गया था।

# छह राज्यों में उपचुनाव का ऐलान

## 7 विधानसभा सीटों पर 5 सितम्बर को मतदान

**दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभाओं के लिए उपचुनाव पांच सितंबर को होंगे। आठ सितम्बर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट जगरनाथ महतो (जेएमएम) के निधन के बाद खाली हुई थी।

इसी तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (सीपीआईएम), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई थी। त्रिपुरा की एक

### आठ सितम्बर को परिणाम

अन्य धानपुर विधानसभा सीट भाजपा नेता प्रतिमा भैमिक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट दारा सिंह चौहान के सपा से इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।

### चुनाव प्रक्रिया की अहम तारीखें

- अधिसूचना जारी होने की तारीख- 10 अगस्त
- नामांकन की अंतिम तारीख- 17 अगस्त
- नामांकन की जांच- 18 अगस्त
- नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख- 21 अगस्त
- मतदान की तारीख- पांच सितम्बर
- मतगणना- आठ सितम्बर
- चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का समय- 10 सितम्बर

भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले प्रधानमंत्री

# विपक्ष अविश्वास से भरा है, सेमीफाइनल में भी हार गया विपक्ष

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और उनका अविश्वास प्रस्ताव यही दिखा रहा है। संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी ने यह भी कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है।



सूत्रों के अनुसार बैठक में संसद में अविश्वास प्रस्ताव सियासी बहस से पहले विपक्ष के सवालों के मुकाबले की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अविश्वास प्रस्ताव पर आठ, नौ एवं दस अगस्त को 18 घंटे की बहस के बाद प्रधानमंत्री जवाब देंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और ये दिखाने के लिए वो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं उन्होंने वंशवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्ट राजनीति से सामाजिक न्याय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता बहाल होने के बाद वह भी चर्चा में भाग लेंगे। कांग्रेस ने इस बात की पुष्टि की है।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं (*No. JC-731904N Rank-SUB Maj Trade SHGD*) मोहम्मद जहागीर मिर्जा उम्र 49 वर्ष आत्मज स्व. ओमर अली मिर्जा निवासी ग्राम बटटाला पोस्ट झूंका थाना बेलडांगा जिला मुर्शीदाबाद वेस्ट बंगाल का निवासी हूँ तथा मैं सी.एम.एम. जबलपुर में कार्यरत हूँ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नि का नाम (*PARSHIA BEGUM*) गलत दर्ज है जबकि मेरी पत्नि के पेनकार्ड एवं आधार कार्ड में मेरी पत्नि का नाम (*PARSHIA BEGAM*) दर्ज है जो सही एवं सत्य है इस कारण से मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपनी पत्नि का नाम (*PARSHIA BEGUM*) के स्थान पर (*PARSHIA BEGAM*) संशोधित कर दर्ज करना चाहता हूँ।

जबलपुर, दिनांक – 08/08/2023

**भवदीय,**
(*No. JC-73190N Rank-SUB Maj Trade SHGD*)
**मोहम्मद जहागीर मिर्जा**
**सी.एम.एम. जबलपुर**
र.नं. 921

# गुलाम नबी आजाद को बड़ा झटका, 21 नेताओं ने फिर थाम लिया कांग्रेस का दामन

**नई दिल्ली।** 21 नेताओं की कांग्रेस में वापसी से गुलाम नबी आजाद और आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यह सभी नेता गुलाम नबी आजाद की पार्टी 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी' और आम आदमी पार्टी में थे।

यह सभी नेता पहले कांग्रेस में थे लेकिन किन्हीं कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ये 21 नेता फिर से कांग्रेस में शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### प्रधानमंत्री 12 को आयेंगे.....

राज्य शासन द्वारा बीपीसीएल को टैक्स में छूट और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी लगभग एक हजार करोड़ रूपए की लागत के 47 किलोमीटर के मोरी-कोरी-विदिशा-हिनौतिया पैकेज-1 फोर लेन तथा हिनौतिया-मेलुआ पैकेज-2 टू लेन सड़कों का भूमि-पूजन भी करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर सम्पर्क के साथ-साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर साँची के बुद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चट्टानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी रेल मंत्रालय के अधीन कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर 2 हजार 476 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

# राहुल को फिर आवंटित हुआ बंगला तो बोले- 'पूरा हिंदुस्तान हमारा घर'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के ठीक एक दिन बाद उन्हें उनका पुराना सरकारी बंगला फिर से मिल गया। लोकसभा की आवास समिति ने मंगलवार को उन्हें फिर से 12 तुगलक लेन बंगला आवंटित कर दिया। हालांकि वे अपने इस घर में रहने कब जाएंगे यह उन्होंने नहीं बताया। लेकिन बंगला मिलने के बाद कहा कि- पूरा हिंदुस्तान उनका घर है। उल्लल्लखनीय है कि मोदी सरनेम मामले में सदस्यता गवाने के बाद राहुल गांधी ने बीते 21 अप्रैल को अपना सरकारी आवास पूरी तरह से खाली कर दिया था। बंगला खाली करने के बाद उन्होंने कहा था कि मैने सच बोलने की कीमत चुकाई है। मोदी सर नेम मामले में उन्हें सूरत की एक अदालत ने 23 मार्च को दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसके चलते न केवल उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म हो गई थी बल्कि उन्हें अपना सरकारी आवास भी खाली करना पड़ा था।

### 12 अगस्त को करेंगे वायनाड का दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे।

### पश्चिम मध्य रेल

**मुख्यालय की पेंशन अदालत-2023**

महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के कार्मिक विभाग में दिनांक **15.12.2023** को पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अतः पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय जबलपुर से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों/अधिकारियों अथवा निधन प्रकरणों में उनके आश्रितों को देय राशियों के भुगतान, यदि शेष हों तो, ऐसे आवेदक अपना आवेदन तीन प्रतियों में सम्पूर्ण विवरण एवं समस्त संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ दिनांक **31.10.2023** तक महाप्रबंधक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर-482 001 को भेज सकते हैं तथा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में **"पश्चिम मध्य रेल (मुख्यालय) की पेंशन अदालत दिनांक 15.12.2023 हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए। यह आवेदन केवल मुख्यालय के अंतिम निपटारा प्रकरणों, पेंशन, ग्रेज्यूटी इत्यादि से संबंधित होना चाहिए। जिन सेवा निवृत्त कर्मचारियों/अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों ने अपना आवेदन इस पेंशन अदालत हेतु प्रस्तुत किया है वे कृपया **15 दिसम्बर 2023 दिन शुक्रवार समय 11:00 (पूर्वान्ह)** को आयोजित होने वाली पेंशन अदालत में कार्मिक विभाग, मुख्यालय में उपस्थित होवें।

**विशेषः- कृपया ध्यान देवें कि मण्डलों एवं कारखानों से संबंधित प्रकरणों को इस पेंशन अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।**

**महाप्रबंधक कार्यालय, कार्मिक विभाग,प.म.रे./जबलपुर**

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।

### M.P. POWER MANAGEMENT COMPANY LIMITED
**(A Govt. of MP Undertaking)**

**No. 71/DGM (V)/23/MPPMCL/hiring/NIT- 01/2023 Date : 07.08.2023**

**HIRING OF ONE NO. MAHINDRA BOLERO (7 SEATER) FOR CPV DIVISION, MPPMCL, JABALPUR**

MP Power Management Co. Ltd. invites offline bids for hiring of one number Mahindra Bolero (7 Seater) for CPV division MPPMCL, Jabalpur. Last date for purchase of tender is 28.08.2023 up to 15.00 Hrs. and submission of tender is **29.08.2023 up to 15.00 Hrs.**

**Note :-** For details please visit the website **www.mppmcl.com** for any change in tender specification please visit the website regularly. Any amended/corrigendum shall not be published in newspaper.

M.P. Madhyam/111288/2023 **DEPUTY GENERAL MANAGER (VEH)**

### आम सूचना

मैं अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्णरूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हू कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा नागेश श्रीवास्तव को अचल सम्पति जो कि मौजा लक्ष्मीपुर नं.ब. 599, प.ह.न. 28, ख.नं. 196, 197, 198, 202/2 का भाग प्लाट नं. 13 का भाग प्लाट क्षेत्रफल 1880 व.फु. तहसील व जिला जबलपुर में स्थित सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है। नागेश श्रीवास्तव को उक्त सम्पति विरासतन हक में अपने पिता बाराती लाल श्रीवास्तव की मृत्यु के उपरांत प्राप्त हुयी है उक्त सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.3.1979 दस्तावेज क्र. 1070 के माध्यम से विक्रेता बसुन्धरा उदयोग द्वारा क्रेता - बाराती लाल श्रीवास्तव को विक्रय की गयी थी। बाराती लाल श्रीवास्तव ने अपने जीवनकाल के दौरान उक्त क्रय की गयी सम्पति 2400 व.फु. में से 520 व.फु. प्रमोद कुमार को विक्रय कर दिया था ततपश्चात उक्त सम्पति का रकवा 1880 व.फु. बचा है जिससे संबंधित राजस्व अभिलेखों में नागेश श्रीवास्तव का नाम दर्ज हो चुका है तथा नागेश श्रीवास्तव इस सूचना पत्र में वर्णित सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा प्राप्त करना चाहते है अतः इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्तियों एवं सस्थाओ को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उपरोक्त ऋण सव्यवहार से आपत्ति है सम्पति में हितद्ध है तो आज दिनांक सात दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजो के सथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सूचित करे अन्यथा सात दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा नागेश श्रीवास्तव को सम्पति बंधक रख कर ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी।

जबलपुर, दिनांक 04/08/2023

**हर्षित पटेल , एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट, जबलपुर**
**कार्यालय/निवास - 1790, ई.ई.एस. स्कूल के पास, व्ही.एफ.जे. रोड न्यू शोभापुर कालोनी तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं.- 9893333246**
र.नं. 914

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0636/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पिंकी बैन्जो, फ्रैडी सांइमन दोनो के पिता स्व. श्री सांइमन बैस्टिन दोनो निवासी मंडला रोड वॉटर टेंक के पास बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 10 नं.ब. 50 ख.नं. 97 प्लाट नं. 100 रकवा 585+800=1385 हेक्यटेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वसीयतनामा/सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 02/08/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 02/08/2023**
**पेशी दिनांक 18/08/2023**

**अतिरिक्त तहसीलदार रांझी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**
र.नं.- 916

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1323/अ-6/2023-2024
दिनांक 01/08/2023

**आम इश्तहार**

आम और खास को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा कुचया पति श्री मुकेश कुचया निवासी डी-30, चेरीताल जबलपुर के द्वारा ग्राम गढ़ा प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 179/1, 180, 181, 182, 211 रकवा 920 वर्गफुट भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1030 दिनांक 22/03/2013 के आधार पर स्वंय का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उक्त उपरोक्त का नाम दर्ज करने में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आम इश्तहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर ही आपत्ति स्वीकार की जावेगी। आज दिनांक 01/08/2023 को पदमुद्रा से इश्तहार जारी किया जाता है।

**जारी दिनांक 01/08/2023**
**पेशी दिनांक 15/08/2023**

**तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**
र.नं. 915

### आम सूचना

ग्राम - पिपरियाकला, प.ह.न. 62, पटवारी हल्का चारघाट तहसील - जबलपुर खसरा नं. 273, रा.नि.न. बरगी, विक्रेता - पदम सिंह वल्द कोमल सिंह गोड़ पता - बसहा पिंडरई (भूमि स्वामी) क्रेता - श्रीमती संध्या उईके पति स्व. शैलेन्द्र सिंह उईके पता - 1221, काँचघर स्टेशन रोड़, जबलपुर।

उक्त जमीन संध्या उईके द्वारा खरीदी जा रही है जिस किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति हो निम्न वो 7 दिन के अंदर इस मोबाईल नं. 9755478898, 9131940110 से सम्पर्क करें।


दिनांक - 08/08/23

**रविकांत साहू, एडवोकेट**
**म.प्र. हाईकोर्ट**
**मो.नं.- 9755478898, 9131940110**
र.नं. 913

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुंतल मुखोपाध्याय, पिता श्री प्रभात मुखोपाध्याय, उम्र 51 वर्ष, निवासी जुन्नारदेव, तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ यह कि मेरे द्वारा एम.ए. सामाजशस्त्र फाइनल, डॉ हरिसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर की डिग्री 03/08/2023 को बाजार क्षेत्र जुन्नारदेव में गुम हो गई है जिस किसी भी सज्जन को मिले वह मुझसे मेरे स्थाई पते वार्ड क्रमांक 13 पेट्रोल पंप के पीछे जुन्नारदेव एवं मोबाइल नंबर 79999825841 संपर्क करें।

### कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला - नरसिंहपुर



**कार्यालय कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन कक्ष क्र. 77**
**फोन-07792-230512 ई-मेल-*wcdnar@nic.in***

**प्रेस विज्ञप्ति**

**क्रमांक /मबावि/2023-24/1925-26 जबलपुर , दिनांक 04/08/2023**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत संचालित अशासकीय संस्था सृजन वात्सल्य शिशुगृह (विशेषज्ञ दत्तक गृहण एजेंसी) जिला नरसिंहपुर में बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर के आदेशानुसार शिशु बालक ईवान (काल्पनिक नाम) को प्रवेश दिया गया है। उक्त बालक को दिनांक 23.07.2023 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा संस्था शिशु गृह नरसिंहपुर के पालने में परित्यक्त किया गया है। बालक का काल्पनिक नाम ईवान जन्मतिथि 23.07.2023 लिंग-बालक, उम्र-लगभग 10 दिन, वजन 1.890 किलोग्राम, लम्बाई 44 से.मी., सिर का घेरा 32 से.मी., रंग गोरा, आंखों का रंग काला, पाये जाने का स्थान शिशु गृह पालना नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर प्राप्ति दिनांक 23.08.2023 है। उक्त बालक के वैधानिक संरक्षक/पालक/नातेदार हैं तो सुसंगत दस्तावेजों/साक्ष्य सहित कार्यालय जिला बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर पता लाल महल के पीछे, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के सामने, शास्त्री वार्ड जिला नरसिंहपुर संपर्क नंबर-07792-356023 अथवा कार्यालय सृजन वात्सल्य शिशुगृह यादव कॉलोनी गली नंबर-6 कामथ वार्ड, नरसिंहपुर संपर्क नंबर-7999429794 में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं किया जावेगा एवं बालक को दत्तक ग्रहण के लिए विधि मुक्त (लीगल फ्री फॉर एडॉप्शन)

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला- नरसिंहपुर**

**G-17986/23**

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

**// निविदा सूचना // (1st Call)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2023-24/33/पी.आर.ओ./306 दिनांक 08.08.2023 | SITC of Traffic Signal at Pt. Deen Dayaal Square Jabalpur | 04 माह एवं 4504575.00 | 5000.00 एवं 33784.00 | 12/09/2023 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकाशन के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाश नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम जबलपुर**

# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, म.प्र.

क्रमांक/1174/लो.नि.वि./निर्माण/2023 — कटनी, दिनांक 14/07/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_293426_1 | तिलक वार्ड में आजाद नगर पुरैनी में पप्पू यादव के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 311169/- | 2,000/- 3112/- | 16/08/2023 |
| 2 | 2023_UAD_293426_2 | तिलक वार्ड में पुलिया निर्माण कार्य | 30 days 300114/- | 2,000/- 3001/- | 16/08/2023 |
| 3 | 2023_UAD_293426_3 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सचिन वर्मा के घर से दिनेश परौहा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 30 days 271109/- | 2,000/- 2711/- | 16/08/2023 |
| 4 | 2023_UAD_293426_4 | इंदिरा गांधी वार्ड में नन्हे नामदेव के घर के पास सी.सी. नाली निर्माण | 30 days 212928/- | 2,000/- 2129/- | 16/08/2023 |
| 5 | 2023_UAD_293426_5 | इंदिरा गांधी वार्ड में नन्हे नामदेव के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण | 30 days 278960/- | 2,000/- 2790/- | 16/08/2023 |
| 6 | 2023_UAD_293426_6 | इंदिरा गांधी वार्ड में अरविंद शुक्ला के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 418440/- | 2,000/- 4184/- | 16/08/2023 |
| 7 | 2023_UAD_293426_7 | महात्मा गांधी वार्ड में रंगमंच का सौन्दर्यीकरण कार्य | 60 days 267129/- | 2,000/- 2671/- | 16/08/2023 |
| 8 | 2023_UAD_293426_8 | वेंकट वार्ड में खिरहनी ब्रिज के नीचे विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य | 30 days 334143/- | 2,000/- 3341/- | 16/08/2023 |
| 9 | 2023_UAD_293426_9 | वेंकट वार्ड में राकेश गुप्ता के घर से यादव के घर तक एवं गणेश मंदिर गली में सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 634140/- | 2,000/- 6341/- | 16/08/2023 |
| 10 | 2023_UAD_293426_10 | वेंकट वार्ड में नरेन्द्र मार्ग में रेल्वे लाईन के किनारे सी.सी. नाला निर्माण | 60 days 795546/- | 2,000/- 7955/- | 16/08/2023 |
| 11 | 2023_UAD_293426_11 | वेंकट वार्ड में नरेन्द्र मार्ग गली में हुबलाल होटल से हरी प्रसाद के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | 60 days 517124/- | 2,000/- 5171/- | 16/08/2023 |
| 12 | 2023_UAD_293426_12 | वेंकट वार्ड स्थित शास्त्री कालोनी में सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 783044/- | 2,000/- 7830/- | 16/08/2023 |
| 13 | 2023_UAD_293426_13 | वेंकट वार्ड में सी. एन. गुप्ता के मकान से बजाज जी के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली कव्हरिंग कार्य | 60 days 407872/- | 2,000/- 4079/- | 16/08/2023 |
| 14 | 2023_UAD_293426_14 | वेंकट वार्ड में खेरमाई मंदिर के चारो ओर सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 436172/- | 2,000/- 4362/- | 16/08/2023 |
| 15 | 2023_UAD_293426_15 | वेंकट वार्ड में खिरहनी फाटक के पास निषाद स्कूल के पीछे सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य | 60 days 338240/- | 2,000/- 3382/- | 16/08/2023 |
| 16 | 2023_UAD_293426_16 | पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. नाली निर्माण | 60 days 841328/- | 2,000/- 8413/- | 16/08/2023 |
| 17 | 2023_UAD_293426_17 | रघुनाथ गंज वार्ड में एस.बी.आई. चौराहा एवं एक्सचेंज गली में पुलिया निर्माण तथा शहीद द्वार के पास लोहे का गेट निर्माण | 30 days 126288/- | 2,000/- 2526/- | 16/08/2023 |
| 18 | 2023_UAD_293426_18 | रघुनाथ गंज वार्ड में वर्मा गली, घण्टाघर के पास, सिल्वर टाकीज के पास डामरीकरण | 30 days 590134/- | 2,000/- 5901/- | 16/08/2023 |
| 19 | 2023_UAD_293426_19 | रघुनाथ गंज वार्ड में कोतवाली चौराहा से पोस्ट आफिस गली तक सी.सी. नाला निर्माण | 60 days 816443/- | 2,000/- 8164/- | 16/08/2023 |
| 20 | 2023_UAD_293426_20 | मदनमोहन चौबे वार्ड में संजय श्रीवास्तव के घर से बिट्टू जायसवाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 553190/- | 2,000/- 5532/- | 16/08/2023 |
| 21 | 2023_UAD_293426_21 | नेहरू वार्ड में मीरा विश्वकर्मा के घर से बसंत डेरी तथा संजय पाण्डेय के घर से गर्ग जी के घर तक सी.सी. रोड | 60 days 905220/- | 2,000/- 9052/- | 16/08/2023 |
| 22 | 2023_UAD_293426_22 | नेहरू वार्ड में रूचि किराना के पीछे पुराने कुआ तक सी.सी.रोड निर्माण | 60 days 671502/- | 2,000/- 6715/- | 16/08/2023 |
| 23 | 2023_UAD_293426_23 | नेहरू वार्ड में प्रहलाद सेन के घर से राकेश अहिरवार के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | 60 days 546698/- | 2,000/- 5467/- | 16/08/2023 |
| 24 | 2023_UAD_293426_24 | नेहरू वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण कार्य | 60 days 896286/- | 2,000/- 8963/- | 16/08/2023 |
| 25 | 2023_UAD_293426_25 | नेहरू वार्ड में प्रहलाद सेन के घर से राकेश अहिरवार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 563248/- | 2,000/- 5632/- | 16/08/2023 |
| 26 | 2023_UAD_293426_26 | नेहरू वार्ड में मीरा विश्वकर्मा के घर से बसंत डेरी तथा संजय पाण्डेय के घर से गर्ग जी के घर तक सी.सी. नाली निर्माण | 60 days 993014/- | 2,000/- 9930/- | 16/08/2023 |
| 27 | 2023_UAD_293426_27 | सी.एल.पी. वार्ड में सी.एल.पी. स्कूल में रंग रोगन का कार्य | 30 days 241798/- | 2,000/- 2418/- | 16/08/2023 |
| 28 | 2023_UAD_293426_28 | सी.एल. पी. वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली निर्माण | 60 days 854088/- | 2,000/- 8541/- | 16/08/2023 |
| 29 | 2023_UAD_293426_29 | कावसजी वार्ड में नैंसी स्कूल से दुर्गा मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण | 60 days 724176/- | 2,000/- 7242/- | 16/08/2023 |
| 30 | 2023_UAD_293426_30 | कावसजी वार्ड में पोकाड़िया दादा के घर से गिरजा मेहरा के घर तक नाली कव्हरिंग कार्य | 30 days 228427/- | 2,000/- 2284/- | 16/08/2023 |
| 31 | 2023_UAD_293426_31 | रामकृष्ण परमहंस वार्ड के छपरवाह में आँगनबाड़ी से लीग रोड तक सी.सी. रोड निर्माण | 30 days 223168/- | 2,000/- 2232/- | 16/08/2023 |
| 32 | 2023_UAD_293426_32 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में नवनिर्मित नालियों के कव्हरिंग कार्य | 60 days 506855/- | 2,000/- 5069/- | 16/08/2023 |
| 33 | 2023_UAD_293426_33 | विवेकानंद वार्ड में विभिन्न स्थानों पर रोड मरम्मत कार्य | 60 days 324225/- | 2,000/- 3242/- | 16/08/2023 |
| 34 | 2023_UAD_293426_34 | बाबा नारायण शाह वार्ड में मलिन बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन पहुंच मार्ग में डब्ल्यु.बी.एम. रोड निर्माण | 90 days 916363/- | 2,000/- 9164/- | 16/08/2023 |
| 35 | 2023_UAD_293426_35 | महाराणा प्रताप वार्ड स्थित मुक्तिधाम में शेड निर्माण | 60 days 551395/- | 2,000/- 5514/- | 16/08/2023 |
| 36 | 2023_UAD_293426_36 | विश्रामबाबा वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली कव्हरिंग कार्य | 30 days 105495/- | 2,000/- 2110/- | 16/08/2023 |
| 37 | 2023_UAD_293426_37 | विश्रामबाबा वार्ड में पार्कों की दीवालों की पुताई कराने का कार्य | 30 days 126087/- | 2,000/- 2522/- | 16/08/2023 |
| 38 | 2023_UAD_293426_38 | विश्रामबाबा वार्ड स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में पार्क में बाउण्ड्रीवाल निर्माण | 90 days 944480/- | 2,000/- 9445/- | 16/08/2023 |
| 39 | 2023_UAD_293426_39 | विश्रामबाबा वार्ड में विश्रामबाबा मंदिर में आर.सी.सी. शेड निर्माण एवं पेवर ब्लाक फ्लोरिंग | 90 days 954063/- | 2,000/- 9541/- | 16/08/2023 |
| 40 | 2023_UAD_293426_40 | बालगंगाधर तिलक वार्ड में गली नं. 07 आगंनबाड़ी के मैदान में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 90 days 957573/- | 2,000/- 9576/- | 16/08/2023 |
| 41 | 2023_UAD_293426_41 | बालगंगाधर तिलक वार्ड आजाद नगर पुरैनी में स्थित सामुदायिक भवन की छत में बाउण्ड्रीवाल एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 60 days 243865/- | 2,000/- 2439/- | 16/08/2023 |
| 42 | 2023_UAD_293426_42 | बिरसा मुंडा वार्ड नं.2 में बजरंग कालोनी से यादव मोहल्ला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 days 716995/- | 2,000/- 7170/- | 16/08/2023 |
| 43 | 2023_UAD_293426_43 | ईश्वरीपुरा वार्ड में सेन्ट्रल बैंक से पुत्रीशाला तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 90 days 171304/- | 2,000/- 3426/- | 16/08/2023 |
| 44 | 2023_UAD_293426_44 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 6 में बिस्मिला गली में मेन रोड़ में बसीन के मकान तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 60 days 389747/- | 2,000/- 3897/- | 16/08/2023 |
| 45 | 2023_UAD_293426_45 | गणेशप्रसाद मसुरहा वार्ड नं. 7 में दिनेश सोनी के घर से गुलाब सोनी के घर तक एवं पार्षद कुलिया एवं पार्षद गली में पेंचवर्क एवं सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 60 days 226003/- | 2,000/- 2260/- | 16/08/2023 |
| 46 | 2023_UAD_293426_46 | गणेशप्रसाद मसुरहा वार्ड नं. 7 में पार्षद कुलिया में क्रास नाली निर्माण कार्य | 30 days 180307/- | 2,000/- 3606/- | 16/08/2023 |
| 47 | 2023_UAD_293426_47 | जगमोहनदास वार्ड नं.11 में विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 90 days 842094/- | 2,000/- 2421/- | 16/08/2023 |
| 48 | 2023_UAD_293426_48 | महात्मागांधी वार्ड नं. 9 में विभिन्न मार्गो में नाली कव्हरिंग कार्य | 60 days 224096/- | 2,000/- 2241/- | 16/08/2023 |
| 49 | 2023_UAD_293426_49 | वीर सावरकर वार्ड में नई बस्ती संतनगर एवं आधारकाप क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण / मरम्मत कार्य | 90 days 526714/- | 2,000/- 5267/- | 16/08/2023 |
| 50 | 2023_UAD_293426_50 | ईश्वरीपुरा वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण एवं कव्हरिंग कार्य | 90 days 536328/- | 2,000/- 5363/- | 16/08/2023 |
| 51 | 2023_UAD_293426_51 | ईश्वरीपुरा वार्ड में तबरेज के घर से अशोक पृथ्यानी तक सी. सी. रोड़ निर्माण | 30 days 143525/- | 2,000/- 2871/- | 16/08/2023 |
| 52 | 2023_UAD_293426_52 | महाराणा प्रताप वार्ड नं. 43 अमकुही में आदिवासी मोहल्ला राजू कोल के घर के पास सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 60 days 278960/- | 2,000/- 2790/- | 16/08/2023 |
| 53 | 2023_UAD_293426_53 | महाराणा प्रताप वार्ड नं.43 झिझरी में अमरनाथ पंडित जी के घर के पीछे से राजेन्द्र चौधरी के मकान सी.सी. नाली निर्माण | 90 days 638331/- | 2,000/- 6383/- | 16/08/2023 |
| 54 | 2023_UAD_293426_54 | महाराणा प्रताप वार्ड नं.43 झिझरी में मंजू दुबे के मकान से मुन्नीलाल बेन के घर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 30 days 146454/- | 2,000/- 2929/- | 16/08/2023 |
| 55 | 2023_UAD_293426_55 | महाराण प्रताप वार्ड नं.43 अमकुही में विनोद तिवारी के घर मुंडा चौधरी के घर सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 60 days 507653/- | 2,000/- 5077/- | 16/08/2023 |
| 56 | 2023_UAD_293426_56 | महाराणा प्रताप वार्ड नं. 43 अमकुही में प्रेमलाल अदिवासी के मकान से सत्येन्द्र अदिवासी के मकान तक विनोद तिवारी के घर मुंडा चौधरी के घर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 30 days 167376/- | 2,000/- 3348/- | 16/08/2023 |
| 57 | 2023_UAD_293426_57 | सी. एल. पी. वार्ड में कल्लू बर्मन के घर के पास नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य | 60 days 406527/- | 2,000/- 4065/- | 16/08/2023 |
| 58 | 2023_UAD_293426_58 | फारेस्टर वार्ड में गपोली केवट के घर से रामकोल के घर तक अन्य स्थानों सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 60 days 474267/- | 2,000/- 4743/- | 16/08/2023 |
| 59 | 2023_UAD_293426_59 | फारेस्टर वार्ड में डॉ. विश्वकर्मा के घर से त्यागी मैडम गली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 60 days 765296/- | 2,000/- 7653/- | 16/08/2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी**

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 09 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मणिपुर को न्याय मिलेगा?

पिछले कुछ माह से उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हिंसा और उत्पीड़न के शिकार हुए लोगों के दर्द की अनेक कहानियां सामने आने लगी हैं परन्तु उन्हें न्याय मिलेगा या नहीं, इसके बारे में कोई भी निश्चिंत नहीं है। उसका कारण है केन्द्र व उस राज्य की सरकार की चुप्पी और वहां की स्थिति को छिपाने की निर्लज्ज कोशिशें। मई के पहले हफ्ते में हुई उस घटना के वीडियो वायरल होने के बाद देश-दुनिया में तो भारत की किरकिरी हुई ही, हर भारतीय का सिर शर्म से झुक गया जिसमें दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाते हुए दिखाया गया है। उनमें से एक का सामूहिक बलात्कार भी हुआ। जुलाई में इस घटना के उजागर होने के बाद भी डबल इंजन की सरकार तो चुप रही परन्तु सुप्रीम कोर्ट सामने आया और उसने स्वत: संज्ञान लेकर दोनों ही सरकारों से सवाल किये।

इसके बाद भी सरकारों के मौन रहने के बाद लोगों को इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मणिपुर के पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा क्योंकि वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं हुआ कि 'ऐसी सैकड़ों घटनाएं उनके राज्य में घट रही हैं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वहां के लोगों से मिलकर उनके दुख-दर्द सुनने, उनके घावों पर मरहम लगाने और शांति बहाली की ज़रूरत महसूस तक नहीं हुई। मणिपुर को उसके हाल पर छोड़कर पीएम देश के भीतर चुनावी मोड में बने रहे या विदेश यात्राएं करते रहे।

संसद के मानसूत्र सत्र के ठीक पहले उन्हें इसलिये यह संक्षिप्त बयान देना पड़ गया कि वे मणिपुर की घटनाओं से क्रोध व पीड़ा से भर गये हैं. क्योंकि उसी सुबह सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दोनों सरकारों को चेतावनी दे दी थी कि अगर वे कुछ नहीं कर सकतीं तो शीर्ष न्यायालय आवश्यक कार्रवाई करेगा। मोदी ने अपनी पीड़ा और क्रोध का इज़हार तो किया लेकिन सरकार क्या कर रही है इसके बारे में वे मौन रहे। संसद के भीतर भी उन्होंने कोई अधिकृत वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि राज्य सरकार को उनके क्या निर्देश हैं और केन्द्र सरकार इस पर क्या करने जा रही है। कुछ माह पहले ही, यानी हिंसा व साम्प्रदायिक दंगों के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर आये थे और अधिकारियों की बैठक कर चुके थे। उन्होंने भी देश को वहां की वस्तुस्थिति से अवगत कराना मुनासिब नहीं समझा। जहां तक बीरेन सिंह की बात है, वे तो बता ही चुके थे कि ऐसी घटनाएं बड़े पैमाने पर हुई हैं। अलबत्ता उन्होंने अपने समर्थकों के बीच इस्तीफा देने का नाटक ज़रूर किया था। जो हो, राज्य सरकार और केन्द्र की उदासीनता व मामले को सम्हाल न पाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि मणिपुर की हिंसा की आग से समीपवर्ती राज्य मिजोरम व असम के कुछ हिस्से भी झुलसने लग गये हैं। फिर भी भारतीय जनता पार्टी प्रणीत सरकारों के कानों पर जूं तक न रेंगी और भाजपा व उनके नेता कोई ठोस व रचनात्मक पहल करने की बजाय इन घटनाओं का कांग्रेस कनेक्शन ढूंढ़ने में व्यस्त रहे।

मणिपुर की हिंसा तथा वहां बड़े पैमाने पर हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर धीरे-धीरे बातें सामने आने लगीं। पता चला कि मणिपुर में हिंसा की छह हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और उसके मुकाबले गिरफ्तारियों की संख्या शर्मनाक रूप से काफी कम है जो राज्य सरकार की विफलता और हिंसा को रोकने की इच्छा शक्ति के अभाव को बतलाता है। राज्य व केन्द्र सरकारें चाहे मणिपुर की घटनाओं की गम्भीरता को लेकर संजीदा न रही हों परन्तु सुप्रीम कोर्ट को इसका आभास ज़रूर हो गया है। सोमवार को उसने जांच और कानून के शासन में लोगों का भरोसा लौटाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश शालिनी जोशी एवं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस आशा मेनन अन्य सदस्य होंगी। इन जजों की समिति को राहत शिविरों को भी देखने के लिये कहा गया है। उम्मीद है कि इससे लोगों का कानून के राज में विश्वास लौटेगा और उनकी हिम्मत बंधेगी। यौन प्रताड़ना के 11 मामले सीबीआई को सौंपने के निर्णय पर भी सर्वोच्च अदालत ने मुहर लगाई लेकिन यह भी निर्देश दिये हैं कि इसके लिये हिन्दी भाषी राज्यों से प्रतिनियुक्ति पर उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी लाए जायें जो जांच की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही जिन मामलों को सीबीआई को नहीं सौंपा गया है उनकी जांच 42 विशेष जांच टीमें (एसआईटी) करेंगी। एक छोटे से राज्य में इतनी बड़ी संख्या में एसआईटी का गठन हिंसा की विभीषिका और दायरा बतलाने के लिये काफी है।

दूसरी तरफ मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न रोकने में मिली विफलता के आधार पर ही लोकसभा में मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरु हुई जो गुरुवार तक जारी रहेगी और उसका समापन प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के साथ होगा। देखना तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अलावा मोदी मणिपुर की जनता को न्याय दिलाने के लिये किन उपायों की घोषणा करते हैं; या ऐसा तो नहीं कि वे अब तक के अपने ट्रैक रिकार्ड को कायम रखते हुए इस बेहद संवेदनशील मामले का भी राजनीतिकरण कर उन सभी को निराश करते हैं जो भाजपा की हिंसक व विभाजनकारी नीति के चलते पीड़ा झेल रही मणिपुर की अवाम की तरह ही व्यथित हैं।

# 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में

■ अरुण कुमार डनायक

जब महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ों' का आह्वान किया था तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना चाहिए। देश में हिन्दू-मुस्लिम तनाव चरम पर था। 'मुस्लिम लीग' ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था, 'दो राष्ट्र के सिद्धांत' से सहमत था और 'द्वितीय विश्वयुद्ध' में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों- सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था।

अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में 'द्वितीय विश्वयुद्ध' के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर देश को युद्ध में शामिल कर दिया था। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। इस पर वायसराय ने गोल-मोल जवाब दिया। कांग्रेस कार्यसमिति इससे संतुष्ट नहीं थी, फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया।

युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे 'मित्र राष्ट्रों' के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर, गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेजी हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था, पर वह सरकार का विरोध करने के मूड में भी नहीं थी।

कांग्रेस और गांधीजी में 'असहयोग आंदोलन' शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध, अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुन: गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ्तारी 'प्रथम सत्याग्रही' के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया, पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध-भूमि में जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत, खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत-नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वार्ताकारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को 'क्रिप्स मिशन' के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमें भारतीयों को तत्काल उत्तरदायित्व सौंपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने 'क्रिप्स मिशन' को 'दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक' कहा था।

> यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा।

जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी। सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था। गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से त्रस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएं, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला कर लेगी।

ऐसी परिस्थितियों में एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन की मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 7 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुन: पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे 'अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएं' की मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत 'मित्र राष्ट्रों' की सहानुभूति खो देगा।

गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी हठधर्मी का, जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंतत: कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधी का 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेवाग्राम में पारित प्रस्ताव के अनुरूप सात व आठ अगस्त को मुंबई में कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महासमिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने, एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने, विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी। गांधीजी ने जनता से 'करो या मरो' का आह्वान किया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए।

'भारत छोड़ो आन्दोलन' को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नेताओं की गिरफ्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी, देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया।

जनता भी नेतृत्वविहीन होने के बावजूद आंदोलन को सक्रियता से चला रही थी। अहिंसक सत्याग्रहियों पर पुलिस ने बहुत जुल्म ढाए, जेल में बंदकर उन्हें यातनाएं दी गई, स्त्रियों के साथ बलात्कार किए गए। महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की जेल में मृत्यु हो गई। भारत मंत्री ने स्वीकार किया कि चार माह के अंदर ही हजार से ऊपर व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार हुए, लगभग चार हजार लोग पुलिस की मार से गंभीर रूप से घायल हुए।

पुलिस के आतंक ने प्रतिहिंसा को जन्म दिया। बड़े कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तार हो जाने और पुलिसिया आतंक के बावजूद यह आंदोलन डेढ़ वर्ष तक चलता रहा। भारत छोड़ो आन्दोलन अपने मूल लक्ष्य भारत से ब्रिटिश शासन की समाप्ति को तात्कालिक रूप से प्राप्त नहीं कर सका, लेकिन इस आन्दोलन ने भारत की जनता में एक ऐसी अपूर्व जागृति उत्पन्न कर दी जिससे ब्रिटेन के लिए भारत पर लम्बे समय तक शासन कर सकना सम्भव नहीं रहा।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा। इस प्रकार यह निश्चित तथ्य है कि भारत छोड़ो आन्दोलन ने भारतीय स्वतन्त्रता के लिए पृष्ठभूमि तैयार की।

**(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

# बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी की जो नई राष्ट्रीय कार्यकारणी घोषित की है, उसमें एक जाने माने पसमांदा मुसलमान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को तेरह उपाध्यक्षों में से एक नियुक्त किया गया है। भाजपा की केरल इकाई के एक नेता पी. अब्दुल कुट्टी, जो पिछली कार्यकारिणी के सदस्य थे, को भी पुनर्नियुक्ति दी गई है। इस समय भाजपा का फोकस राष्ट्रीय स्तर पर पसमांदा मुसलमानों को महत्व देने पर है। पसमांदा सबसे पिछड़े मुसलमान है, जिनमें से अधिकांश दलित या ओबीसी हैं। वे समाज और मुस्लिम समुदाय में सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से सबसे निचले पायदान पर हैं।

भाजपा अलग-अलग दौर में मुसलमानों के विशिष्ट तबकों में अपनी पैठ बनाने का प्रयास करती रही है। इस समय, पार्टी का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है परन्तु पूर्व में उसने मुसलमानों को राज्यपाल (सिकंदर बख्त) और केंद्रीय मंत्री (शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी) नियुक्त किया है। मोदी हाल में एक बोहरा मस्जिद में पहुंचे जहां उन्होंने घोषणा की कि बोहरा उनकी परिवार का हिस्सा हैं। वे समय-समय पर अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भी चढ़ाते रहे हैं।



राम पुनियानी

> किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है।

पिछले कुछ समय से भाजपा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने में लगी हुई है। इस साल, उत्तर प्रदेश में स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में उसने कुछ पसमांदा मुसलमानों को अपना प्रत्याशी बनाया था और उनमें से कुछ चुनाव जीते भी हैं। सन् 2022 की जुलाई में भाजपा की एक अहम बैठक हैदराबाद में हुई थी। उसमें मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे पसमांदा मुसलमानों में अपनी पैठ बनाएं। उन्होंने यह भी कहा था कि मुस्लिम समुदाय एकसार नहीं है और पसमांदा, मुसलमानों का पिछड़ा तबका है। तभी से पसमांदा मुसलमानों को पार्टी की छतरी तले लाने के प्रयास चल रहे हैं।

भाजपा इस समुदाय को लुभाने के लिए यह कह रही है कि मोदी की नीतियां किसी धर्म के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करतीं और पसमांदा मुसलमान भी मोदी सरकार की 'विकास योजनाओं' के उतने ही 'लाभार्थी' हैं जितने अन्य समुदाय। इस बीच कई जाने माने मुसलमानों, जिनमें पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी, जनरल ज़मीरुद्दीन शाह, शाहिद सिद्दिकी और सईद शेरवानी शामिल थे, ने आरएसएस मुखिया मोहन भागवत को एक चिट्ठी लिखकर उनसे 'मेलमिलाप संवाद' के लिए समय मांगा। एक महीने के इंतजार के बाद उन्हें संघ प्रमुख के दरबार में आने की इज़ाजत मिली।

इन प्रमुख मुसलमानों ने भागवत से 'मुस्लिम समुदाय के प्रति बढ़ती नफरत' और उनके साथ 'बुलडोज़र न्याय' पर बात की। यह भी कहा कि मुसलमानों को जिहादी और पाकिस्तानी कहा जाता है। भागवत का जवाब था कि हिन्दू भी गौहत्या और उन्हें काफिर कहे जाने से आहत महसूस करते हैं। इस 'संवाद' के बाद, आरएसएस के प्रमुख नेताओं, जिनमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुखिया इन्द्रेश कुमार, कृष्ण गोपाल और रामलाल शामिल थे, ने 22 सितम्बर 2022 को आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के मुख्य इमाम उमर अहमद इल्यासी से मुलाकात की। इल्यासी ने उम्मीद जाहिर की कि इस बातचीत से सांप्रदायिक सौहार्द्र में वृद्धि होगी।

इन संवादों का भारतीय राजनीति पर क्या असर पड़ा है? यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय राजनीति की दशा और दिशा मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रभावित करती है। संघ परिवार के कई लेखक जिनमें राम माधव और पूर्व भाजपा नेता सुधीन्द्र कुलकर्णी शामिल है, ने सितम्बर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में भागवत के तीन व्याख्यानों के बाद तर्क दिया था कि आरएसएस बदल रहा है। भागवत ने कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है, मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अधूरा है आदि, आदि।

सच क्या है? सच यह है कि किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है वरन ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। ऐसा क्यों है कि बीफ को हिंदी पट्टी में तो मुद्दा बनाया जा रहा है पर केरल, पूर्वोत्तर और गोवा में नहीं? ऐसा क्यों है कि किरण रिजुजू जैसे नेता खुलकर कहते हैं कि बीफ उनके खानपान का हिस्सा है? और ऐसा क्यों है कि अटलबिहारी वाजपेयी जैसे शीर्ष नेता बीफ खा सकते हैं?

सच यह है कि नफरत की राजनीति के सबसे बड़े शिकार पसमांदा ही हैं। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ नफरत संघ की शाखाओं और शिशु मंदिरों और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाई जा रही है। नफरत से हिंसा फैलती है, हिंसा से ध्रुवीकरण होता है और ध्रुवीकरण के कारण मुसलमान अपने-अपने मोहल्लों में सिमटते जा रहे हैं। पसमांदा मुसलमान साम्प्रदायिक हिंसा से सबसे अधिक पीड़ित हैं।

पिछले कुछ समय से बुलडोजर भी न्याय करने लगे हैं। संघ और भाजपा के प्रवक्ता कहते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कानून के मुताबिक है। जाहिर है कि यह सच नहीं है। इसके अलावा संघ का शीर्षतम नेतृत्व यह प्रचार कर रहा है कि मुसलमान बहुसंख्यक बन जाएंगे। हम सबको याद है कि कुरैशी ने अपनी पुस्तक 'पापुलेशन मिथ' मोहन भागवत को भेंट की थी। इसमें इस मिथक को तर्कसंगत ढंग से गलत सिद्ध किया गया। कुछ समय पहले भागवत ने भी अपरोक्ष रूप से यह कहा था कि देश की मुस्लिम आबादी अन्य समुदायों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है।

नफरत फैलाने के नए-नए तरीके ढूंढ़े जा रहे हैं। कोरोना जेहाद की बातें हुई हैं और अब टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए भी मुसलमानों को दोषी ठहराया जा रहा है। कुछ समय पहले हमें बताया गया कि मुस्लिम महिलाओं के साथ न्याय करने के लिए यूसीसी लागू की जाएगी। मजे की बात यह है कि यूसीसी का पहला मसविदा भी तैयार नहीं है। इसके पहले एनआरसी और सीएए के नाम पर मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास हुए थे। इसके विरोध में मुस्लिम महिलाएं सड़कों पर उतर आईं थीं और शाहीन बाग पर ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

इस बीच हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच की खाई को गहरा करने वाली कई फिल्में रिलीज हुई हैं जिनमें कश्मीर फाईल्स, केरला स्टोरी और 72 हूरें शामिल हैं। सरसंघचालक से लेकर प्रधानमंत्री तक ने इन फिल्मों की तारीफ की और भाजपा नेताओं ने थोक में इनके टिकट खरीदकर लोगों को दिखाईं ताकि नफरत के जहर को ज्यादा से ज्यादा फैलाया जा सके।

कुल मिलाकर संघ का मूल चरित्र वही है जो पिछले सौ सालों से रहा है। भाषा और शब्द बदल गए हैं परंतु हिन्दू राज का एजेंडा वही है। पसमांदा मुसलमानों को केवल चुनावों में लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मुसलमानों को बांटने की रणनीति का हिस्सा भी है। सच यह है कि चाहे पसमांदा हो या अशरफ-सभी मुसलमान संघ और भाजपा की नीतियों के शिकार बन रहे हैं। पसमांदा मुसलमानों के प्रति सहानुभूति का प्रदर्शन एक नए प्रहसन से ज्यादा कुछ नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

## शांति दिवस

# मानवता के इतिहास में काला दिवस नागासाकी दिवस

9 अगस्त नागासाकी में परमाणु विस्फोट विश्व के इतिहास में 6 और 9 अगस्त 1945 का यह दिवस ऐतिहासिक रूप से मानवता के कलंक के रूप में हर वर्ष इन दोनों शहरों में परमाणु बमबारी की वर्षगांठ का प्रतीक है। नागासाकी दिवस शांति दिवस के रूप में पीड़ितों को याद करने विश्व शांति को बढ़ावा देने और अधिक युद्धों से बचने तथा परमाणु हथियारों की विनाशकारी क्षमता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है। यह नागासाकी दिवस मनाना बमबारी के पीड़ितों और बच्चे लोगों के प्रति सम्मान दिखाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह हमें इतिहास से सीखने में सदैव सजग रखता है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी याद किया जाता है कि ऐसी नागासाकी में 74 हजार तथा हिरोशिमा में 1,70 हजार लोगों की मौत की फिर पुनरावृत्ति न हो। अमेरिका ने पहले युद्ध में हिरोशिमा में लिटिल बॉय नमक बम से लाखों लोगों की जान ली थी इसके पश्चात 9 अगस्त को फिर नागासाकी में फैट मेंन नामक परमाणु बम विस्फोट कर 74000 लोगों की जान ले ली थी। निस्संदेह 9 अगस्त नागासाकी दिवस इतिहास के काले पन्नों पर लिखा जाएगा। मनुष्य जाति इतनी बर्बर भी हो सकती है? इसका यह एक वीभस्त उदाहरण है। 6 और 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहर में परमाणु बम गिरकर मानवता के मध्य हैवानियत मचा दी थी। 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमला किया था इस हमले से दोनों ही शहर पूरी तरह बर्बाद हो गए।

इस बम विस्फोट के बाद भी परमाणु हथियारों के विकिरण से फैली बीमारियों से लोगों की लगातार मौतें होती रही और पूरा विश्व देखता रहा, बम विस्फोट का असर जापान में कई वर्षों तक रहा। इसके बाद 15 अगस्त को जापान की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था फलस्वरुप द्वितीय युद्ध समाप्त हो गया था। लेकिन युद्ध के बाद की विभीषिका को याद करके मानव जाति अभी सिसकती कराहती रही है। 2 सितंबर 1945 को जापान की सेना के आत्मसमर्पण के बाद औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह मानवता के लिए सर्वाधिक काला दिवस ही रहा होगा। आज भी नागासाकी, हिरोशिमा में तबाही के निशान मिलते हैं। 78 साल बाद भी पैदा हुए बच्चों समेत कई लोगों में परमाणु बम विस्फोट के रेडिएशन का असर दिखाई देता है। पैदा होने वाले बच्चों में कहीं ना कहीं कोई कमी रह जाती है जिसका खामियाजा वह लोग पूरी जिंदगी उठाते हैं। वर्तमान में भी पूर्व विश्व विश्वयुद्ध की कगार पर खड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बहुत बड़ा और ताजा उदाहरण है। ताजा ताजा घटना को ही ले लिया जाए तो रूस यूक्रेन और उत्तर कोरिया की गुप्त परमाणु संधि इस परमाणु युद्ध की ओर इशारा करती है। यह तीनों देश यूक्रेन, अमेरिका तथा नाटो देश के लिए परमाणु हथियारों के लिए कमर कस रहे यह विभीषिका कभी भी सिर उठाकर वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है।

एनोला गे नामक एक अमेरिकी युद्ध विमान से परमाणु कोड वाले बम बैटमैन को गिराया गया था जबकि नागासाकी में लिटिल मेंन नामक प्लूटोनियम बम बरसाया गया था। तब 40 सेकंड के बाद जमीन से करीबन 1550 फीट की ऊंचाई पर यह बम फटा जिसके फलस्वरूप 1 हजार से ज्यादा डिग्री सेल्सियस की उष्मा उत्पन्न हुई और इसी बम से लाखों लोगों की मौत हो गई थी।

जापान एक शांतिवादी और बगैर परमाणु वाला देश बन गया। उसके बाद रूस ,चीन, पाकिस्तान, भारत एवं अन्य देशों ने परमाणु शक्तिसंपन्न बनने का प्रयास शुरू कर दिया था। भारत द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न होना शांति तथा आत्म रक्षार्थ हेतु बनाना बताया गया है। एकमात्र भारतीय ही ऐसा देश है जो शांति का संदेश लेकर पूरी दुनिया में लोगों से संपर्क कर शांति और समझौते की बात कर रहा है। नागासाकी तथा हिरोशिमा में मृत नागरिकों को विनम्र नमन श्रद्धांजलि। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में फिर से नागासाकी तथा हिरोशिमा जैसी मानवीय संवेदना को कलंकित करने वाली घटनाएं न हो।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# वृद्धाश्रमों का बढ़ता चलन चिंताजनक

भारत भूमि के संस्कारों ने हमेशा बड़े बुजुर्गों को सम्मान दिलाया है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि बड़ों की इज्जत करो और उनका कहना मानो। वृद्धावस्था में अपने मां-बाप की सेवा तथा उनकी खुशियों को पूरा करना संतान का दायित्व है। किसी अच्छे कार्य को करने से पहले या घर से बाहर सफर करने से पहले बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना हमारी परंपरा रही है। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है क्योंकि आज बहुत सारी संतानें अपने बूढ़े मां-बाप को अपने साथ घर में रखने की जगह वृद्धाश्रम भेज रहे हैं। हालांकि भारतीय समाज में तो इस कुरीति की हमेशा निंदा की गई है।

आजकल के समय में लोग अपने आपको इतना व्यस्त बता रहे हैं कि उनके पास अपने बूढ़े मां-बाप के लिए भी समय मौजूद नहीं रह गया है। इसी भागदौड़ भरी जिंदगी में वह अपने फैसले भी खुद लेने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। जिसके चलते वृद्ध माता-पिता से लोग बिना सलाह लिए काम करते हैं इससे आपसी रिश्तों पर बुरा असर पड़ रहा है। रिश्तों में खटास पैदा होने लगी है। रिश्ते दिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। आज़ादी के नाम पर मां-बाप के साथ रहना बुरा लगने लगा है। प्राइवेसी और 'मेरी लाइफ' के नाम पर माता-पिता उन्हीं बच्चों की आंखों में खटकने लगते हैं जो कभी उनकी आंखों का तारा हुआ करते थे। धीरे-धीरे रिश्ते इतने कमजोर हो जाते हैं कि लोगों को इस समस्या का समाधान केवल वृद्धाश्रम लगने लगता है और फिर बच्चे अपने वृद्ध मां-बाप को उनके ही घर से निकाल कर वृद्ध आश्रम में छोड़ आते हैं।

कुछ तो ऐसे वृद्ध होते हैं जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया है। इनका वृद्धाश्रम में पहुंचना तो फिर भी समझ में आता है परंतु कुछ ऐसे वृद्ध माता-पिता भी होते हैं, जिनके उनके अपने बच्चों द्वारा ही उन्हें वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया जाता है और फिर कई साल गुजर जाने के बाद भी उन बच्चों द्वारा अपने बूढ़े माता-पिता की कोई सुध नहीं ली जाती है। यह हालात देश के किसी एक राज्य या जिला की नहीं है बल्कि देश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहां वृद्ध माता-पिता को ऐसी परिस्थिति से गुज़रना नहीं पड़ता है। बात चाहे दिल्ली या मुंबई जैसे महानगर हों या पटना और नागपुर जैसे मध्यम दर्जे के शहर, ऐसे वृद्धाश्रम हर कहीं खुल गए हैं।

यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड पापुलेशन एजिंग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में भारत में वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। वर्तमान में, भारत में बुजुर्गों की संख्या कुल आबादी का 8 प्रतिशत है जो वर्ष 2050 में बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। ऐसे में क्या इन आंकड़ों से यह अनुमान लगाया जाए कि जब बुजुर्गों की तादाद बढ़ेगी तो वृद्धाश्रम की संख्या भी बढ़ेगी। क्योंकि मौजूदा समय में देश की करीब 250 जिलों में करीब 400 वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं परंतु चाहे वृद्धों की संख्या कितनी भी बढ़े, एक बात तो साफ है कि वृद्ध व्यक्ति समाज के लिए संपत्ति की तरह हैं, बोझ की तरह नहीं और इस संपत्ति का लाभ उठाने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि उन्हें वृद्धाश्रमों की बजाय मुख्यधारा में आत्मसात किया जाए ताकि समाज और नई पीढ़ी उनके अनुभवों का लाभ उठा सके।

**हरीश कुमार, पुंछ जम्मू**

# संत समरसता यात्रा को लेकर लोगों में अपार उत्साह : डा. जामदार

## महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज और परमपूज्य छिपेश्वर महाराज, विधायक अशोक रोहाणी ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया





**जबलपुर, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार ने बताया कि समरसता यात्रा प्रदेश में पांच स्थानों से प्रारंभ हुई है। 12 अगस्त को सभी यात्राओं का समापन सागर जिले के बड़तूमा गांव में होगा। समरसता यात्रा में गांव-गांव से मिट्टी और जल का संग्रहण किया जा रहा है। इस मिट्टी और जल को संत रविदास मंदिर निर्माण स्थल में समाहित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 100 करोड़ की लागत से संत रविदास जी के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। मंदिर स्थल में संत रविदास की जीवनी पर आधारित संग्रहालय का निर्माण किया जायेगा। एक कलाविथिका, एक पवित्र धाम और एक समरसता कुंड भी बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि समरसता यात्रा को लेकर लोगों में अपार उत्साह है, इस यात्रा में वे बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे है। उपाध्यक्ष डॉ.जामदार मंगलवार को जबलपुर में संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण हेतु निकाली गई समरसता यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समरसता रैली में विधायक श्री अशोक रोहाणी,पूर्व विधायक अंचल सोनकर, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज जी, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, परमपूज्य छिपेश्वर महाराज, संत शंकर शिरोमणि गोपीनाथ जी, हरिदास महाराज, समरसता यात्रा के संभागीय प्रभारी प्रवीण मेश्राम, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक रवि बर्मन, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, जबलपुर नगर के यात्रा प्रभारी राजेश मिश्रा सहित विशाल जन समुदाय उपस्थित था।

संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिये निकाली गई समरसता यात्रा मंगलवार को घमापुर से प्रारंभ हुई। संत रविदास जी के चरण-पादुका का पूजन कर समरसता यात्रा रवाना हुई। समरसता यात्रा का बड़ी खेरमाई, दुर्गा चौक, मथुरा की बाड़ी, चुंगी चौक, कांचघर, सिंधी केंप से सिद्ध बाबा, शंकर मंदिर, झामनदास से बब्बादेवी, शीतलामाई, राम मंदिर, सतपुता, गोकलपुर, रांझी, बापू नगर, आमनाला, सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा पत्थर में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का स्थान-स्थान पर स्टॉल लगाकर भव्य स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा कर जय-जयकार के नारे लगाये गये। महिलाअें के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति,भजन व लोक गीत गाकर नृत्यों की प्रस्तुति दी।

विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज में सदभावना कायम करने का काम किया। संत रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में समरसता यात्रा निकाली गई है। उन्होंने उपस्थित समुदाय को समरसता यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने को कहा। महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज ने भी जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। परमपूज्य छिपेश्वर महाराज ने कहा कि संत रविदास ने हमें समरसता का संदेश दिया है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, कैलाश जाटव, संदीप जैन आदि पार्टी के नेता शामिल रहे।

# डिप्टी कलेक्टर के इस्तीफे पर लो निर्णय, हाइकोर्ट ने दी 60 दिन की मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बैतूल की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के आधार पर निर्णय लें। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने शासन को इसके लिए 30 दिन की मोहलत दी है।

छतरपुर के लवकुश नगर में एसडीएम के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर बांगरे ने सरकार से संतान पालन के लिए अवकाश लिया था। इस दौरान आमला में अपने नवनिर्मित घर के गृहप्रवेश कार्यक्रम और सर्वधर्म शांति सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्होंने अनुमति मांगी थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें अनुमति नहीं दी जिससे नाराज होकर उन्होंने 22 जून 23 को सामान्य प्रशासन विभाग को अपना इस्तीफा भेज दिया था। निशा बांगरे की ओर से अधिवक्ता वरूण तन्खा ने पक्ष रखा। निशा बांगरे की ओर से रखे गए पक्ष में बताया गया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 24 जनवरी 1973 को पारित मेमो के अंतर्गत सरकार को अधिकारी का इस्तीफे पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए। यदि अधिकारी के विरुद्ध कोई जांच भी लंबित हो तो उसे भी समाप्त कर देना चाहिए।

# मंडल कमीशन का विरोध, संगठनों ने मोर्चा खोला




**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय आरक्षण विरोध संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सवर्ण उत्थान समिति के नेतृत्व में समान विचारधारा संगठनों ने मंडल कमीशन लागू किए जाने एवं आरक्षण के विरोध में गोरखपुर संभाग में प्रदर्शन प्रदर्शन किया। सर्व ब्राह्मण सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, अध्यक्ष अवधेश मिश्रा सुधाकर तिवारी, संयुक्त मोर्चा प्रभारी पंडित रावेंद्र तिवारी, इस अवसर पर अवधेश मिश्रा ने बताया आरक्षित 131 लोकसभा सीट ढाई सौ विधानसभा सीट सामान्य किया जाना चाहिए, ऐसी एसटी एक्ट घातक कानून है सवर्ण सत्ता पक्षसांसद दलित सांसद श्रवण समाज के विरुद्ध कानून बनाते हैं सामान्य सांसद तालियां बजाते हर 10 वर्ष बाद आरक्षण बढ़ा दिया जाता है जबकि आरक्षण बनाते समय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 10 वर्ष के ही लिए आरक्षण देने की बात कही के देश के 60 करोड़ लोग आज भी आरक्षण के कारण अपनी योग्यता अनुसार देश में अपना अस्तित्व सुन हो गया है स सिटी एक्ट को तत्काल समाप्त किया जाए धर्मगत आयोग को खत्म किया जाना चाहिए सामान्य आयोग का गठन तत्काल किया जाना चाहिए उपस्थित राधा कृष्ण उपाध्याय विजय शंकर दुबे मंदार दुबे राम आशीष त्रिपाठी सर्व देव शुक्ला मृत्युंजय मालवी विजय नारायण मिश्रा ज्ञापन सौंपकर 8 सूत्री मांग राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया जब सब एक हैं तब आरक्षण क्यों जब हम सब एक हैं अलग-अलग कानून क्यों जातिगत आधार पर देश को ना बांटा जाए।

# कलेक्टर ने आठ आदतन अपराधियों का किया जिला बदर

## दो अपराधियों को सप्ताह में एक दिन थाने में हाजिरी देने के आदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के अलग-अलग प्रकरणों में आदेश पारित कर आठ आदतन अपराधियों का जिला बदर कर दिया है तथा दो अपराधियों को सप्तायह में एक दिन थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई इस कार्यवाही में जिले से निष्कासित किये गये अपराधियों को 48 घंटे के भीतर जबलपुर सहित सीमावर्ती जिलों मण्डगला, डिण्डौनरी, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, दमोह एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने के आदेश भी दिये गये हैं। जिन आठ अपराधियों का जिला बदर किया गया है, उनके एमजीएम स्कूल के पीछे महावीर कॉलोनी थाना गोरखपुर निवासी रित्विक पाण्डे उम्र 22 वर्ष को एक वर्ष की कालावधि के लिये जिले से निष्काासित किया है। इसी प्रकार बड़ी मदार टेकरी थाना हनुमानताल निवासी हसन अंसारी उर्फ शाहरूख उम्र 27 वर्ष को छह माह, अवतार कॉम्प्गलेक्स थाना गोरखपुर निवासी 33 वर्षीय गुन्ताीश सिंह उर्फ चुच्चु को एक वर्ष, राजीव गांधी नगर कटंगा थाना केंट निवासी 24 वर्षीय सुमित ठाकुर उर्फ काले को एक वर्ष, हनुमान होटल शिवशक्ति मंदिर के पास थाना घमापुर निवासी 33 वर्षीय राहुल बिरहा को छह माह, खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका थाना कोतवाली निवासी 30 वर्षीय राहुल अहिरवार को एक वर्ष, कृष्णाा कॉलोनी के सामने थाना घमापुर निवासी 42 वर्षीय आशीष पटैल को एक वर्ष तथा वार्ड नम्बपर एक शहपुरा थाना शहपुरा निवासी ऋषभ सिंह राजपूत को छह माह के लिए जिले से निष्काषित किया गया है।

जिन दो अपराधियों को थाने में सप्ता्ह में एक दिन हाजिरी दर्ज कराने के आदेश दिये गये है। उनमें नया मोहल्ला थाना ओमती निवासी अजहर खान उम्र 32 वर्ष को छह माह तक प्रत्येक बुधवार को तथा बिछैल तिराहा बल्दी कोरी की दफाई थाना घमापुर निवासी शैलेष उर्फ डिम्पी उम्र 30 वर्ष को एक वर्ष तक प्रत्येतक बुधवार को थाने में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

# कलेक्टर ने की सभी पात्र व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जिले के सभी मतदाताओं से अपने मतदान केंद्र पर जाकर प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन करने तथा पात्र व्यक्तियों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का अपील की है। कलेक्टर श्री सुमन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दो अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है तथा सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटाने और संशोधन कराने के लिये दावे-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने अपनी अपील में मतदाताओं से कहा कि वे एक बार अपने मतदान केंद्र जाकर यह जरूर देखें कि प्रारूप मतदाता सूची में उसका नाम है या नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची में यदि किसी मतदाता को अपना नाम दिखाई नहीं देता है तो वह नाम जुड़वाने फार्म-6 में बीएलओ को आवेदन दे सकता है। इसी प्रकार यदि कोई मतदाता अपने नाम में सुधार या पते में संशोधन कराना चाहता है अथवा किसी अन्य स्थान पर अपना नाम जुड़वाना या स्थानांतरित कराना चाहता है तो फार्म-8 में अपना आवेदन दे सकता है। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र सभी व्यक्तियों खास तौर पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का आग्रह भी किया है।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध में नेशनल हाईवे में प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध में राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद द्वारा घोषित 7 अगस्त भारत बंद आंदोलन के अंतिम चरण में 30 हाई वे जाम किया गयाक्ष जिससे खजरी खिरिया बायपास से भेड़ाघाट बायपास तक लम्बा जाम लग गया।

,यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता), वन संरक्षण संशोधन अधिनयम 2023 के विरोध ने नेशन,मणिपुर राज्य लगातार हो रही कुकी आदिवासियों पर हो रही हिंसा एवं बलात्कार भारत में लगातार हो रहे आदिवासियों के विस्थापन , आरएसएस द्वारा डिलिस्टिंग करवाकर आदिवासियों के विभाजन के साथ जबरन हिंदू बनाने के षड्यंत्र,जड़मूल से रहने वाले आदिवासियों के गांवों को रेवेन्यू विलेज यानी राजस्व ग्राम का दर्जा आजादी के 75 वर्षों के बाद भी प्रदान नही किया गया है एक सु नियोजित षड्यंत्र अतिक्रमण के नाम पर जंगली क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों को वन विभाग के द्वारा लगातार विस्थापित किया जा रहा। विरोध में व अन्य 22 मांगों को लेकर सभी आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं से ओबीसी एसटी एससी एवं माइनोरिटी के संविधान वादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया मान सिंह टेकाम जिला प्रभारी प्रभु पेंद्रो, नारायण उईके मंगल गोंड , भोले मदधू (गढ़ा) मरावी, किशोरी पेंद्रो , देव इरकिरा राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद,इंजीनियर प्रवीण गजभिए बहुजन क्रांति मोर्चा, रामराज पटेल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा , विनय भगत , छोटे भाई कुर्मी , सुखराम लोधी ,विजय लोधी , संजेश यादव, रमन पटेल देवकरण कुशवाहा लायर्स फोरम से एड त्रिलोक सोनकर एड रवि भगत आदि के साथ अरविंद बिरहा राकेश नेताम , राम पेंड्रा ,राजेश धुर्वे , सूरज टेकाम, रोहित, दीपक, राजकुमार पेंड्रा, शिव प्रजापति, दोजीलाल प्रजापति , आर के महाजन, मंजीत चढ़ार, चंद्र विकास कुर्मी, मोहित पटेल, गिरिश मराठा, द्वारा 2 घंटे तक जाम कर ज्ञापन दिया गया।

# जबलपुर-नरसिंहपुर फोरलेन मार्ग के निर्माण के लिए 756 करोड़ रुपए का बजट आवंटित



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में जल्दी ही 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इन राजमार्गों निर्माण 7250 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क निरंतर बढ़ रहा है। भोपाल शहर में वीआईपी रोड के विकल्प के रूप में आठ-लेन एलीवेटेड कॉरीडोर पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण की तैयारियां चल रही हैं। इस पर 3156 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबलपुर-नरसिंहपुर फ़ोरलेन मार्ग के निर्माण के लिए 756 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध कराया गया है। नर्मदापुरम-पिपरिया फोरलेन मार्ग के निर्माण पर 840 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32 हजार 953 करोड़ रुपए की लागत से 16 हजार 510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2003 मे सिर्फ 328 किमी राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे, जो वर्ष 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किमी हो गये हैं। पहले एक भी राज्य राजमार्ग 4 लेन नहीं था। आज 376 किमी राज्य राजमार्ग 4 लेन बन गये है।

राज्य राजमार्गो का नेटवर्क बढ़ने से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुँच बेहतर हुई है। छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है और किसान का सीधा संपर्क बड़े बाजारों/मंडियों से हो गया है। विकास के नये पथ राष्ट्रीय राजमार्गों में अटल प्रगति पथ के निर्माण की कार्यवाई शुरू हो गई है। इस पर 12 हजार 227 करोड़ की लागत आयेगी। नर्मदा प्रगति पथ में 147 किमी के बाड़ी-बुधनी-नसरुल्लागंज-संदलपुर फोर लेन मार्ग निर्माण के लिये 2388 करोड़ का प्रावधान है।

अभी 500 किमी मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है और शेष 223 किमी पर निर्माण चल रहा है। विंध्य एक्स्प्रेस-वे में भोपाल से सिंगरौली तक 676 किमी लंबे मार्ग को 4 लेन किया जा रहा है। इसकी लागत 3800 करोड़ रूपये है। भोपाल से सागर तक 190 किमी 4 लेन मार्ग के निर्माण के लिए 2516 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

# मुख्यंमंत्री श्री चौहान का आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यरमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बुधवार 9 अगस्त की दोपहर 12.55 बरेली से हेलीकॉप्टभर द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री चौहान यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 2.15 बजे जबलपुर से हेलीकॉप्टपर द्वारा जतेरी रोड जिला अनूपपुर प्रस्थाान करेंगे।



# शरद यादव जी की प्रतिमा लगाने् चौराहे का नामकरण करने महापौर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर की कर्म भूमि मानकर शहर के विकास की अनेक योजनायें जबलपुर गोंदिया ब्राडगेज रेलवे जोनल आफिस, बरगी डेम, एवं नहरों का विकास त्रिपल आईडी डुमना हवाई अडडे का विकास, एफसीआई का जोनल आफिस भेड़ाघाट तक सौन्द्रीकरण हाथकरधा पावरलूम, नर्मदा ललपुर पेय जल योजना एवं जबलपुर से दिल्ली के लिए अनेकों ट्रेन की शुरूआत करने, जबलपुर की डिफेन्स फैक्ट्री को बचाने असंगठित मजदूरों की श्रमिक कार्ड योजना, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए सस्ते अनाज की योजना, पिछड़े वर्ग के लिए उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ कर मंडल आयोग सिफारिश लागू करना है। इस मौके पर घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, रामरतन यादव, राम कुमारपटेल, हरिशंकर विश्वकर्मा, देवेन्द्र यादव, वृन्दावन वर्मा, इन्द्र कुमार पटेल, नौखेलाल प्रज्ञा, सीताराम पटेल, इन्द्र कुमार कुलस्ते, टीकाराम कोष्टा, एड राजेन्द्र गुप्ता, डॉ मुस्ताक मंसूरी, भगवान दास पटेल, मोतीलाल अहिरवार, जगदीश नन्हेट, अलीम मंसूरी, रमेश बोहित, एड मनोज चौधरी, धनश्याम चक्रवर्ती, विष्णु मलिक, रमेश रजक, मुरारीलाल चक्रवर्ती, अश्वनी जायसवाल, नरेश पोर्ते, रामरतन पारस, शिव चौधरी, राजू विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार चौधरी, डॉ दयाल चंद यादव, सुरेन्द्र यादव, बाल कृष्ण उइके, देवकरण पटेल, शिव मास्टर, एड ओपी यादव, सतीश यादव, सुंदर बाबा, अनीता ठाकुर, शरद श्रीवास, राज रावत, बालकिशन दाहिया, नरेश बारी आदि नेता उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेजों में विभागाध्यक्षों को रोटेशन करना अव्यवहारिक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेजों में विभागाध्यक्षों का रोटेशन करना पूर्णत: अव्यवहारिक है यह नेशनल मेडिकल कमीशन के रेग्युलेशन के खिलाफ है इस रोटेशन प्रथा से चिकित्सा, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा प्रशासन पर दूरगामी विपरीत परिणाम होंगे अत: चिकित्सा शिक्षा विभाग के उपसचिव केके दुबे द्वारा 5 अगस्त को जारी प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष के पद पर रोटेशन करने का आदेश गलत है इसे वापिस लिया जाये। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने आज प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजी है। डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि यह आदेश राष्ट्रीय आर्यविज्ञान आयोग की अधिसूचना 23(1)/2021 जिसे राजपत्र में 14 फरवरी 2022 को प्रकाशित किया है, उसके क्लॉज 3.10 के खिलाफ है विभागाध्यक्ष पर विभाग के प्रशासन का पूरा जिम्मा होता है यह पद न केवल शैक्षणिक बल्कि प्रशासनिक पद भी है अत: क्लॉज 3.10 में स्पष्ट निर्देश है कि प्रशासनिक पद पर केवल वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना होनी चाहिए। पूर्व में अनेकों जनरल यूनिवर्सिटी के विभागाध्यक्षों के रोटेशन की प्रथा जारी की गई थी वह पूर्णत: फैल हुई अत: अनेकों जनरल विश्वविद्यालय में इसे वापिस लिया गया है।

**अनुभव को नकारा नही जा सकता** - मंच के रजत भार्गव, डॉ एबी श्रीवास्तव ने बताया कि मानव तथा पशु चिकित्सा में अनुभव का भारी महत्व होता है अत: वरिष्ठी एवं अनुभवी व्यक्ति को रोटेट करना यह उन पर मानसिक आघात होगा।

# कीटनाशकों से भरी बोतलों की जांच जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर विकासखंड के ग्राम कंदराखेड़ा में किसान कल्यांण एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के दल द्वारा मयंक खत्री के गोदाम पर विगत दिवस की गई जांच की कार्यवाही के दौरान कृषि उपयोगी उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज पैकिंग हेतु प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री रैपर, बोतल आदि तथा प्रतिष्ठित कंपनी सिजेंटा, वायर, एफ.एम.सी., यू.पी.एल. आदि की कीटनाशक दवाओं की बैच नंबर अंकित पाई गई भरी हुई बोतलों की जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में विकासखंड पाटन में डॉ. इंदिरा त्रिपाठी अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं श्रीकांत यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा राहुल कृषि केंद्र, गणेश फर्टिलाईजर, भरत फर्टिलाईजर एवं विभिन्न कृषि आदान विक्रेताओं की दुकानों सघन जांच की गई, जांच के दौरान उन बैच नंबरों की कीटनाशक दवाएं नहीं पाई गई। अधिकारियों द्वारा विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानो से कृषि आदान सामग्रियों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए एवं परीक्षण के लिये प्रयोगशाला भेजे गये। निरीक्षण के दौरान कृषि आदान सामग्री विक्रेताओं के यहाँ अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। संतोषजनक जबाव ना पाए जाने पर कृषि आदान सामग्री विक्रेताओं के लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। डॉ. इंदिरा त्रिपाठी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन द्वारा विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे अधिकृत कीटनाशक दवा कंपनियों की ही कीटनाशक दवा विक्रय करें साथ ही सभी कृषको से अपील की गई कि कृषक भाई पंजीकृत दुकानों से ही कीटनाशक दवा एवं अन्य कृषि आदान सामग्री खरीदे और दुकानों से बिल अवश्य लें।

# जनसुनवाई में आये 165 आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों से 165 आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह ने नागरिकों से उनकी कठिनाईयाँ जानी तथा उनसे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में आये आवेदनों में मुख्य रूप से बीपीएल कार्ड, भरण-पोषण, अनुग्रह सहायता, विद्युत मीटर बदलने, विद्यलाय में प्रवेश, लड़ाई-झगड़ा, पीएम आवास, समग्र आईडी में नाम जोड़ने, भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन थे।



## गुप्तेश्वर महादेव व हरसिद्धि माता का किया श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन मौके पर गुप्तेश्वर स्थित महादेव मंदिर में भगवान भोले नाथ एवं मां हरसिद्धि माता का श्रंगार किया गया। इस दौरान विधी विधान से पूजन अर्चन किया गया। श्रावण मास में गुप्तेश्वर महादेव की पूजन पुण्यकारी हैं।



## हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री राम मन्दिर मदन महल में मंगल वार 8 अगस्त को 61 वां मंगल धार्मिक मिलाप एवं सामुहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ सैकड़ों भक्त जनो की उपस्थिति में सादर समपन्न हुआ। श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री हनुमान जी की आरती, श्री राम स्तुति प्रसाद वितरण श्री राजकुमार आहूजा परिवार एवं सेठी परिवार की ओर से राम जी की सेवा में अर्पित किया गया।

## भक्ति धाम में श्री शिव महापुराण आज से



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में स्वामी अशोकानंद जी महाराज व्यासपीठ से श्री शिव महापुराण का श्रवण करायेगे। पं वेदांत शर्मा ने बताया कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे। महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है, 9 अगस्त को देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना। धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में उपस्थित होने का आग्रह सी ए राजेश जैन, बबलू पांडे, पप्पू लालवानी, विजय पंजवानी, उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की है।

## बड़े महावीर स्वामी का पान बीड़े से श्रृंगार



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पंचम मंगलवार में श्री बड़े महावीर जी का 501 पान के पत्तों से श्रंगार बड़े महाराज आशीष पुजारी ने किया। शोभित पुजारी ने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाईयों से जल्दी निवारण के लिए हनुमान जी महाराज बड़े महावीर स्वामी को पान चढ़ाने का विधान है, पुरूषोत्तम श्रावण मास के विशेष संयोग पर 501 पान के बीड़े से श्रृंगार किया गया। श्री हनुमंत लाल बड़े महावीर स्वामी की आराधना के साथ चमेली के तेल से सिन्दूर चोला चढ़ाकर विधिवत हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बाहुक, सहित 1008 नाम स्तवन कर तुलसी दल में राम नाम अंकित कर कंठी माला, बिल्व पत्रों, तुलसी दल की माला भेंटकर वैदिक अनुष्ठान बड़े महावीर मंदिर बड़े फुहारा में प्रात से देर रात तक निरंतर संपन्न हुआ।

# सब्जियों के छिलके से बन रही जैविक खाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोरोना काल के बाद लोगों में गार्डनिंग का क्रेज बढ़ा है। फुर्सत के पलों में शुरू हुआ गार्डनिंग का काम अब लोगों के शौक में शामिल हो चुका है। इसे लेकर अब गार्डनिंग लवर्स तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं।

इसके चलते किचन गार्डन, बालकनी गार्डन और मेडिशनल गार्डन तैयार किए गए हैं, वहीं जैविक खाद भी खुद ही बना रहे हैं। शहर में इन दिनों सब्जी, चायपत्ती, कार्डबोर्ड और किचन वेस्ट मैटेरियल का इस्तेमाल खाद बनाने के लिए किया जा रहा है।



## गार्डन के शौकीनों में दिख रहा चलन

**15 दिनों में तैयार**-सुरुचि जायसवाल का कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से घर पर खाद बनाने विधि सीखी है। इसके लिए उन्होंने गार्डन में एक गड्ढा किया है, जिसमें पॉलिथिन भरकर उसमें सब्जियों के छिलके, चायपत्ती, पौधों की कतरन, गोबर और लकड़ी के भूरे को इकट्ठा करके भर दिया जाता है। इससे महज 15 दिन में भी अच्छी खाद तैयार हो जाती है। विंटर सीजन में इसका उपयोग बेहतर होता है।

**फूल और सब्जियों के लिए फायदेमंद**-रत्ना गोस्वामी कहती हैं कि घर पर बनने वाले खाद फूलों और सब्जियों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। बाजार में मिलने वाली खाद से वे परहेज करती हैं, क्योंकि इसमें ज्यादातर केमिकल और मिट्टी मिली होती है। वहीं घर पर बनी हुई खाद पौधों को पूरा पोषण देती है।

### इस तरह बन रही खाद

- सब्जियों के छिलके
- चायपत्ती
- मठे का बचा पानी
- गुड़ और गोबर
- लड़की के टुकड़े और बुरादा
- चोकर
- गौमूत्र
- सूखे पत्ते




## लोक संस्कृति में समाज की धड़कन निहित है

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय बुंदेली संस्कृति परिषद की बुन्देली संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव की स्मृति में संपन्न हुई। अतिथि भूमिका डॉ. शिवशरण श्रीवास्तव, प्रतुल श्रीवास्तव, कमलेश नाहटा, गणेश श्रीवास्तव प्यासा, विजय बागरी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने निभाई। वक्ताओं ने कहा कि लोक संस्कृति में समाज की धड़कन निहित है। डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव बुंदेली ने बघेली, मराठी, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी और विज्ञान का विस्तार किया है। इस मौके पर गणेश प्यासा, आशा रिछारिया को बुंदेली संस्कृति परिषद, सशक्त हस्ताक्षर एवं कायस्थ समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

## युवाओं को मिली वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय महाकोशल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मुंबई से आए मुख्य वक्ता प्रो. अमोघ गोठोस्कर ने युवाओं को बताया कि वित्तीय साक्षरता उनके कॅरियर एवं भविष्य के कितनी आवश्यक है। उन्होंने शेयर मार्केट में क्रय से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ.एसी तिवारी, प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. प्रियंका साहू, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. नीलिमा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया मौजूद थीं।



## मप्र विद्युत महिला मंडल ने किया फलदार पौधों का रोपण



**जबलपुर, देशबन्धु।** पौधरोपण जरूरी है क्योंकि जीना है तो पौधे लगाने होंगे। पर्यावरण पर चर्चा करते हुए मप्र विद्युत महिला मंडल की सदस्यों ने बालक मंदिर स्कूल में पौधरोपण किया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी, नीता दीक्षित, कविता निगम, प्रतिभा पटेल, शाला प्राचार्या शशिकिरण श्रीवास्तव, आदित्य यादव मौजूद थे।

## जब धरा पर रिमझिम बरसे प्रीत

**जबलपुर, देशबन्धु।** सनम सावन के मौसम में हवाएं गुनगुनाती है, जब बादल बरसते हैं घटाएं भी बरस जाती है। डॉ. विनीता पाण्डे विनीत की रचनाओं की इन पंक्तियों ने श्रोताओं को ओतप्रोत किया। प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में आया सावन झूम के विषय पर रचनापाठ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंजू जायसवाल, अनुकंपा नायक, लता गुप्ता, अर्चना गोस्वामी आदि ने रचनाएं सुनाईं।



## दैनिक राशिफल

**बुधवार 09 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की अष्टमी। नक्षत्र-भरणी।**

मेष -दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ -आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। **क. 789-170**

कर्क -आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह -परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या -आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा। संतान की चिंता रहेगी।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। किसी बात को लेकर कन्फ्यूजन बना रहेगा।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। **मा. 145-369**

0,2,6,8,09,26,63,81,50,82,37,40

# चलित प्रसादम सेवा के 4457 दिन पूरे

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट द्वारा संचालित चलित प्रसादम सेवा के आज 4457 दिन पूरे हुए बलदेव बाग चौक के पास अगवाल ट्रेडिंग कंपनी के सामने पूरी सब्जी कढ़ी चावल हलवा अचार पापड़ का वितरण स्टील की थालियों में किया गया झूठी थाली भी आश्रम के भक्त ही साफ करते हैं।

आश्रम के व्यवस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया आज से 12 साल पहले 4 अप्रैल को 2011 को 200 लोगों को प्रति दिन शहर में भोजन कराने की योजना स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की प्रेरणा से स्वामी रामचंद्र जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर चालू है अभी तक 16 लाख 71 हजार 375 लोगों ने भोजन पाया भंडारे में किसी भी प्रकार का डिस्पोजल का उपयोग नहीं किया जाता, शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था रहती है लोगों को बैठने के लिए दरी की व्यवस्था रहती है, जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया




## 16 लाख 71 हजार 375 लोगों ने भोजन पाया

डिस्पोजल का किसी भी प्रकार का प्रयोग नहीं किया जाता। भोजन वितरण में कैलाश अग्रवाल बाबाजी अमित अग्रवाल गुंटु अरुण अग्रवाल नीरज अग्रवाल बृजेश अग्रवाल उपस्थित थे।



## गुंजन गीत माला आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुंजन कला सदन के तत?वावधान में डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव स्मृति बुन्देली माह के अंतर्गत गुंजन गीत माला का प्रथम बार आयोजन 9 अगस?त को सायं 6:30 बजे से कला साधिका श्रीमती संध्या जैन के संयोजन में कला वीथिका में किया गया है। दिनेश कश्यप के संगीत निदेशन में राजेश प्रवीण एवं रचना श्रीवास्तव के संचालन में कमल बघेल,मोहित मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, रविनंदन, राजेश शर्मा,नंद कुमार जैन,दिलीप कोरी, विजय केसरवानी, मनोज शर्मा, मनीष दुबे,अर्चना गोस्वामी,रेणु जैन, राजू बेन द्वारा सुमधुर पुराने फिल्मी गीतों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। विजय जायसवाल ने कला प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## पुरानी पेंशन बहाली की महारैली में शामिल करने किया जागरूक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन योजना बहाली के संयुक्त मंच आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के आह्वान पर आगामी 10 अगस्त को दिल्ली में होने वाली महारैली में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले पश्चिम मध्य रेलवे के कर्मचारियों की रिकॉर्ड तोड भागीदारी सुनिश्चित एवं इस महा आंदोलन से एक एक कार्यस्थल के कर्मचारी को जोडने के उद्देश्य से डबलूसीआरईयू द्वारा लगातार रेल कर्मचारियों के बीच सघन संपर्क कर उन्हें दिल्ली पहुंचकर अपनी शक्ति दिखाने का आव्हान किया जा रहा है। इसी क्रम में जबलपुर के कोचिंग कॉम्प्लेक्स में यूनियन के मंडल अध्यक्ष काम. बीएन शुक्ला व काम. रोमेश मिश्रा बड़ी संख्या में साथियों के साथ पहुंचे और उन्हें प्रेरित किया. कर्मचारियों को जागरुक करते हुए यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा ने कहा कि कोई भी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती, उन्होंने कहा कि जब देश के कई राज्य कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू कर सकती है, तो केंद्र सरकार इसे लागू क्यों नहीं कर सकती, उन्होंने कहा कि पेंशन किसी संस्थान में लगभग 35-40 वर्षों की सेवा का प्रतिफल है और कर्मचारी के बुढ़ापे की लाठी है, ऐसे में सरकारें कर्मचारियों से यह अधिकार कैसे छीन सकती है? उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि अपनी जिद नहीं छोड़ी, तो इसका खामियाजा उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।



# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान



**श्याम कुमारी जायसवाल** -मांटेसरी स्कूल की सेवानिवृत्त प्राचार्य व जायसवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्याम कुमारी जायसवाल का निधन हो गया। वे स्वर्गीय वीपी जायसवाल की पत्नी और आशीष जायसवाल की माताजी थी। अंतिम यात्रा निज निवास चौथे रेल्वे पुल नेपियर टाउन से प्रात: 11.00 बजे ग्वारीघाट मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**रघुवीर प्रसाद तिवारी**- रिछाई कृषि नगर अधारताल निवासी रघुवीर प्रसाद तिवारी का निधन हो गया वे राजेश तिवारी (गुरु जी )के पिता एवं एडवोकेट सुमित तिवारी के दादाजी थे। अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10 बजे रिछाई महाराजपुर रवाना होगी।

**श्रीमती विजय लक्ष्मी नायडू**- सदर निवासी श्री जगन्नाथ नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती विजय लक्ष्मी नायडू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला विश्वकर्मा**- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राधेश्याम विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला विश्वकर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी सेन**- रामपुर दुर्गा नगर निवासी श्री अंजनी कुमार सेन की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी सेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप मिश्रा**- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री प्रदीप मिश्रा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामजी राम**- उदय नगर नं. 2 व्हीकल रोड निवासी श्री रामजी राम (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मानिक लाल**- राधाकृष्णन वार्ड नर्मदा मंदिर के पास निवासी श्री मानिक लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्राम पटेल**- पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री विश्राम पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बसंत सोनकर- भवानी चौक राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बसंत सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओंकार त्रिपाठी**- सिहोरा निवासी श्री ओंकार त्रिपाठी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांता नायडू**- पंचमुखी सोसायटी कटंगी रोड निवासी श्री विजय कुमार नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती शांता नायडू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया।

**श्री अंकुर वर्मा**- शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अशोक वर्मा के पुत्र श्री अंकुर वर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजू लोधी**- अच्छे मियां का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री अनिल लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू लोधी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# नागपुर की भाजपा नेत्री जबलपुर में लापता, महाराष्ट्र पुलिस शहर पहुंची

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र के नागपुर से जबलपुर पहुंची भाजपा की सना खान नामक नेत्री अचानक गायब हो गई है। सना खान किसी निजि काम से जबलपुर आयी थी। जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चल रहा है। सना खान के वापस न पहुंचने पर परिजनों ने नागपुर पुलिस से शिकायत की। जिसपर गुमशुदा का मामला दर्ज कर एक टीम तलाश करते हुए जबलपुर पहुंची। ऐसी खबर है कि सना खान जबलपुर के तिलवारा क्षेत्र में किसी पप्पू नामक युवक से मिलने आई थी। इसके बाद से सना का पता नहीं चला। यहां तक कि पुलिस को पप्पू नामक युवक भी नहीं मिला है। खबर है कि मानकापुर नागपुर निवासी सना खान भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़ी है और पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता है। वे एक अगस्त को नागपुर से रवाना होकर दो अगस्त को जबलपुर आई। दूसरे दिन सना की मां से बातचीत हुई तो कहा कि जबलपुर में है। लेकिन शाम को जब मां ने फोन किया तो सना का मोबाइल फोन बंद हो गया। सना का फोन बंद होने से परिजन घबरा गए। उन्होंने अपने स्तर पर पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर नागपुर पुलिस थाना में सना के लापता होने की जानकारी दी है।




पुलिस को पूछताछ में परिजनों ने जबलपुर के तिलवारा क्षेत्र में रहने वाले पप्पू नामक युवक पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा है कि वह अपराधिक प्रवृति का है। उसके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पप्पू से जब मोबाइल फोन पर चर्चा की तो उसने कहा कि सना वापस लौट गई है। दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन की बात भी सामने आई है। नागपुर से जबलपुर पहुंची टीम को तलाश के दौरान पप्पू भी नहीं मिला है। पुलिस ने अपनी जांच पप्पू पर केन्द्रित कर दी है। पुलिस द्वारा पप्पू व सना के मोबाइल फोन के डिटेल व लोकेशन ट्रेस कर रही है। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी हुई है।

# चोरी करने घर में घुसे बदमाश को युवक ने पकड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना अंतर्गत देवरीखुर्द इमलई मोड़ में एक युवक ने अपने घर में चोरी की नियत से घुसे एक बदमाश को स्थानीयजनों की मदद से पकड़ा है। पहले तो बदमाश ने पकड़े जाने के डर से युवक के साथ ही मारपीट कर की।



जानकारी के अनुसार पनागर थाना में देर रात मुकेश कुमार दाहिया उम्र 40 वर्ष निवासी देवरीखुर्द इमलई मोड़ पनागर स्थानीयजनों के साथ एक युवक को पकड़कर लाया एवं रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह अपने छत के दरवाजे में ताला लगाने गया था, उसे दरवाजे के नीचे किसी के पैर दिखे, उसने दरवाजा खोलकर देखा तो एक युवक छत के ऊपर जीना के एक कोने में छिपकर बैठा था। उसने उक्त युवक को पकड़ने का प्रयास किया जो उससे झूमाझपटी करने लगा। उसने चिल्लाया तो पड़ोस के सुमित ठाकुर एवं अमित रजक छत के ऊपर आये और उक्त बदमाश को पकड़ लिये। पूछताछ में जिसने अपना नाम रोहित केवट उम्र 21 वर्ष निवासी देवरीखुर्द बताया, रोहित केवट उसके घर रात में चोरी करने की नियत से घुसा था। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# समरसता यात्रा का व्हीकल मोड़ में भव्य स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के द्वारा केन्ट विधानसभा क्षेत्र व्हीकल मोड़, गोकलपुर में संत शिरोमणि रविदास सतगुरू की समरसता यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। संत रविदास का 100 करोड़ की लागत से सागर जिले में प्रस्तावित भव्य मंदिर का भूमिपूजन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया। 12 अगस्त 2023 को समरसता यात्रा का भाव भीना स्वागत पुष्प वर्षाकर किया गया यात्रा में सतगुरू रविदास की चरण पाहुवा का पूजन अर्चन पूरी श्रद्धा के साथ आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोटिया, शैलेश सिंह लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गोटिया, आनंदी लाल खलीफा, राजेन्द्र गोटिया, हर्ष गोटिया, लीला ठाकुर, किरण खण्डारे, विनोद गोटिया, हेमंत ठाकुर, हिमसागर मरकाम, वर्षा ठाकुर, गनेश उईके, प्रदीप पटेल, श्याम बहादुर पटेल, अमरनाथ पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत घोषित महंगाई राहत पर्याप्त नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल द्वारा निर्मल पार्क स्थित परिसर में समूचे प्रदेश से पहुंचे पेंशनर्स ने 11 प्रतिशत महंगाई राहत एवं पेंशनर्स की लंबित मांगों के निराकरण करवाये लगभग 20 हजार पेंशनर्स ने भोपाल में पहुंचे। पेंशनर्स प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में दर्शाये सूत्रों में इस बात का उल्लेख था कि पेंशनर्स न केवल दुखी हैं अपितु शासन की टालमटोल नियत से आक्रोशित भी हैं शासन ने सुनी और समझी इस संदर्भ में शासन का स्वागत है।

पेंशनर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष डॉ. ओपी बुधोलिया, जिला शाखा अध्यक्ष नरेश उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी शुक्ला, सलाहकार आरके प्यासी, केके शुक्ला, एनपी निगम, ओमशंकर शुक्ला, जीडब्ल्यू रत्न पारखी, आरएल पाण्डेय, डीडी शर्मा, डीएस गुप्ता, सीएल शाक्यवार, प्रेम वल्लभ शर्मा, प्रदीप दुबे, एस कोरी, अशोक दुबे, आरडी हल्दकार, डीडी शर्मा, विजय वैश्य आदि ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया है कि भारत शासन के समस्त पेंशनर्स के बराबर मप्र के पेंशनर्स को भी के सभी सुविधायें दी जाये। ताकि पेंशनर्स में प्रसन्नता का माहौल विधानसभा चुनाव पूर्व वापिस लौटे।

# टिकट चेकिंग अभियान से रेलवे ने जुलाई माह में 63 लाख 37 हजार यात्रियों को पकड़कर 4.92 करोड़ का जुर्माना वसूला



**जबलपुर, देशबन्धु।** डीआरएम विवेक शील के मार्गदर्शन में मंडल के वाणिज्य विभाग ने अब तक वर्तमान वित्तीय वर्ष के चार महीनों में 2023-24 में अप्रैल से जुलाई माह तक टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 2.76 लाख मामलों से 21.87 करोड़ रुपये अर्जित किये, जबकि इस सत्र केवल जुलाई माह में कुल ऐसे मामले 63.67 हजार पाए गये। जिससे जबलपुर रेल मंडल को केवल जुलाई माह में कुल 4.92 करोड़ रुपये आय अर्जित हुई। इससे जबलपुर मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई, जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है।

# पहाड़ीखेड़ा सामुदायिक भवन में मिली महिला की लाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़ीखेड़ा स्थित सामुदायिक भवन के बरामदे में एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीयजनों इसकी सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार बरेला थाना में सूचना मिली कि ग्राम पहाड़ीखेड़ा में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को सुरेन्द्र कुमार मेहरा उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पहाड़ीचखेड़ा ने बताया कि एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 35 वर्ष का शव पहाड़ीखेड़ा सामुदायिक भवन के बरामदे में पड़ी है। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर अज्ञात मृतिका की शिनाखत्गी के प्रयास जारी हैं। प्रारम्भिक पतासाजी पर ज्ञात हुआ कि अज्ञात महिला विक्षिप्त है जो काफी समय से पहाडीखेडा मे घूमती थी।

# रेलवे स्टेशन जा रहे दंपत्ति का ऑटो पलटा, महिला की मौत

## बेटी से मिलने जा रहे थे विदिशा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोराबाजार रोड पर एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में ऑटो सवार दम्पति के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसा उस वक्त हुआ है जब दम्पति अपनी बेटी से मिलने विदिशा जाने के लिये रेलवे स्टेशन जा रहे थे। दंपत्ति को विदिशा की ट्रेन पकड़ना था। हादसे की खबर मिलते ही रिश्तेदार, परिचित अस्पताल पहुंच गए, जिन्होंने महिला को मृत हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी निवासी बेलू स्वामी की बेटी विदिशा मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत है। जिससे मिलने के लिए बेलू स्वामी व उनकी पत्नी सुनीता स्वामी ऑटो से रात में रेलवे स्टेशन जा रहे थे। जहां से उन्हें ट्रेन पकड़कर विदिशा जाना था। ऑटो जब आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के सामने से गुजर रहा था इस दौरान चालक संतुलन खो बैठा और ऑटो पलट गया। जिससे बेलू स्वामी व उनकी पत्नी सुनीता के शरीर पर चोटें आई।



हादसे को देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होंने घायलों को उठाया। बेलू स्वामी घायल होने के बाद भी स्थानीय लोगों की मदद से पत्नी सुनीता को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद सुनीता को मृत घोषित कर दिया। पत्नी सुनीता की मौत की खबर से पति बेलू स्तब्ध रह गए। वहीं हादसे की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने पूछताछ के बाद ऑटो चालक की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।



## हमेशा ड्यूटी में सतर्क रहने की अपील

# सतर्कता के साथ रेल सेवा करने वाले 12 रेल कर्मचारी पुरस्कृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में ट्रेनों के संचालन में सतर्कता के प्रति हमेशा सजग रहने वाले रेलवे स्टाफ को मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ए.के. श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल के 12 कर्मचारियों सर्व घनश्याम विश्वकर्मा, अमित कुमार, विनय कुमार कांटे वाला, प्रदीप जोशी, देवेंद्र कुमार, ब्रजकिशोर, अनुज शर्मा, पुनीत पाल, राकेश मीणा नवनीत तिवारी आदि को उनके प्रशंसनीय कार्य पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा नगद 500 नगद रुपए की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त रेल कर्मचारियों द्वारा रेलवे ड्यूटी के दौरान ट्रेनों के हाट एक्सल को देखकर उसकी सूचना निकटतम स्टेशन के साथ ही एक्सेल का बम्ब स्टॉप टूटने और रेलवे ट्रैक में फैक्चर पाए जाने जैसे दुर्घटना कारकों पर सतर्कता स्वरूप उठाए गए कदमों पर उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। पुरस्कार वितरण के दौरान डीआरएम विवेकशील ने सभी कर्मचारियों के कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री विवेक शील के साथ ही अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, प्रदीप कुमार तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन सहित अन्य शाखा अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# सांप के काटने से किशोर की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी में खेत घुमने गये एक युवक को सांप ने काट लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बरेला थाना में मंगलवार सुबह 11 बजे हेमराज पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी ने सूचना दी, कि वह गांव का सरपंच है। 6 अगस्त को उसके घर के सामने रहने वाला रामकृपाल बैगा, जितेश टिकरिया के साथ खेत तरफ घूमने गया था। दोनों शाम लगभग 5 बजे घर वापस आकर बताये कि रामकृपाल बैगा को सर्प ने काट लिया है। रामकृपाल के परिजन इलाज के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराये। इलाज के दौरान रात लगभग 1-30 बजे रामकृपाल बैगा उम्र लगभग 13 वर्ष निवासी घुघरी की मौत हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# तेज रफ्तार कार चालक ने युवकों को मारी टक्कर




**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना में देर रात रामू टेकाम उम्र 33 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम शोभापुर से पैदल अधारताल तिराहा अपने दोस्तों के साथ आ रहा था शोभापुर ब्रिज के आगे पहुंचा तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 बीए 7497 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके साथ चल रहे उसके दोस्त राजेन्द्र यादव, विशाल यादव, श्याम टेकाम को टक्कर मार दिया। जिससे तीनों को हाथ पैर में चोटें आयीं हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक पर अपराध दर्ज कर लिया है।

# पीएस व डीजीपी सहित अन्य को कारण बताओं नोटिस

## वेतन भुगतान न होने पर अवमानना मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश के बावजूद भी वेतन का भुगतान न किये जाने के मामले को सख्ती से लिया है। न्यायधीश एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में गृह विभाग के प्रमुख सचिव अजय भल्ला, डीजीपी सुधीर सक्सेना, पुलिस अधीक्षक उमरिया एसके सिन्हा, जिला महिला सशिक्तिकरण अधिकारी भरत सिंह राजपूत व महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव इंदीवर पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह अवमानना का मामला उमरिया निवासी याचिकाकर्ता मनीषा श्रीवास्तव की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग और जिले के पुलिस कप्तान ने जन सुविधा केन्द्र में याचिकाकर्ता को 18 मार्च 2012 को टेलिकॉम ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति दी थी। वर्ष 2015 में बिना नोटिस दिए सेवा समाप्त कर दी गई। इतना ही नहीं, याचिकाकर्ता को 23 मार्च 2012 से 14 अगस्त 2015 का वेतन भी नहीं दिया। इस मामले में हाईकोर्ट ने 28 जुलाई 2022 को वेतन भुगतान के आदेश दिए थे। एक वर्ष बाद भी हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने सभी अनावेदकों को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## बहु की हत्या करने वाले जेठ को उम्रकैद की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट के आमाहिनौता में मामूली विवाद पर अपनी बहु पर चीप के बड़े पत्थर से हमला कर उसकी हत्या करने वाले जेठ को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला सत्र न्यायधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने आरोपी जेठ बालकिशन विश्वकर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि आमाहिनौता में मृतिका सुमनबाई अपने बच्चों के साथ रहती थी। 15 जून 2020 की शाम करीब 4.45 बजे आरोपी बालकिशन विश्वकर्मा पहुंचा और छप्पर लगाने के मामले को लेकर विवाद करते हुए गालीगलौज करने लगा। जब सुमनबाई व उसके बेटे विपिन व आकाश ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरु कर दी और चीप का बड़ा टुकड़ा उठाकर सुमनबाई पर पटक दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई और उसकी मौत हो गई। मामले में भेड़ाघाट पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उम्रकैद की सजा व जुर्माने से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एजीपी अशोक पटेल ने पक्ष रखा।

## पत्नि को जिंदा जलाने वाले पति को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम बम्हनौदा में अपनी पत्नि को आग लगाकर जिंदा जलाकर मारने वाले पति




पंजीलाल यादव को अदालत ने दोषी करार दिया है। एडीजे अभिषेक सक्सेना की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व दो सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत को बताया कि ग्राम बम्हनौदा बाबा निवासी सुनीता यादव अपने बच्चों के साथ 24 सितंबर 2016 को रात्रि में खाना खाकर सो गई थी। उसके बाद उसका पति आया और काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहा, लेकिन सुनीता दरवाजा नहीं खोल पायी। जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने से वह खुल गया। जिसके बाद आरोपी पति पंजीलाल ने विवाद करते हुए मिट्टी का तेल डालकर माचिस लगाकर सुनीता को जिंदा जला दिया। जिसकी मेडिकल अस्पताल में 26 सितंबर 2016 को उपचार दौरान मौत हो गई। उक्त मामले में पनागर पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी पंजीलाल को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में एजीपी राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

## पत्नि को प्रताड़ित करने वाले आरक्षक पति को एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जेएमएफसी संजना मालवीय की अदालत ने पत्नि से दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित कर मारपीट करने वाले आरक्षक पति देवी सिंह को एक साल की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि फरियादिया जेल पुलिस में महिला प्रहरी के पद पर भोपाल में पदस्थ है। जिसका विवाह 1 मई 2012 को कटंगी निवासी पुलिस आरक्षक देवी सिंह के साथ हुआ था। देवी सिंह कोतवाली थाने में पदस्थ था और शासकीय क्वॉटर में रहता था। आरोप है कि देवी सिंह अपनी पत्नि से दहेज में तीन लाख रुपये की मांग कर उसके साथ बेल्ट से मारपीट करता था, इतना ही नहीं शासकीय क्वॉटर में आग लगाकर नुकसान किया था। इतना ही नहीं फरियादिया का वेतन भी आरोपी छुड़ा लेता था। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट व दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी पुलिस कर्मी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में एडीपीओं वर्षा वैद्य ने पक्ष रखा।

## गोपाल बाग तलैया अतिक्रमण मामले में कोर्ट कमिश्नर नियुक्त

### जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने गोपाल बाग तलैया के अतिक्रमण व अन्य समस्याओं की जांच करने के लिए अधिवक्ता श्रेयस धर्माधिकारी को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने कोर्ट कमिश्नर को पूरे मामले की जांच कर 6 सितंबर तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

यह अवमानना का मामला याचिकाकर्ता आनंद कृष्ण त्रिवेदी की ओर से दायर किया गया है। जिन्होने सुनवाई दौरान रिज्वाइंडर पेश कर बताया कि नगर निगम ने जो रिपोर्ट पेश की है, वह गलत है। अभी भी अतिक्रमण काबिज हैं और गंदगी भी बनी हुई है। पिछली सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से जवाब प्रस्तुत कर बताया गया था कि गोपालबाग तलैया की पूरी सफाई करवा दी गई है। जवाब में बताया गया था कि स्थानीय 8 घरों के निस्तार के आउटलेट से पानी तलैया में जा रहा था। निगम प्रशासन ने सभी आउटलेट स्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। इसके अलावा घरों का कचरा तलैया में नहीं डालने के संबंध में चेतावनी भी जारी की गई है यदि उसके बाद भी ऐसा किया जाता है तो जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी।

## 25 प्रकरणों के निराकरण संबंधी मामले में सुनवाई टली

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में प्रदेश की समस्त अधीनस्थ अदालतों में तीन माह में 25 प्रकरणों के अनिवार्य निराकरण केआदेश को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को समयाभाव के कारण सुनवाई टल गई। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने मामले पर 10 अगस्त को सुनवाई निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सेवानिवृत एडीजे राजेंद्र कुमार श्रीवास एवं एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड शोसल जस्टिस के प्रतिनिधि अधिवक्ता रामगिरीश वर्मा ने याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि याचिका में उठाए गए मुद्दों के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की बैंच ने स्पष्ट किया है कि देश की विधायिका के अलावा आपराधिक तथा दीवानी प्रकरणों की सुनवाई की समय सीमा का निर्धारण सुप्रीम कोर्ट तथा कोई भी हाईकोर्ट तय नहीं कर सकता। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह पैरवी कर रहे है।

# 100 वकीलों के दांतों की हुई जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला बार एसोसिएशनए जबलपुर के तत्वावधान में दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसके जरिए 100 वकीलों का दंत परीक्षण हुआ।



जिला बार अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि डॉ. आलिव कपाड़िया व डॉ. अंकिता राय की टीम ने प्रत्येक अधिवक्ता को दांतों की सुरक्षा व देखभाल के टिप्स दिए। इस दौरान जिला बार उपाध्यक्ष अखिलेश चौबे, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव यतेंद्र अवस्थी गुड्डा, कोषाध्यक्ष अजय दुबे, पुस्तकालय सचिव अमित कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य दामोदर पाटकर, अर्जुन साहू, प्रदीप परसाई बाबा, शैलेंद्र यादव, आशीष पांडे, रेणुका शुक्ला व राजू बर्मन सहित अन्य का सहयोग रहा। जिला बार अध्यक्ष सैनी व सचिव तिवारी ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगते रहेंगे।

# महिला ने लगाई फांसी

**जबलपुर, देशबन्धु।** लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी क्षेत्र के जय नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला खत्म कर दी। परिजनों इसकी सूचना पुलिस को दी। लार्डगंज थाना में मंगलवार की शाम पुरूषोत्तम साहू निवासी जयनगर यादव कॉलोनी ने सूचना दी कि उसकी भाभी रजनी साहू उम्र 40 वर्ष निवासी जयनगर यादव कॉलोनी ने घर पर कमरे में दोपहर फांसी लगा ली है। जिससे भाभी की मृत्यु हो गई है। सूचना पर पहुंची ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## बम-बम भोले और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ निकली मझौली नगर में विशाल कावड़ यात्रा

### जगह जगह प्रसाद वितरण ओर काँवड़ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**मझौली देशबंधु।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल कावड़ यात्रा जो कटाव धाम से 7 किलोमीटर काँवड़ यात्रा का आयोजन किया गया जो पवित्र धाम कटाव से प्रारंभ होकर श्री विष्णु वराह मंदिर मझौली में पहुंची इस यात्रा में दूर-दूर से लोग आकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए इस कांवड़ यात्रा में सभी स्वजातीय बंधुओं भाई बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विशाल भव्य रूप इस कावड़ यात्रा का दिया इसमें जगह-जगह लोगों ने पंडाल लगाकर कांवड़ यात्रा में चल रहे कांवरियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और प्रसाद वितरण भी किया।

इसी तरह से नगर मझौली में जगह-जगह पंडाल लगाकर कावड़ियों का स्वागत किया गया नाका से लेकर मन्नत दरबार के सभी श्रद्धालुओं ने भी जोरदार स्वागत किया यह यात्रा बस स्टैंड पहुंचकर जैन मार्केट में भी स्वागत किया गया सभी कांवरियों का विष्णु वराह मंदिर में स्वागत पुष्प माला से किया और भोले नाथ का जल अभिषेक किया गया



## संत रविदास समरसता यात्रा का आयोजन

**पनागर,देशबन्धु।** पनागर में संत शिरोमणि रविदास जी समरसता यात्रा का आगमन हुआ जिसमे विधायक सुशील तिवारी इंदू के माध्यम से विशाल रथ यात्रा कि आगमनी बेलखाडू में करते हुए अपने समर्थकों के साथ चरण पादुका व ध्वज पताका लेकर समाज में सभी को साथ लेकर चलते हुए समरसता का संदेश दिया गया है ।

यात्रा का विभिन्न ग्रामों में स्वागत करते पनागर में मुख्य कार्यक्रम अभिमन्यु चौक पनागर में जनसभा के माध्यम से सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरा नंद गिरी महाराज डॉ जितेंद्र जामदार उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सुशील तिवारी इंदू विधायक पनागर के द्वारा सभी समाज के लोगो को समरसता यात्रा की जानकारी देते हुए विभिन्न समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज के द्वारा समाज में फैली कुरीतियों भेदभाव को समाप्त करते हुए लोगों को संदेश दिया डॉक्टर जितेंद्र जामदार उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा अपने संबोधन में आपसी भाईचारा मिलजुल कार्य करते हुए लोगों को एकता का संदेश देते हुए जानकारी दी विधायक पनागर सुशील तिवारी इंदू द्वारा सभी क्षेत्रीय सामाजिक लोगों की उपस्थिति में सभी को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया की सागर में संत रविदास जी के 100 करोड़ की लागत से भव्य दिव्य मंदिर निर्माण की आधार शिला कार्यक्रम में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया जायेगा जिसमे सभी ग्रामों से ली गई मिट्टी ब 313 चिन्हित नदियों के जल से पूजन कार्य में उपयोग करवाते हुए उपयोग में लिया जाएगा अंत में सभी समाज के साथ मिलकर समरसता का भोज सभी अतिथियों ने ग्रहण किया गया आभार भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे रानू तिवारी भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष, आनंद जैन मिंचू, मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रीना आनंद जैन,तहसीलदार विकास जैन,महिला बाल विभाग अधिकारी आराधना गर्ग,इंजीनियर शुभम जैन,सीओ जनपद आकाश सूताधार,रेखा ताम्रकार,अनिता प्रजापति,प्रेमलता पटेल,अनिल गौतम,गोवर्धन खेतपाल,विजय बर्मन,सर्वेश मिश्रा,सुरेश ताम्रकार,अनिल बाँशकार,मुकेश बाँशकार,दीपांशु नामदेव, साथ सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेंद्र साहू और आभार सुभाष तिवारी जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष ने किया ।




### सार-समाचार

## शराब पीने पैसे नहीं देने पर 21 वर्षीय युवक के साथ मारपीट


**पाटन देशबन्धु।** नगर में चल रही शराब-खोरी के कारण आय दिन मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। पाटन थाने से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 05/08/23 को समय रात लगभग 8.30 के आस-पास सरकारी अस्पताल के सामने,नगर की मुख्य सड़क से अभिषेक पिता रामेश्वर शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी हरदुआ,अस्थाई पता वार्ड नं 14 सिविल लाइंस अपने घर जा रहा था तभी अतीत उर्फ चिक्कू भाईजान सिविल लाइंस निवासी रास्ता रोककर शराब पीने पैसा मांगने लगा उसने पैसा देने से मना किया तो आरोपी गंदी-गंदी गालियां देने लगा,उसने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने लात घुसो एवं लाठी-डंडे से उसके साथ मारपीट कर दी जिससे उसके हाथ पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई। पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## आवारा कुत्तों के हमले मैं मृत हुई बकरिया



**बरेला,देशबन्धु।** वार्ड नंबर 9 निवासी उमेश सोनकर ने बताया कि. उनके यहां 8 बकरे पले हुए थे जो कि कमरे में बंद थे। रात्रि में आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा. बकरों पर हमला कर दिया गया जिसके कारण उनके6 बकरे सुबह मृत पाए गये तथा दो घायल मिले। इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत भी की है. जिस पर. पशु चिकित्सा विभाग द्वारा. मृत पाए गये बकरों का पीएम भी कराया गया है। आवारा कुत्तों के द्वारा बकरियों पर हमला करने से लगभग. 40000 का नुकसान हो गया है. उन्होंने जिला प्रशासन से. नुकसान की भरपाई की मांग की है।

## संत रविदास की भक्तिभावना एवं सामाजिक समरसता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



सिहोरा,देशबन्धु। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के हिंदी विभाग और जन अभियान परिषद सिहोरा के संयुक्त तत्वावधान में ' संत रविदास की भक्तिभावना एवं सामाजिक समरसता' विषय पर महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय से 31 छात्रों ने प्रतिभाग लिया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव, सह प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र सिंह बागरी, सहायक प्राध्यापक डॉ सुदेश मेहरोलिया और ज्ञानेश पाण्डेय के साथ्‌साथ जन अभियान परिषद सिहोरा से नवांकुर संस्था की अध्यक्ष के साथ परामर्शदाता श्री रजनीश उपाध्याय उपस्थित रहे।

## सिलावट समाज ने किया मृत्यु भोज बन्द

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिवस ग्राम सालीवाडा में रघुनाथ सिंह के पिताजी प्रेमलाल के कुंदोलिया का देवलोक गमन होने पर उनके पुत्र रघुनाथ कुदोलिया द्वारा समाज में व्याप्त कुरीति जैसी गंगा पूजन को ना करके उनके द्वारा श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें गंगा पूजन न करने सेसिलाबट समाज संघ के द्वारा समाज के हित को देखते हुए यह कुरीति खत्म करने के लिए सिलावट विकास संघ के पदाधिकारियों की बात मानी तो सिलावट समाज विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष टावल सिंह सिलावट प्रदेश संयोजक बैजनाथ दोहैया प्रदेश उपाध्यक्ष शिवलाल बरसैयां तथा जबलपुर जिले की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गुमताछिराजी मेहरबान सिंह संतोष दोहैया उजियार दोहैया लक्ष्मी बिंडवार शिक्षक सुकलाल लहरया रूप सिंह छिरा और हमारे बहुत सम्माननीय लोग उपस्थित थे ।

## संतोष साहू का निधन

बघराजी ।त्रिपुरी चौक निवासी संतोष साहू उम्र 53 वर्ष का हृदय घात के कारण निधन हो गया है।वह शिवम साहू के पिता एवं रामकुमार साहू के अनुज थे ।अंत्येष्टि बघराजी स्तिथ श्मशान घाट में सम्पन्न हुई।




## घरेलू गैस से चलाई जा रही थी स्कूली वैन , आरटीओ ने की कार्यवाही

बरेला। आरटीओ ने आज बायपास से एक बाहन को जबत कर कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल वाहन संचालक घरेलू गैस से वाहन संचालित कर स्कूल के बच्चों को ढो रहा था वाहन को थाने में खड़ा कर दिया गया है मामले की जांच जारी है ।आरटीओ की जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक एमपी 20 सीजी 1287 में स्कूली बच्चों को धनपुरी से जबलपुर ले जाया जा रहा था जो कि घरेलू गैस से संचालित हो रही है इसके बाद आरटीओ ने वाहन रोककर बैन संचालक पंकज श्रीपाल के खिलाफ कार्रवाई कर वाहन को थाने में खड़ी की है।

## जमुनिया सकरा गांव का शराब तस्कर पुलिस गिरफ्त में

### आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 18 पाव जप्त

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम जमुनिया सकरा से दिनांक 08/08/2023 समय दोपहर 1.45 मिनिट पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति थैले में देशी शराब रखे गांव की सड़क पर खड़ा है और शराब बेचने किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही आरक्षक (2580) रविकांत जमुनिया सकरा गांव पहुंचे जहां पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपी थैला उठाकर भागने लगा जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम सुरेश रेकवार पिता गोपाल रेकवार उम्र 45 वर्ष निवासी जमुनिया सकरा बताया थैले की तलाशी लेने पर देशी लाल मदरा के 18 पाव रखे मिला जिनको जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।






## ग्राम पंचायत रिछाई मैं किया गया रोजगार मेले का आयोजन

**बरेला,देशबन्धु।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन ब्लॉक के द्वारा गार्डियंस सिक्योरिटी फौज हैदराबाद कंपनी के द्वारा आठवीं पास लड़के एवं लड़कियों के लिए रोजगार मेले का ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 50 लड़के लड़कियों ने रोजगार मेले में पंजीयन कराया जिसमें 8 लड़के और तीन लड़कियों का ट्रेनिंग के लिए चयन किया गया इस कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी रुपेश अग्रवाल जी ग्राम की नोडल अधिकारी श्रीमती विमला और कंपनी के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच आशीष शुक्ला और ग्राम के पंच गण और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सावन के पांचवे सोमवार पर मंदिरों में रुद्राभिषेक हवन पूजन

**गोसलपुर।** सावन के पांचवे सोमवार पर लोग शिव भक्ति में लीन देखे गए इस अवसर पर शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक हवन पूजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शक्ति धाम में भगवान शिव दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ रही इसी क्रम में रामसागर तालाब तट पर स्थित शिव घाट मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सावन तथा अधि मास अधिक मास के मौके पर लोगों ने अपने अपने घरों में भगवान शंकर का अभिषेक किया तथा निर्मित शिवलिंग का विसर्जन श्रीराम सागर जलाशय में बाजे गाजे के साथ दिया गया।

## 5 वीं एवं 8वीं का शत-प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम शालाएं होंगी सम्मानित

**गोसलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य शिक्षक संदर्भ समूह भोपाल द्वारा सत्र 2022-23 में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का शत-प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने वाली शालाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोपाल के शिक्षक संदर्भ समूह के दामोदर जैन मुख्य अतिथि, पी एस एम के डा रामनरेश पटेल, जिला समन्वयक शालनी वाल्मीकि, एसीपी घनश्याम बर्मन,बी आर सी पी एल रैदास की उपस्थिति में शालाओं के प्रभारी अशोक तिवारी,प्रदीप राय, अनिल दाहिया, श्रीमती सुधा उपाध्याय, राजेश नेमा , अशोक तिवारी, बलराम बर्मन,उत्तम तिवारी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दामोदर जैन ने कहा कि शिक्षकों की नियमित एवम सुचारू अध्यापन ,कड़ी मेहनत से छात्रों को शिक्षण कार्य कराया है इनके प्रयासों से शासकीय शालाओं को गौरांवित किया है।

## 05 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगेंगे टीके

**पाटन देशबन्धु।** विभिन्न संक्रमणों और जानलेवा बीमारियों से पांच साल तक के बच्चों को बचाने हेतु सरकारी अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। पार्षद शेख अमजद ने बताया कि 1 से 5 साल तक के बच्चों का टीका जरूर लगवाए इससे बच्चों को आने वाली बीमारियों से बचने यह टीका बहुत फायदेमंद रहेगा और भविष्य में आपके बच्चे को कोई भी बीमारी नहीं होगी इसलिए वार्ड न 12 एवं निकाय क्षेत्र में रहने वाले माता-पिता अपने-अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाए। वार्ड नंबर 12 के आंगनवाड़ी केन्द्र पर बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा हैं। वार्डवासी आंगनबाडी केंद्र पर पहुंचकर अपने बच्चों को टीका जरूर लगवाए।

## फिलहाल वर्षा की संभावना नहीं, उमस भरी गर्मी करेगी परेशान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बंगाल की खाड़ी से आया कम दबाव का क्षेत्र कमजोर हो गया है। इसके अलावा मानसून भी हिमालय की तराई में पहुंच गया है। इसके नतीजतन पिछले तीन-चार दिन से चल रहा वर्षा का दौर अब थम गया। हालांकि ठंडी हवाओं ने उमस से राहत दी और आसमान में हल्के से मध्यम बादल भी छाए रहे, लेकिन आसमान पूरी तरह से साफ हो जाएगा। इसके चलते जहां सूरज के तेवर तीखे होंगे, वहीं उमस भी परेशान करेगी। फिलहाल वर्षा का कोई नया सिस्टम सक्रिय नहीं है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही।

## जरूरतमंद छात्रों को मिले स्कूल बैग

**सिहोर,देशबन्धु।** नगर के समाज सेवी स्व सेवा राम पंजाबी एवं अनिकेत पंजाबी के निधन के पश्चात उनके नाम से उनके परिजनों में सुनील पंजाबी ने समाज सेवी संस्था सेवाराम के द्वारा गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंडित विष्णु दत्त शुक्ल उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक सीएम राइज स्कूल में 151 अध्ययनरत जरूरतमंद छात्रों को स्कूल बैगों का वितरण किया शाला प्राचार्य अशोक उपाध्याय के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम हुआ समाजसेवी सुनील वासुदेव पंजाबी ने अपने भतीजे स्व अनिकेत वासुदेव की द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर छात्रों को बैग प्रदान किया कार्यक्रम में प्रांजल पांडे,कैलाश निक्कू पंजाबी,श्रेय पंजाबी,शनी पंजाबी, सतीश जैन,प्रवीण पटेल,समीर साहू,उप प्राचार्य शैलेश मिश्रा, शिक्षक सुधा उपाध्याय,लेखाधिकारी रवि मिश्रा,बीईओ ऑफिस अनिल चौबे,जेपी त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### गाजियाबाद से पकड़ लाई कोतवाली पुलिस, 4 दिन की रिमांड मिली

## पेट्रोल-पंप के नाम पर शक्कर कारोबारी से करोड़ों की ठगी का 5वां आरोपी अंदर




कटनी, देशबन्धु। कोतवाली थाना क्षेत्र के रघुनाथ गंज शक्कर कारोबारी से 2 करोड़ 14 लाख की ठगी का 5वां आरोपी गाजियाबाद से पकड़ लिया गया है। यह आरोपी गाजियाबाद का रहने वाला जोगिन्दर सिंह बताया जाता है। आरोपी की चार दिन कि पुलिस रिमांड मिली है। आरोपी से करोड़ों की ठगी मामले में पूछताछ की जा रही है। ठगी के इस मामले में चार आरोपियों रिहाना खान, उसका पति हिमताज खान, अनुराग उपाध्याय उसकी पत्नी शालू उपाध्याय शामिल है। आरोपियों से 25 लाख रुपए नकद, दो कार जब्त की है। कारों की कीमत लगभग 25 लाख रुपए बताई जाती है।

प्रकरण के मुताबिक पेट्रोल पंप के लिए रघुनाथगंज के व्यापारी मनोज कस्तवार को गौरव शर्मा ने 15 दिसंबर 2020 को मोबाइल पर फोन किया था। पेट्रोल पंप के चक्कर में 17 दिसंबर को मनोज कस्तवार ने खाते में 50 हजार रुपए भेजे। ठगों ने झांसा देकर अलग-अलग खातों में 2 करोड़ 14 लाख रुपए जमा करवा दिए। ठगी का शिकार हुए मनोज कस्तवार ने 19 जुलाई 2023 को कोतवाली थाने में शिकायत की थी। शक्कर कारोबारी से ठगी का एक आरोपी का सुराग नहीं लग पा रहा है।

## पथरिया विधायक परिवार की बढ़ीं मुश्किलें

**हटा,देशबन्धु।** जबलपुर उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए हटा के कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड के आरोपी चंदू सिंह और फुकलु को पाठक हत्याकांड में मिली जमानतों को निरस्त करने का आदेश पारित किया था।

दरअसल देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड के पीड़ित पुत्र सोमेश द्वारा इन आरोपियों को पूर्व में पाठक हत्याकांड के ट्रिपल मर्डर में हाईकोर्ट से मिली जमानतों को इस आधार पर चुनौती दी थी के इन्हीं आरोपियों ने पाठक हत्याकांड में जमानत पर रहते हुए देवेंद्र चौरसिया की हत्या की थी जिसके चलते इन्होंने अपनी जमानत का दुरुपयोग किया है एवं वर्तमान चौरसिया हत्याकांड को अंजाम दिया है। पीड़ित सोमेश की ओर से उच्च न्यायालय में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे ने न्यायालय को बताया के इन्हीं आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने गोविंद सिंह की सारी अपीलों की जमानतें निरस्त कर दी है और इन आरोपियों का मामला भी समान ही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय ने आरोपी चंदू एवं फुकलु की पूर्व की अपीलों में प्राप्त जमानतों को निरस्त कर दिया है।

क्या होगा इस फैसले का असर

मामले को स्थानीय विचारण न्यायालय में देख रहे अधिवक्ता गजेंद्र चौबे व मनीष नगाइच ने बताया के निश्चित तौर पर उच्च न्यायालय का यह फैसला पीढ़ित परिवार को राहतकारी है और इस तरह के फैसलों से समाज में अपराध और उसे करने वालों की पृवत्ति पर अंकुश लगेगा जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। साथ ही दमोह जेल में निरुद्ध चंदू सिंह अब सजायाफ्ता कैदी की तरह केंद्रीय जेल स्थानांतरित किए जा सकेंगे।

## मारपीट करने वाले आरोपी को 20 दिवस साधारण की सजा

**डिण्डौरी,देशबन्धु।** सहायक मीडिया सेल प्रभारी शहपुरा श्री प्रमोद कुमार पटेल अनुसार आरोपी रामसिंह पिता गुलाब सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी धनगांव माल, थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी ने दिनांक 31/05/2015 को आरक्षी केन्द्र शहपुरा अंतर्गत ग्राम धनगांव स्थित फरियादी के घर में जमीनी विवाद को लेकर अश्लील गालियां देते हुए घर खाली करने एवं घर न बनाने की धमकी देने एवं जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने मामले में थाना शहपुरा द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 भादवि अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चात चालान न्यायालय में पेश किया गया । न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शहपुरा द्वारा अभियोजन साक्ष्यों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी रामसिंह पिता गुलाब सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी धनगांव माल, थाना शहपुरा जिला डिण्डौरी को धारा 323/34 भादवि के अपराध में दोषी पाते हुए 20 दिवस साधारण कारावास की सजा से दण्डित किया गया । उक्त मामले में अभियोजन की ओर से श्री प्रमोद कुमार पटेल, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा सशक्त संचालन किया गया ।

## पाकिस्तान में बस-डंपर की टक्कर में 04 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर कराची में सोमवार को एक बस और डंपर के बीच टक्कर हो गई, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी बचाव सेवा ने दी। खबरों के अनुसार, यह दुर्घटना शहर के उत्तरी बाईपास पर उस समय हुई जब एक यात्री बस ने एक वाहन को ओवरटेक किया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। बचाव सेवा ने कहा कि बस चालक डंपर की रफ्तार का ठीक से अनुमान नहीं लगा सका जिसके कारण यह दुर्घटना हुई और कहा कि इस बीच एक ट्रॉलर डंपर से टकरा गया और उसके बाद एक कार भी टकरा गई।

# ज्यादा पी ली तो मिलेगी मुफ्त टैक्सी, 'पियक्कड़ों' के लिए यहां की सरकार ने शुरू की योजना



शराब पीने के बाद वाहन चलाना भारत ही नहीं बल्कि ज्यादातर देशों में गुनाह है। हालांकि इटली में इसका एक तोड़ निकाल लिया गया है। इटली एक योजना लागू करने वाला है जिसके तहत पार्टी एनिमल्स को मुफ्त में टैक्सी की सुविधा दी जाएगी। यहां ड्रंक ड्राइविंग की वजह से होने वाले ऐक्सिडेंट्स में कमी लाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। यह पायलट प्रोजेक्ट सितंबर के मध्य तक चलाया जाएगा। इसमें पुगलिया से तुस्कानी और वेनीतो तक के 6 नाइटक्लब्स को शामिल किया जा रहा है।

इस योजना के तहत क्लब से निकलने के दौरान टेस्ट किया जाएगा। अगर किसी ने ज्यादा पी ली है तो उसके लिए तुरंत टैक्सी का इंतजाम किया जाएगा। इस योजना के लिए फंडिंग भी यहां का परिवहन मंत्रालय कर रहा है।

यहां की सरकार ने योजना को ट्रायल के रूप में लागू करने को मंजूरी दी है। अगर इससे फायदा नजर आता है तो इसे परमानेंट भी किया जा सकता है।

सोशल मीडिया पर यहां के परिवहन मंत्री मैत्तियो सालविनी ने लिखा कि जिन लोगों ने ज्यादा पी ली है उनको रात में फ्री टैक्सी की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर हादसों को कम करने के लिए यह पाइलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। बता दें कि इटली में ड्रिंक ड्राइव बड़ी चुनौती बन गई है। 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे ईयू देशों के यहां ऐक्सिडेंट ज्यादा हो रहे हैं।

एक नाइटक्लब के बाहर खड़े शख्स ने कहा, हमें लगता है कि सरकार का यह अच्छा प्लान है। ऐसे में ऐक्सिडेंट कम किए जा सकते हैं। लोग अकसर बाहर पीने और डांस करने जाते हैं। उनको किसी और तरीके से रोकना मुमकिन नहीं है। ऐसे में यह आइडिया अच्छा है। वहीं एक नाइटक्लब के मालिक सैमुलेले ने कहा, मुझे खुशीहै कि सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। लोग यहां अपना दुख भुलाने के लिए आते हैं और ऐसे में ज्यादा भी पी लेते हैं। अब टैक्सी उन्हें सुरक्षित घर छोड़ देगी।

# आतंकियों वाले बैरक में कैद इमरान खान, बाथरूम में दरवाजा तक नहीं, चींटी और मच्छरों से परेशान



**इस्लामाबाद।** तोशाखाना मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में डाल दिया गया है। इमरान खान के वकील ने दावा किया है कि उन्हें बहुत ही बुरे हालात में सी क्लास बैरक में रखा जा रहा है। इमरान खान इन दिनों पाकिस्तान के पंजाब में अटोक जेल में हैं। इस जेल को खूंखार अपराधियों और आतंकियों को कैद करने के लिए भी जाना जाता है। वकील ने दावा किया कि पहले जेल प्रशासन ने इमरान खान से किसी को मिलने नहीं दिया। दो दिन बाद दोपहर में इमरान खान के वकील नईम हैदर पंजोठा को उनसे मिलने दिया गया। इससे पहले पंजोठा ने इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने यह भी मांग की है कि इमरान खान को जेल में क्लास की सुविधाएं दी जाएं। इसके अलावा इमरान खान को उनकी टीम से भी मिलने दिया जाए। इस लिस्ट में उनके पर्सनल डॉक्टर फैसल सुल्तान और परिवार के लोग भी शामिल हैं।

**बाथरूम में दरवाजा भी नहीं**

इमरान से मिलने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजोठा ने कहा, इमरान खान को 9 बाइ 11 फीट की छोटी सी सी क्लास बैरक में रखा गया है। उनकी बैरक में ओपन बाथरूम है जिसमें ना तो दीवार है और ना ही दरवाजा। रात में बारिश का पानी उनकी बैरक में घुस गया। उन्होंने कहा, इतनी परेशानियों के बाद भी इमरान खान इबादत कर रहे हैं। उनका उत्साह कम नहीं हुआ है।

**मच्छर और चींटियों से परेशान इमरान**

वकील ने दावा किया कि जेल में इमरान खान मच्छर और चींटियों से परेशान हैं। दिन में चींटियां और रात में मच्छर हमला करतेहैं। खाने के बारे में उन्होंने बताया कि इमरान खान को दाल और साग दिया जाता है। उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। इमरान खान ने उनसे कहा कि मीडिया को बता दें कि वह गुलामी कभी स्वीकार नहीं करेंगे चाहे उन्हें डी क्लास जेल में डाल दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उनके घर पर हमला हो रहा है। शनिवार को उनके बेडरूम का दरवाजा और खिड़की तोड़ने की कोशिश की गई।

## आज का इतिहास

1173– दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ।

1483– वेटिकन का सिस्टिन चैपल प्रार्थना के लिए खुला।

1788– गुलाम कादिर ने दिल्ली के सुलतान शाह आलम द्वितीय की आंख में अपना खंजर घोंपकर उसे अंधा कर दिया।

1830– लुई फिलिप फ्रांस के राजा बने।

1831– अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली।

1892– थॉमस अल्वा एडिसन ने टू–वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया।

1910– अल्वा फिशर ने बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया।

1916– कैलिफ़ोर्निया में लस्सेन ज्वालामुखीय राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किया गया।

1925– क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 10 लोगों ने ट्रेन के डिब्बे में लोहे की तिज़ोरी को तोड़कर चार हज़ार रुपये लेकर फरार हो गए।

## सुडोकू 6281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# जर्मनी में मिला दूसरे विश्व युद्ध का बम-वजन-500 किलो, 13 हजार लोगों को हटाया गया

जर्मनी के डसलडॉर्फ शहर में सोमवार को वर्ल्ड वॉर 2 के समय का बम मिला। इसके बाद शहर के 13 हजार लोगों को टेम्पेररी तौर पर घर छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिका में बने इस बम का वजन 500 किलोग्राम है। डीडब्ल्यू के मुताबिक, पुलिस, फायरब्रिगेड और बॉम्ब स्क्वॉड घटनास्थल पर मौजूद है और बम को निष्क्रिय करने में लगे हैं। ये बम चिड़ियाघर के पास काम कर रहे वर्कर्स को मिला था। इसके बाद घटनास्थल पर 500 मीटर के एरिया से लोगों को हटा दिया गया और आसपास की सड़कें बंद कर दी गईं। लोगों को शहर के 2 स्कूलों में शिफ्ट किया गया। शहर से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट बदल दिया गया। इसके अलावा लोकल बस और ट्राम सर्विस भी रोक दी गई।

**पहले भी मिले हैं ऐसे बम**

जर्मनी के कई शहरों में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम के दौरान इस तरह के बम मिलते रहते हैं। इससे पहले 2021 में म्यूनिख में भी दूसरे विश्व युद्ध के समय का बम फट गया था, जिससे 4 लोग घायल हो गए थे। वहीं 2020 में भी फ्रैंकफर्ट में एक ब्रिटिश बम मिलने के बाद करीब 13 हजार लोगों को टेम्पररी घर छोड़ना पड़ा था। 2017 में फ्रैंकफर्ट में ही 1400 किलो का एक बम मिला था, जिसके बाद करीब 65 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा था। वर्ल्ड वॉर 2 के दौरान 1940 से 1945 के बीच अमेरिका और ब्रिटेन की एयरफोर्स ने यूरोप पर करीब 2.7 मिलियन टन के बम गिराए थे। इनमें से आधे से ज्यादा बम जर्मनी में गिरे थे।

## सच्चाई शक्तिशाली है व विजय होगी : अभिषेक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि सच्चाई शक्तिशाली है और विजय होगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व सांसद बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि ईडी की रैंकों पर अयोग्य और अक्षम लोगों को देखना वास्तव में निराशाजनक है जिनके पास सप्ताह में दो बार अपने राजनीतिक संरक्षकों की सेवा में मीडिया में मनगढ़ंत कहानियां प्रसारित करने की अद्वितीय प्रतिभा है।

## बरेली में दीवार ढहने से दो बच्चों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह बारिश के बीच कच्ची दीवार ढहने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई जबकि माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। खलपुर गांव निवासी उमेश और राजीव पड़ोसी हैं। उनके घरों की एक ही दीवार थी। उमेश अपनी पत्नी सुमन, बेटे विवेक, बेटी प्रियांशु और सात साल बेटी नीतू के साथ घर में सो रहे थे। सोमवार सुबह बारिश होने से कच्ची दीवार ढह गई जिसमें विवेक और प्रियांशु की मलबे में दब कर मौके पर ही मौत हो गई।

## नीतीश ने जनता के दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 72 लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सुपौल जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी जमीन को फर्जी कागज के आधार पर दूसरे व्यक्ति ने बेच दी है। सुपौल जिले से ही आई एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को कब्जा कर लिया गया है और दबंगों द्वारा मारपीट की जा रही है।मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी

# आतंकियों के नए ठिकाने बन रहे हैं राजौरी, पुंछ व किश्तवाड़ के इलाके

**जम्मू,** (देशबन्धु)। सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी अब राजौरी, पुंछ तथा किश्तवाड़ के इलाकों को सुरक्षित ठिकाना मान रहे हैं। इन तीनों जिलों में पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले घातक हमले और बरामदगियां इसका सबूत हैं। इस वर्ष जनवरी से अब तक तीनों जिलों में हालांकि दर्जनों आतंकियों को मार डाला गया है।समाचार भिजवाए जाने तक राजौरी में एक आतंकी और मारा गया था तथा दो से तीन को घेरे में ले रखा था।

यह भी सच था कि राजौरी तथा पुंछ के जिले सेना के लिए सबसे अधिक सिरदर्द इसलिए बन गए थे क्योंकि एलओसी से सटे होने के कारण पाक सेना ने अब घुसपैठ के लिए इन्हीं दोनों जिलों पर अपना ध्यान केंद्रित कर आतंकियों को धकेलना तेज किया हुआ है।

अधिकारियों ने इसे माना है कि इन दोनों जिलों में विदेशी आतंकियों का जमावड़ा है। हालांकि जम्मू रेंज के एडीजीपी मुकेश सिंह इसे मानते थे कि आतंकियों के तीन से चार दल इन जिलों में एक्टिव हैं। पर वे भी इसके प्रति कोई जानकारी नहीं दे पाते थे कि इन समूहों में कुल कितने आतंकी हैं। वैसे एक सूत्र के बकौल, ताजा घुसे 25 से 30 आतंकी कुछेक स्थानीय आतंकियों के सहारे इन दोनों जिलों में आतंकवाद को पुन: जिन्दा करने में कामयाब हुए हैं। दोनों जिलों में सबसे अधिक भयानक वे दो दिन माने जाते रहे हैं जब आतंकियों ने 20 अप्रैल को पुंछ के भाटा धुरियां और फिर 5 मई को राजौरी के केसर क्षेत्र में घात लगाकर सेना के कुल 10 जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। हालांकि उसके बाद गुस्साई सेना ने आतंकियों को जड़ से उखाड़ने में कोई कसर तो नहीं छोड़ी पर फिलहाल उम्मीद के मुताबिक कामयाबी इसलिए हाथ नहीं लग पा रही है क्योंकि उस पार से आतंकियों की नफरी आती ही जा रही है।



■ पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले हमले हैं सबूत

वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं। कुछेक आतंकियों को इस जिले में भी मार गिराया गया है पर खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है।

## ईरान में इमारते ढहने से तीन की मौत, 11 घायल

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में कई अर्ध–निर्मित इमारतों के ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी हैं। ईरान की छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह घटना रविवार सुबह उस समय हुई जब तेहरान नगर पालिका के कर्मचारी, प्रांतीय पुलिस बल जिला 19 में एक 'असुरक्षित' इमारत को ध्वस्त करने की निगरानी कर रहे थे।

तेहरान पुलिस सूचना केंद्र के एक बयान का हवाले से सामचार एजेंसी बताया कि इमारत के गिरने से आसपास की पांच इमारतें ढह गईं। जो कि असुरक्षित थी, जिससे चार पुलिस अधिकारी और दो नगर पालिका कर्मचारी मलबे में दब गए। बचाव दल मलबे से लोगों को निकालने के लिए कार्य कर रहे हैं और अब तक चार लोगों को बचाया जा चुका है। तेहरान अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता जलाल मालेकी ने कहा कि घटना की सूचना स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:24 बजे दी गई।

क्रेन और मलबा हटाने वाले उपकरणों की सहायता से बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि एक इमारत पूरी तरह से ढह गई।

## वर्ग पहेली 6281

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**

१. जीवन का अवलंब या सहारा
३. हलचल, घबराहट, उथल–पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, मस्तक
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:–**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

## वर्ग पहेली–6280

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | २ प | स्था | ३ न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ग | जी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

**चिंता** *राजौरी व पुंछ में हुए हमलों से सुरक्षाबलों ने नहीं लिया कोई सबक*

# कुलगाम में अचानक हुए हमले में गई थी तीन जवानों की जान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। कुलगाम के हलन गांव में आतंकियों ने ठीक उसी प्रकार की रणनीति अपनाते हुए 4 अगस्त को तीन जवानों की जान ले ली थी जिस प्रकार उन्होंने राजौरी व पुंछ में 10 जवानों को मार डाला था। उसी रणनीति के तहत ही उन्होंने मौके से चार एके 47 राइफलों को भी लूट लिया था।**

मिलने वाली सूचनाएं कहती हैं कि आतंकियों ने उस समय हलन गांव में सेना की 34वीं राष्ट्रीय रायफल्स के जवानों पर हमला बोला था जब वे कश्मीर पुलिस के साथ मिल कर एक टेंट गाड़ रहे थे। हमलावर आतंकियों को इसके प्रति पूर्व सूचना थी कि सुरक्षाबल वहां पर एक समारोह के लिए एकत्र हुए हैं। हमले में 3 जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिनमें सेना के दो और कश्मीर पुलिस का एक



■ सत्रह दिनों में सेना ने पहली बार खोए थे इतनी संख्या में अपने जवान

जवान था। हालांकि सेना के दो अन्य जवान भी गंभीर रूप से जख्मी हैं जिनका इलाज चल रहा है। इस हमले की खास बात यह थी कि आतंकी घटनास्थल से जवानों की 4 एके 47 राइफलें भी लूटने में कामयाब हुए थे जिस पर अभी तक सेना द्वारा चुप्पी साधी गई है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला ठीक वैसा ही था जिस तरह से आतंकियों ने पुंछ के भाटा धुरियां में इस साल 20 अप्रैल को सेना के उस वाहन को राकेट लांचर से उड़ा दिया था जो रोजादारों के लिए सामान लेकर जा रहा था और उसमें पांच जवान मारे गए थे। 20 अप्रैल को हुए इस हमले के करीब 17 दिनों के बाद फिर से आतंकियों ने हमला बोला था और अबकी बार उन्होंने पुंछ से सटे राजौरी जिले के केसर इलाके में सेना के पांच जवानों को मार डाला था।

सत्रह दिनों के अरसे में सेना ने पहली बार इतनी संख्या में अपने जवान खोए थे। पर इसके बावजूद वह इन हमलों से सबक नहीं ले पाई और न ही जवानों की मूवमेंट की सूचनाओं को लीक होने से रोक पाई। बताया जाता है कि कुलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ वहां आसपास घने जंगलों में बड़ी संख्या में आतंकियों के छुपे होने की खबरें तो थीं पर उनको हल्के तौर पर लेते हुए इलाके की छानबीन ही नहीं की गई थी। नतीजा अब चार दिनों से सैंकड़ों जवान और दर्जनों ड्रोन इन हमलावर आतंकियों की थाह तक नहीं पा सके हैं। वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं। कुछेक आतंकियों को इस जिले में भी मार गिराया गया है पर खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रविवार को राजौरी जिले के खवास इलाके में भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे एक आतंकवादी को चल रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मार गिराया गया था।

# खेल जगत

## कीज़ ने ओपनर में वीनस विलियम्स को हराया



**मॉन्ट्रियल ( कनाडा )।** मैडिसन कीज़ ने यहां कैनेडियन ओपन के पहले दौर में पूर्व नंबर एक वीनस विलियम्स को 6-2, 7-5 से हरा दिया। दोनों अमेरिकियों के बीच करियर की छठी भिड़ंत में, कीज़ ने बेसलाइन से स्थिर प्रदर्शन के साथ विलियम्स पर अपनी चौथी जीत हासिल की। मॉन्ट्रियल में 13वीं वरीयता प्राप्त कीज़ घास के मौसम की शुरुआत के बाद से शानदार फॉर्म में हैं। उसने अपने पिछले तीन टूर्नामेंटों में क्वार्टर फाइनल या इससे बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसमें पिछले सप्ताह मुबाडाला सिटी डीसी ओपन भी शामिल है। कीज़ ने विलियम्स को मैच के अधिकांश समय तक दूर रखा, जब तक कि वह 6-2, 5-4 से जीत हासिल करने के लिए लाइन में नहीं आ गईं, तब तक लगातार आगे बढ़ती रहीं। विलियम्स ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेला, पहली बार कीज़ को तोड़ने से पहले सात मैच प्वाइंट बचाने के लिए प्रयास किया।

# भारत को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में रोकना पाक के लिए बेहद मुश्किल

सत्येन्द्र पाल सिंह

**चेन्नै** (देशबन्धु)। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान खेलों में खासतौर पर हॉकी और क्रिकेट में किसी भी मंच पर कहीं भी आमने-सामने हों तो मैच को लेकर एक अलग ही रोमांच रहता है। भारत और पाकिस्तान के बीच यहां पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के बुधवार को खेले जाने वाले अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच को लेकर खासतौर पर हॉकी प्रेमियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। भारत और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के लिए यह मैच अपना जलवा दिखा हीरो बनने का मौका है। बतौर ड्रैग फ्लिकर और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अनुकरणीय खेल से तीन बार चैंपियन रह चुकी भारतीय टीम तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ दस अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां बुधवार को अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान बना चुकी है। भारत को रोकना पाकिस्तान के लिए बेहद मुश्किल होगा। भारत के पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने की उम्मीद है। भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कुल पांच गोल कर गोल दागने में शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि उनके साथी ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार और स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने दो -दो किए हैं।

भारत का पलड़ा पिछले करीब सात बरस से तो पाकिस्तान के खिलाफ भारी रहा है। भारत ने पाकिस्तान से पिछले 15 मैचों में से 12 जीते और दो ड्रॉ खेले और मात्र एक हार दक्षिण एशियाई खेलों में तब झेलनी पड़ी जब उसने इसमें अपनी तीसरे दर्जे की टीम उतारी थी।



### पाक के खिलाफ ध्यान रणनीति को अंजाम देने पर : फुल्टन

भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, भारतीय टीम के स्पेन में टूर्नामेंट खेलने के तुरंत बाद यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने उतरने पर रिकवरी में वक्त लगा। हमारे खिलाड़ी अब स्ट्रक्चर के मुताबिक खेल रहे हैं। हमारे स्ट्राइकर मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर पर गोल बना रहे हैं। हमारे पास कप्तान हरमनप्रीत के साथ वरुण कुमार, जुगराज और अमित रोहिदास के रूप में पेनल्टी कॉर्नर ड्रैग फ्लिकरों के रूप में पर्याप्त विकल्प हैं। पाकिस्तान नौजवान खिलाड़ियों से सज्जित टीम है और हम उसे हल्के में नहीं लेंगे। हमारा ध्यान अपनी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी रणनीति को अंजाम देने पर रहेगा।

### मजबूत भारतीय टीम को उसके घर में मात देना मुश्किल : सकलेन

पाकिस्तान हाकी टीम के कोच मुहम्मन सकलेन यहां एशियन चैंपियस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय हॉकी टीम को हर लिहाज से मजबूत मानते हैं। सकलेन ने पाकिस्तान के भारत के खिलाफ बुधवार को अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने अपने शुरू के दो मैचों में गोल करने के बहुत मौके गंवाए। फिर भी चीन के के खिलाफ इस टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करना सुखद है। हमने इससे पहले के दो मैचों में गोल करने बहुत मौके गंवाए। भारत ओलंपिक कांस्य पदक विजेता है। भारत ने जिस तरह मलयेशिया के खिलाफ बड़े अंतर से शिकस्त दी उसे देखते हुए हमारे लिए उसे उसके घर में मात देना मुश्किल होगा।

- भारत के पाक के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने की उम्मीद
- चमत्कार ही पाकिस्तान को भारत पर दिला सकता है जीत

भारत की मौजूदा फॉर्म के आधार पर चमत्कार ही पाकिस्तान को जीत दिला सकता है। मौजूदा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक 12 राउंड रॉबिन लीग मैचों में कुल 51 गोल हुए हैं।भारत ने अपने चार मैचों में सबसे ज्यादा 16 गोल किए हैं और इनमें से 14 पंजाब के खिलाडियों ने किए हैं। भारत ने अब मात्र पांच गोल खाए हैं।

तीन बार चैंपियन रही पाकिस्तान ने भारत से बीता बरस एशिया कप में मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पहले लीग में और फिर कांस्य पदक के मैच में पाकिस्तान को हराया था। पिछले संस्करण में खेलने वाली मेजबान भारतीय हॉकी टीम के आठ और पाकिस्तान की टीम में कप्तान उमर बुट्टा, अफराज, अब्दुल राणा सहित तीन खिलाड़ी ही यहां शिरकत कर रही टीम में हैं। पाकिस्तान के पास भारत से मैच हार भी जाता है तो भी उसके पास सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बनने का मौका है। दरअसल यदि चीन की टीम जापान को ड्रॉ पर मजबूर कर देती अथवा उसे बड़े अंतर से जीतने से रोक देती है तो पाकिस्तान का अंकों के आधार चौथी टीम के रूप में सेमीफाइनल का रास्ता साफ हो सकता है। ऐसे में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर आमने सामने हो सकते हैं।

# भारत ने द. कोरिया को 3-2 से हरा शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में स्थान पाया



**चेन्नै** (देशबन्धु)। स्ट्राइकर अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप, आकाशदीप सिंह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह का परस्पर तालेमल से खेलते हुए दक्षिण कोरिया के गोल पर मैच शुरू होते ही दबाव बनाना भारत के काम आया। नीलकांत शर्मा, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह के एक -एक गोल से भारत ने दक्षिण कोरिया को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में सोमवार को 3-2 से हरा चार मैचों में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ दस अंक ले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। भारत अब अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच में बुधवार को आखिरी मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा दक्षिण कोरिया के लिए सुंगहयुन किम ने 12 वें मिनट में और जीहयुन यांग ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले आखिरकर 11 वें आखिरी पेनल्टी कॉर्नर पर किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चौथे और अंतिम क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को फ्लिक किया इस पर गेंद गोलरेखा पर दक्षिण कोरिया के कप्तान जोंगहयुन जांग के पैर लगी और मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर वह गेंद को सीधे गोलरक्षक के पैड पर मार गोल करने का आसान मौका चूक गए। भारत ने यदि मौकों का खासतौर पर पहले क्वॉर्टर में बेहतर उपयोग किया होता और कप्तान हरमनप्रीत सिंह

- भारत की जीत में नीलकांत , हरमनप्रीत और मनदीप का एक -एक गोल

आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करने से न चूके होते वह मैच आसानी से कहीं बड़ी अंतर से जीतता। दक्षिण कोरिया को आखिरी क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में लगातार चार और फिर खेल खत्म होने से सात मिनट पहले मिले लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर सहित कुछ मैच में कुल 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उनके कप्तान जोंगहयुन जांग इसमें से दस पर चूके पर अंतिम जीहयुन यांग ने मैच का आखिरी गोल दागा। भारत की रक्षापंक्ति में हड़बड़ी में कप्तान हरमनप्रीत सिंहऔर वरुण कुमार ने हड़बड़ी में कई गलतियां की और इसी कारण दक्षिण कोरिया को आखिरी क्वॉर्टर में नै पेनल्टी कार्नर मिले।

नीलकांत ने सुखजीत सिंह के और मनदीप सिंह ने शमशेर के बेहतरीन पास पर डी में अचूक निशाना जमा और कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। सुखजीत सिंह ने बेहतरीन पास देने के साथ यदि पहले क्वॉर्टर में डी के भीतर गोल करने के बेहद आसान मौके न गंवाए होते तो भारत पहले ही क्वॉर्टर में 3-1 से आगे होता। भारत की मध्यपंक्ति में जहां हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह ने साथी स्ट्राइकरों के लिए आगे बराबर गेंद बढ़ाई वहीं नौजवान सेंटर हाफ विवेक सागर प्रसाद ने खासतौर पर दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर जुंगहो किम, सुंगहोकिम और जिंगवांग हयुन से बीच में गेंद छीन कर उसे भारत के गोल पर शॉट जमाने से रोका। भारत अब बुधवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा।मलयेशिया ने चार मैचों में नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम चार में जगह बनाई । दक्षिण कोरिया और पाकिस्तान के चार चार मैचों से समान रूप से पांच पांच हैं जबकि जापान के इतने ही मैचों से दो अंक हैं और वह भी इन दोनों के साथ अंतिम चार की होड़ में बस बना हुआ हैं।

# पहली बार महिला विश्व कप के शीर्ष-8 में कोलंबिया



**मेलबर्न**। कोलंबिया ने फीफा महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को जमैका पर 1-0 की ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया। मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम पर दोनों टीमों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन 51वें मिनट में कैटलीना उस्मे का गोल कोलंबिया की जीत में निर्णायक साबित हुआ। दक्षिण अमेरिकी टीम 2019 महिला विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी, लेकिन उसके बाद से इसने तेज़ी से सुधार किया है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली कोलंबिया ने पहले चरण में विश्व कप नंबर दो जर्मनी को मात दी थी और क्वार्टरफाइनल में उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरी ओर, विश्व कप 2019 में ग्रुप चरण में अपने सभी मुकाबले हारकर बाहर होने वाली जमैका भी बड़ी आकांक्षाओं के साथ टूर्नामेंट में नहीं आयी थी, लेकिन उसने फ्रांस, पनामा और ब्राज़ील को गोल नहीं करने दिया और सभी की वाहवाही लूटी। कैटलीना के गोल ने हालांकि जमैका का स्वप्निल अभियान खत्म कर दिया। मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमों ने गेंद पर कब्ज़ा रखने में संघर्ष किया। जमैका ने कोलंबिया के आक्रामक रवैये के जवाब में खदीजा शॉ की मदद से मौके बनाने की कोशिश की लेकिन गेंद ज्यादातर मिडफील्ड में ही रही। मुकाबले में जान दूसरे हाफ में आयी जब ऐना गज़्मैन ने गेंद जमैका के अर्द्ध में कैटलीना के पास पहुंचाई। कैटलीना डिनेशा ब्लैकवुड को छकाते हुए जमैका के गोलपोस्ट की ओर बढ़ीं और गेंद को नेट में पहुंचा दिया। जमैका ने टूर्नामेंट का पहला गोल खाने के बाद स्कोर बराबर कर लिया होता लेकिन जोडी ब्राउन का हेडर कोलंबिया की गोलकीपर को पार नहीं कर सका।

# पाकिस्तान का दामन छोड़ अमेरिका में क्रिकेट खेलेंगे फवाद : रिपोर्ट



न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के 36 वर्षीय बल्लेबाज फवाद आलम ने राष्ट्रीय टीम में लंबे समय तक मौका न मिलने के बाद अमेरिकी क्रिकेट की ओर रुख करने का फैसला किया है। क्रिकबज़ की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, फवाद अमेरिका की माइनर लीग क्रिकेट टी20 में शिकागो किंग्समेन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

फवाद से पहले पाकिस्तान के समी अहमद, हम्माद आज़म, सैफ़ बदर और मोहम्मद मोहसिन ने भी अपने क्रिकेट कौशल का इस्तेमाल करने के लिये अमेरिका जा चुके हैं। फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में की, लेकिन पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में उनकी उपस्थिति छिटपुट ही रही है। साल 2009 में टेस्ट डेब्यू में शतक बनाने के दो मैचों के बाद फवाद को टीम से बाहर कर दिया गया और घरेलू क्रिकेट में 55 की औसत से रनों का पहाड़ खड़ा करने के बावजूद उन्हें 11 साल तक राष्ट्रीय टीम में तलब नहीं किया गया।

साल 2020 में अपने करियर को नया जीवन मिलने के बाद फवाद ने कुछ समय के लिये टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने वापसी के बाद न्यूजीलैंड में अपने तीसरे मैच में विषम परिस्थितियों में शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ भी सैकड़े जड़े। फवाद हालांकि अपनी अपरंपरागत तकनीक के कारण आलोचना से नहीं बच सके। फवाद ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2022 घरेलू टेस्ट श्रृंखला की चार पारियों में मात्र 33 रन बनाये और जुलाई 2022 में श्रीलंका टेस्ट सीरीज में असफल होने के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।


फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 19 टेस्ट मैचों के अलावा 38 एकदिवसीय मैच और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। वह पाकिस्तान में अपने करियर का अंत 201 प्रथम श्रेणी मैचों में 14,000 रन बनाकर कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### नोह सदौई की हैट्रिक, एफसी गोवा ने शिलांग को 6-0 से हराया

**गुवाहाटी।** शीर्ष इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब एफसी गोवा ने मंगलवार को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में शिलांग लाजोंग एफसी को 6-0 से हराकर डूरंड कप 2023 ग्रुप स्टेज अभियान की शानदार शुरुआत की। रोवलिन बोर्जेस, विक्टर रोड्रिग्ज और कार्लोस मार्टिनेज ने मेन इन ऑरेंज के लिए अपने डेब्यू मैच में एक-एक गोल किया, जबकि नोह सदौई ने बेहतरीन हैट्रिक दर्ज की। मुख्य कोच मनोलो मार्केज़, जो पिछले सीज़न से रेड-कार्ड मिलने के बाद निलंबन झेल रहे हैं, उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच बेनिटो मोंटाल्वो ने टीम का नेतृत्व किया। अर्जेंटीना के रणनीतिज्ञ ने संदेश झिंगन, ओडेई ओनाइंडिया और रोवलिन बोर्गेस को क्लब के लिए पहली शुरुआत दी, जबकि कार्लोस मार्टिनेज, विक्टर रोड्रिग्ज और रेनियर फर्नांडीस ने भी दूसरे हाफ में अपनी शुरुआत की। एफसी गोवा ने जल्द ही गेम को अपने पक्ष में करने के लिए आक्रामक रुख अपना लिया। शुरुआत में बढ़त मिलने के बाद गोवा ने तेजी से गोल का अंतर बढ़ाया। रोड्रिग्ज और नूह सदौई के शानदार गोल के बाद टीम ने शिलांग को मैच में काफी पीछे कर दिया था।

# भारतीय जूनियर पुरुष महिला टीम के कोच बने क्रुइस



नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को दो दशक से अधिक के कोचिंग अनुभव वाले नीदरलैंड के हरमन क्रुइस को भारतीय पुरुष और जूनियर महिला हॉकी टीमों का कोच नियुक्त करने की घोषणा की।

अपने कार्यकाल के दौरान क्रुइस इस साल के अंत में मलेशिया में होने वाले एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 और सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 से पहले भारत की जूनियर पुरुष और महिला टीमों की तैयारियों की देखरेख करेंगे।

अपने विशाल कोचिंग करियर में क्रुइस ने नीदरलैंड एक क्लब डेन बॉश लेडीज़ के साथ उनके प्रमुख कोच के रूप में काम किया है। क्रुइस के कार्यकाल के दौरान टीम ने लगातार आठ बार यूरोपीय कप जीता। वह 2006 से 2008 के बीच नीदरलैंड इंडोर महिला हॉकी के राष्ट्रीय प्रमुख कोच भी थे। इसके अलावा उन्होंने 2008 से 2010 के बीच नीदरलैंड आउटडोर हॉकी टीम की कमान संभाली। अपने सबसे हालिया कार्यकाल में वह 2016 से अगस्त 2023 के बीच बेलारूस इंडोर और आउटडोर टीम के राष्ट्रीय प्रमुख कोच थे। क्रुइस एक प्रमाणित एफआईएच कोच-शिक्षक हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की ने क्रुइस का स्वागत करते हुए कहा, हॉकी इंडिया को जूनियर टीमों के लिये हमारे राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिष्ठित वरिष्ठ कोच हरमन क्रूज़ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। वह जूनियर पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों की देखरेख करेंगे और मेरा मानना है कि उनका अनुभव एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में हमारी संभावनाओं को और बढ़ावा देगा। वह जूनियर महिला टीम के कोच तुषार खांडकर और जूनियर पुरुष टीम के कोच सीआर कुमार के साथ मिलकर काम करेंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में वांछनीय परिणामों की दिशा में काम करने के लिये हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने हरमन क्रूज़ को लाकर हमारे कोचिंग स्टाफ को मजबूत करने का निर्णय लिया। उनका अनुभव इस साल प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारी कर रही दोनों टीमों के लिये मूल्यवान होगा।

# मोरक्को को रौंदकर फ्रांस क्वार्टरफाइनल में

**एडिलेड** । फ्रांस ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा प्री-क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को मोरक्को को 4-0 से रौंदकर शीर्ष आठ का टिकट कटा लिया। हिंडमार्श स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में कडिडाटू डियानी (15वां मिनट) और केन्ज़ा डाली (20वां मिनट) ने फ्रांस के लिये एक-एक गोल किया, जबकि यूजीनी ली सॉमर (23वां, 70वां मिनट) ने दो गोल जमाये। डियानी ने 15वें मिनट में मोरक्को के गोल के करीब आकर एक हेडर के ज़रिये फ्रांस का खाता खोला। पांच मिनट बाद डियानी ने दाहिनी ओर से गेंद को कट करके डाली के पास पहुंचाया। डाली ने कुछ क्षण इंतज़ार करने के बाद गेंद को नेट में पहुंचाया और फ्रांस की बढ़त दोगुनी कर दी। मोरक्को ने मैच में धीरे-धीरे वापसी का प्रयास शुरू ही किया था कि डियानी ने एक बार फिर मोरक्को से गेंद छीनी जिसे ली सॉमर ने नेट में पहुंचाकर स्कोर 3-0 कर दिया। ली सॉमर ने स्थानापन्न खिलाड़ी विकी बेको के लंबे क्रॉस की सहायता से दूसरे हाफ में भी एक गोल किया। दूसरी ओर, पहली बार महिला विश्व कप के नॉकआउट में पहुंचा मोरक्को शुरुआत से ही बैकफुट पर रहा।

# आप एक या दो दिन में नहीं जीत सकते निरंतर रहना होगा : रोहित शर्मा

**बारबाडोस**। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने एकदिवसीय विश्व कप की यादों को ताजा किया है और अक्टूबर में शुरू होने वाले घरेलू अभियान को आशावादी रूप से देखते हुए कहा है कि मेगा इवेंट जीतने के लिए टीम को पूरे महीने, डेढ़ महीने तक अच्छा खेलने और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। हालांकि भारत पिछले दो पुरुष क्रिकेट विश्व कप में सेमीफाइनल चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है, लेकिन कप्तान का मानना है कि उनकी टीम भारत की 2011 की सफलता का अनुकरण कर सकती है। क्रिकेट विश्व कप 2023 ट्रॉफी टूर के बारबाडोस चरण के दौरान, 19 नवंबर को होने वाले फ़ाइनल की ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए, रोहित ने भारत की तैयारी में माप और धैर्य के महत्व को व्यक्त किया।

आईसीसी ने भारत के कप्तान के हवाले से कहा, हम इस साल फिर से घर वापस आ गए हैं, इसलिए उम्मीद है कि हम चीजों को बदल सकते हैं। अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है और हम जानते हैं कि आप एक या दो दिनों में विश्व कप नहीं जीत सकते, आपको पूरे समय अच्छा खेलना होगा। महीना, डेढ़ महीना और लगातार अच्छा खेलना होगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने दृष्टिकोण से हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि हम उस विश्व कप के लिए तैयार हैं। कई लोगों के लिए, टूर्नामेंट के दौरान बल्ले से रोहित का इनपुट महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने न केवल 2019 के आयोजन में रनों की संख्या में शीर्ष स्थान हासिल किया (81 के औसत से 648 रन) - उन्होंने टूर्नामेंट में पांच शतक लगाए - और उन्हें कोई भ्रम नहीं है कि भारत के आग उगलने के लिए, उन्हें चार साल की अपनी सफलता का अनुकरण करने के करीब जाना होगा।


**सरनेम परिवर्तन**

[illegible]

पुराना नाम आलोक कुमार मेश्राम , परिवर्तित नाम आलोक कुमार मसराम
मो. न. 7440892015



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता आरक्षक 186, प्रकाशि सिंह तेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) उम्र लगभग 41 वर्ष पिता श्री प्रहलाद सिंह तेकाम निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर अधारताल, जिला जबलपुर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं यह कि मैं शपथकर्ता छटवीं बटालियन, विसबल, रांझी जबलपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूं यह कि मुझ शपथकर्ता के सेवा पुस्तिका में मेरा नाम प्रकाश सिंह टेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) दर्ज है जिसमें हिन्दी में मेरा सरनेम टेकाम में त के स्थान पर ट दर्ज है। यह कि मुझ शथपकर्ता के आधार कार्ड ( 4026 1156 0457 ) एवं पेन कार्ड ( CQKPS 4057F ) में मेरा नाम प्रकाश सिंह तेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। यह कि प्रकाश सिंह टेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) एवं प्रकाश सिंह तेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) ये दोनों ही नाम मुझ शपथकर्ता के ही हैं, किसी अन्य व्यक्ति के नहीं है। यह कि मुझ शपथकर्ता के सेवा पुस्तिका में मेरा पूरा व सही नाम प्रकाश सिंह तेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) दर्ज किया जावे। भविष्य में मुझ शपथकर्ता को प्रकाश सिंह तेकाम ( PRAKASH SINGH TEKAM ) पिता श्री प्रहलाद सिंह तेकाम के नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे।

शपथकर्ता
प्रकाश सिंह तेकाम
( PRAKASH SINGH TEKAM )
र.नं. 917



**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/283/अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपालदास केसवानी पिता स्व. श्री टेकचंद केसवानी व अन्य निवासी 2279 तैयब अली, पैट्रोल पंप के पास नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.12.93 के माध्यम से मौजा जिलहरीघाट प.ह.नं. 45 ख.नं. 97/13 शीट नं. .. प्लाट नं... रकवा 0.245 हेक्टे/विक्रेता श्रीमती लाजवंती असरानी, नरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा / बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र/ फौती एवं नक्शा बटांकन की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 14.08.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं।समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायलय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 02.08.23 को जारी।

जारी दिनांक-02/08/2023
पेशी दिनांक-14/08/2023

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर,
जबलपुर
र.नं. 908



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अमरेन्द्र पाण्डेय पिता श्री अनूप पाण्डेय निवासी-ब्यौहारबाग जबलपुर वालों ने विक्रेता जितेन्द्र कुमार पिता अतर सिंह निवासी- बेलबाग, जबलपुर वालों से मौजा सिलुवा प.ह.नं. 50/71, नं.बं. 444 खम्हरिया वृत्त, रा.नि.मं. बरेला तहसील व जिला जबलपुर स्थित खसरा नंबर, 128 रकवा 0.7700 हे. एवं विक्रेता संतो बाई, डिग्गोबाई, अहिल्या बाई वल्द कलुवा, सानिया बाई बेवा पूरनलाल, राजवीर वल्द हीरालाल, धन्तो बाई, शीला बाई, शशि बाई वल्द हीरालाल निवासी- जबलपुर वालों से मौजा ग्राम सिलुआ प.ह.नं. 50/71, नं.बं. 444 खम्हरिया वृत्त, रा.नि. मं. बरेला तहसील व जिला जबलपुर स्थित खसरा नंबर 17 रकवा 0.8000 हे. एवं खसरा नं. 253 रकवा 0.8600 हेक्टेयर कुल रकवा 1.6600 हेक्टेयर एवं विक्रेता धर्मेश कुमार पिता प्रेमलाल निवासी- पाटन जबलपुर वालों से ग्राम नीमखेड़ा जबलपुर के खसरा नं. 40/1 रकवा 1.000 हेक्टे. भूमि को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा उक्त संपत्तियों का आने वाले समय में रजिस्टर्ड बैनामा किया जाना तय किया गया है। उक्त संपत्तियों के संबंध में किसी भी व्यक्ति पारिवारिक व्यक्ति, संस्थान, वित्तीय संस्थान, बैंक व अन्य किसी को कोई भी आपत्ति या उजर दावा हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन के बाद मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त दस्तावेजों का पंजीयन करा लेगा।

जबलपुर
दिनांक-08/08/2023

आनंद कुमार गोल्हानी ( एडवोकेट )
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
आफिस/निवास रामलला चौक ग्वारीघाट
जबलपुर म.प्र. मो.नं. 9009975402, 9406753347
र.नं. 919



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल संतोष दाहिया पिता स्व. परमेश्वर दयाल दाहिया एवं श्रीमती गुलाब बाई दाहिया पति संतोष दाहिया उम्र-58 वर्ष निवासी- शंकर नगर सुहागी, जबलपुर के निर्देशानुसार आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि मेरा लड़का आशीष दाहिया पिता संतोष दाहिया एवं मेरी पुत्र वधु सुनीता दाहिया जिसका विवाह दिनांक 21.05.2022 को मेरे पुत्र आशीष दाहिया के साथ हुआ था। पुत्र वधु सुनीता दाहिया हमारे साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार करती है तथा शादी में चढ़ाये गये जेवर, लाख की 4 चूड़ी सोने की 1 तोला, मंगलसूत्र बड़ा सोने का 1 तोला, माला छोटी सोने की 5 आना, करधन 400 ग्राम चांदी का, पायल 250 ग्राम चांदी की, पंचाली सोने की 1 तोला अपने साथ लेकर बिना बताये दिनांक 21.05.2023 को मायके चली गयी है जिसके कारण मेरा पुत्र आशीष हम लोगों के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार करता है इयलिये हमले अपने पुत्र आशीष एवं पुत्र वधु सुनीता को अपनी संपत्ति एवं घर से बेदखल कर दिया है तथा हमारा इन लोगों से कोई नाता रिश्ता नहीं रह गया है। सुनीता एवं आशीष से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का संव्यवहार न करें। यदि आम सूचना के प्रकाशन के बाद भी यदि कोई भी व्यक्ति आशीष एवं सुनीता से संव्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी पक्षकार की नहीं होगी व स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दिनांक 7.8.2023

विश्वनाथ दुबे , एडवोकेट
म.प्र. हाईहोर्ट
आफिस एवं निवास- 2684, टीआई बंगले के पास, सी.ओ.डी. कॉलोनी
सुहागी आधारताल, जबलपुर
मो.नं.9329494743, 9424544743
र.नं. 912



**In The Court of XVI Additional Distric and Session Judge, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
अरुण प्रताप सिंह
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

**(MJC GW/0000035/2023)**

निगार सुल्ताना.....वादी
Vs
आम जनता.....प्रतिवादी

Process Id- /2023
पेशी दि.:-11/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - आम जनता

यह कि प्रार्थी निगार सुल्ताना ने आपके विरुद्ध एमजेसीजे डब्ल्यू याचिका अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी -प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ याचिका अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 की छाया संलग्न.
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( अरुण प्रताप सिंह )
जिला न्यायाधीश सोलहवें
जबलपुर ( म.प्र. )
र.नं. 918


SENSEX | BSE 65846.50 ▼ 106.98 | NSE 19570.85 ▼ 26.45 | MCX Gold 59309 ▼ 111 | silver 70216 ▼ 1052

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 82.84 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में डॉलर की मांग बढ़ने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 82.84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.80 पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 82.78 के उच्चस्तर और 82.85 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट दर्शाता 82.84 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।






## जल्द ही नए रंग और ब्रांडिंग के साथ नजर आएगी एयर इंडिया

### 10 अगस्त को हो सकता है एलान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अपने ब्रांड कलर, लोगो और अन्य चिह्नों में बदलाव कर सकती है, इसका खुलासा 10 अगस्त को एक इवेंट में किया जा सकता है। एयर इंडिया का मौजूदा लोगो 2014 से इस्तेमाल किया जा रहा है और इसमें नारंगी रंग के कोणार्क चक्र की छवि के साथ एक लाल हंस दिख रहा है। इसे एयर इंडिया के विमान के पिछले हिस्से पर भी प्रदर्शित किया गया है। एयरलाइन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 10 अगस्त को एक कार्यक्रम में बदलाव के एक नए युग की शुरुआत की जाएगी। माना जा रहा है कि इस दौरान कंपनी अपने लोगो और ब्रांड कलर में बदलाव का एलान कर सकता है। इससे पहले खबर आई थी कि एयरलाइन को जल्द ही नए प्रतीक चिह्न मिलेंगे जिसमें लाल, सफेद और बैंगनी रंग का इस्तेमाल होगा। लाल और सफेद एयर इंडिया के ब्रांड चिह्नों में अब भी शामिल हैं जबकि बैंगनी रंग विस्तारा ब्रांड से लिया जाएगा। टाटा संस ने 27 जनवरी, 2022 को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से घाटे में चल रही एयर इंडिया में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, इस बार रेपो रेट में बदलाव की उम्मीद नहीं!

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक-रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मंगलवार से मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू हो चुकी है. देश में नीतिगत दरों में कोई बदलाव होता है या नहीं इसको लेकर मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक का फैसला 10 अगस्त यानी गुरुवार को आएगा.*



रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास 10 अगस्त को रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट और कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) के साथ बैंक रेट पर भी एमपीसी के सदस्यों की राय के मुताबिक फैसला सुनाएंगे.

### क्या होगा इस बार रेपो रेट में बदलाव

इस समय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 6.50 फीसदी पर रखा हुआ है और इस बार भी आर्थिक जानकारों के मुताबिक रेपो रेट में बदलाव की स्थिति नहीं बन रही है. आरबीआई की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 की इस तीसरी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट में चेंज नहीं होने वाला है. हालांकि देश में पिछले कुछ दिनों में महंगाई की स्थिति में परिवर्तन आया है और इसके चलते कुछ वित्तीय जानकार मान रहे हैं कि आरबीआई रेपो रेट में बढ़ोतरी करने जा रहा है. हालांकि अधिकांश आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई रेपो रेट में स्टेटस को (यथास्थिति) बनाए रखने वाला है.

### इस साल आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया

पिछली दो बार से आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर ही बरकरार रखा हुआ है और इसके चलते ये इस वित्तीय वर्ष के शुरुआती 4 महीने में बिना बदलाव के 6.5 फीसदी पर ही स्थिर हैं.

### पिछले वित्त वर्ष में 6 बार में 2.50 फीसदी बढ़ा रेपो रेट

पिछले वित्त वर्ष यानी वित्त वर्ष 2022-23 में रिजर्व बैंक ने पूरे साल में 2.50 फीसदी का इजाफा रेपो रेट में किया था और इसे कुल 6 बार की एमपीसी की बैठक में बढ़ाया गया जिसके बाद ये 4 फीसदी से बढ़कर 6.50 फीसदी पर आ गया. हालांकि इस साल अभी तक आरबीआई ने रेपो रेट के साथ छेड़छाड़ नहीं की है और इसे 6.50 फीसदी पर ही स्थिर रखा गया है.

# अगस्त में ही घटेंगे सीमेंट के दाम?

*__नई दिल्ली।__ घर बनाना अब कुछ सस्ता हो सकता है क्योंकि देश में सीमेंट के दाम घटने की उम्मीद नजर आ रही है. इनपुट कॉस्ट का दबाव कम हो रहा है और आने वाले समय में मांग के जोर पकड़ने के संकेत दिख रहे हैं जिसके चलते सीमेंट की डिमांड में तेजी रहेगी.*



आने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में कंस्ट्रक्शन की गतिविधियों में तेजी आएगी और इसका असर सीमेंट की मांग बढ़ने के रूप में देखा जाएगा. हालांकि मौजूदा महीना और आने वाले दो महीनो में इसके दाम घटते देखे जा सकते हैं और इसके पीछे एक बड़ा कारण है जो आप यहां जान सकते हैं.

**सीमेंट के दाम को लेकर ये है अपडेट** - देश में पिछले कुछ महीनों में सीमेंट की मांग में तेजी देखी गई है और इसके बावजूद इसकी कीमतों में उछाल नहीं आया है. हालांकि ये इस सेक्टर के निवेशकों के लिए चिंता की बात है लेकिन घर बनाने वालों, कंस्ट्रक्शन कंपनियों के लिए ये राहत की बात मानी जा सकती है.

**क्यों घटेंगी सीमेंट की कीमत** - लाइवमिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय देश में मानसून का सीजन चल रहा है और इस दौरान यहां निर्माण या कंस्ट्रक्शन की गतिविधियां कम हो जाती हैं. गौरतलब है कि बारिश के कारण सीमेंट सेक्टर के लिए ये 3-4 महीने थोड़े धीमे रहते हैं और हर साल इस दौरान सीमेंट की कीमतों में गिरावट देखी जा सकती है. इसके अलावा त्योहारी सीजन से पहले भी कंस्ट्रक्शन के काम में कमी देखी जाती है और इसके असर से सीमेंट की बोरियों के दाम में गिरावट बनती देखी जा सकती है.

जानकारों का कहना है कि जुलाई 2023 में औसत सीमेंट की कीमतें महीने-दर-महीने आधार पर 1 रुपये प्रति बैग की मामूली गिरावट के साथ 374 रुपये हो गई हैं, जबकि पिछले तीन-चार सालों में औसत कीमत में 5-7 रुपये की गिरावट आई थी. इस साल सीमेंट कीमतों में गिरावट की दर धीमी है.एमके की रिपोर्ट के मुताबिक रीजनवाइज देखें तो पश्चिम और दक्षिणी इलाकों में सीमेंट के दाम में 3 रुपये प्रति बोरी की गिरावट देखी गई है और पूर्वी इलाकों में प्रति बैग 6 रुपये की गिरावट देखी गई है. सेंट्रल रीजन में सीमेंट के दाम लगभग सपाट ही रहे हैं. वहीं उत्तरी भागों में देखा जाए तो सीमेंट की प्रति बोरी के रेट 6 रुपये तक बढ़े हैं और ये बढ़ोतरी महीने दर महीने आधार पर बनी हुई है. वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में अभी तक जो रेट देखे गए हैं उनसे पता चलता है कि देश भर में सीमेंट के दाम तिमाही दर तिमाही आधार पर सपाट ही बने हुए हैं.

# सेबी ने 73,287 करोड़ रुपये के बकाया को 'मुश्किल से वसूली' की श्रेणी में डाला

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 73,287 करोड़ रुपये के बकाया को मुश्किल से वसूल होने वाले बकाये की श्रेणी में डाला है। पूंजी बाजार नियामक ने मार्च, 2023 के अंत में इस राशि को मुश्किल से वसूली में रखा है। सेबी को विभिन्न इकाइयों से कुल मिलाकर 1.02 लाख करोड़ रुपये का बकाया वसूलना है।

इसमें ऐसी कंपनियां भी शामिल हैं, जो लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहीं, या जिन्होंने निवेशकों का धन वापस करने के निर्देश का पालन नहीं किया। सोमवार को जारी सेबी की 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये के बकाया में 63,206 करोड़ रुपये पीएसीएल लिमिटेड और सहारा समूह की कंपनी सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन से संबंधित है।

यह कुल राशि का 62 प्रतिशत है। नियामक ने कहा कि इसके अलावा 77 मामलों में विभिन्न अदालतों और अदालत द्वारा नियुक्त समितियों के समक्ष कार्यवाही लंबित है। इनमें 70,482.62 करोड़ रुपये या कुल बकाया राशि का 69 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। नियामक ने कहा, इन मामलों में सेबी की वसूली कार्यवाही संबंधित अदालत/समिति के निर्देशों के अधीन है। ऐसे मामले जहां दिवाला एवं ऋणशोधन संहिता (आईबीसी) लागू है, वहां सेबी की वसूली कार्यवाही प्रभावित होती है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सेबी ने 31 मार्च, 2023 तक 73,287 करोड़ रुपये के बकाया को वसूली करना मुश्किल के रूप में वर्गीकृत किया है। इसका मतलब है कि वसूली के सभी तरीकों का इस्तेमाल करने के बाद भी इस राशि को वसूल नहीं किया जा सका है।

# निवेशकों के सतर्क रुख से सेंसेक्स 107 अंक टूटा, निफ्टी में भी रही गिरावट



*__नई दिल्ली।__ घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 107 अंक के नुकसान में रहा। इस सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा और अमेरिका के महंगाई के आंकड़े आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।*

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.45 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,570.85 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोरी के रुख से भी कारोबारी धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 106.98 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,846.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 200.85 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.45 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,570.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में पॉवरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, विप्रो, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, ऐक्सिस बैंक, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक दायरे में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# सोने में मामूली गिरावट, चांदी 800 रुपये लुढ़की

*__नयी दिल्ली।__ वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 80 रुपये के नुकसान के साथ 60,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।*



इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये लुढ़ककर 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,932 डॉलर प्रति औंस तथा चांदी नुकसान के साथ 23.09 डॉलर प्रति औंस रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव तेजी के साथ खुले, लेकिन बाद में भाव गिरने लगे। कॉमेक्स पर सोना 1971.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछले क्लोजिंग प्राइस 1970 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 2.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1967.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.20 डॉलर के भाव पर खुले, जबकि पिछला क्लोजिंग प्राइस 23.23 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह हल्की गिरावट के साथ 23.19 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही थी।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73050

चांदी रिफाइन -74400

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73050

चांदी रिफाइन -74400


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 82 |
| एक यूरो | 90. 61 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 19 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 83 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# रूस-यूक्रेन युद्ध का फायदा, भारत ने विदेशों में जमकर बेचा पेट्रोल-डीजल

*__नई दिल्ली।__ रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों ने रूसी तेल लेना बंद कर दिया. फिर भी तेल की खपत तो बनी रही. इसका फायदा उठाया भारत ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत कई बड़ी पेट्रोलियम रिफाइनरीज ने यूरोप को जमकर पेट्रोल-डीजल का एक्सपोर्ट करना शुरू कर दिया.इसका नतीजा ये हुआ कि भारतीय कंपनियों की कमाई अच्छी खासी बढ़ गई.*



इसमें रोचक बात ये है कि यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों ने जिस रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाया. भारत ने वही रूसी तेल डिस्काउंट प्राइस पर खरीदा, उसे यहां की रिफाइनरीज में पेट्रोल-डीजल में बदला और फिर यूरोप एवं अन्य देशों को एक्सपोर्ट करके मोटा मुनाफा कमाया. रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी पेट्रोलियम प्रोसेसिंग यूनिट है.

**कम एक्सपोर्ट, ज्यादा कमाई** - अगर आंकड़ों को देखें तो 2022-23 में भारत ने इससे पिछले साल की तुलना में करीब 10 प्रतिशत कम पेट्रोल-डीजल का एक्सपोर्ट किया. इसके बावजूद डॉलर में उसकी कमाई जहां 26 प्रतिशत और रुपये में 35 प्रतिशत बढ़ गई. इसकी बड़ी वजह अंतराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतें ऊंची होना, और डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना है.

**हुआ इतने करोड़ का एक्सपोर्ट** - भारत ने 2022-23 में कुल 42 अरब डॉलर (करीब 3,33,620 करोड़ रुपये) मूल्य का पेट्रोल-डीजल एक्सपोर्ट किया. इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी प्राइवेट सेक्टर की रिफाइनरीज यानी रिलायंस इंडस्ट्रीज की रही. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इससे भारत को विदेशी मुद्रा का लाभ मिला. वहीं रिफाइनरीज को प्राइस में अंतर की वजह से ऊंचा प्रॉफिट हासिल हुआ.

**भारत में भी बढ़ी खपत** - वैसे 2022-23 में भारत का पेट्रोलियम एक्सपोर्ट घटने की एक वजह घरेलू स्तर पर इसकी खपत बढ़ना है. इस दौरान पेट्रोल की खपत में 14 प्रतिशत और डीजल की खपत में 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ है.हालांकि भारत ने 2022-23 में विदेशों को 2.85 करोड़ टन डीजल एक्सपोर्ट किया, जिसका मूल्य 28.9 अरब डॉलर (करीब 2,31,130 करोड़ रुपये) रहा. वहीं पेट्रोल का एक्सपोर्ट 1.31 करोड़ टन किया गया. इसकी कीमत 12.8 अरब डॉलर (करीब 1,02,489 करोड़ रुपये) है.

# स्वतन्त्रता दिवस से खास शुरुआत, वित्तीय साक्षरता से होगी वित्तीय स्वतंत्र बनाने की पहल

**जबलपुर।** वेल्थ आईएम्पी एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए लेकर आया है एक शानदार सर्टिफिकेट प्रोग्राम, वित्तीय जंज़ीरों से मिलेगी मुक्तिलोग अक्सर फाइनेंशल गोल्स यानी वित्तीय लक्ष्य बनाते हैं लेकिन प्लानिंग और नॉलेज के अभाव में अक्सर विफलता ही हाथ लगती है। ऐसे में फाइनेंशल लिटरेसी यानी वित्तीय साक्षरता बहुत मायने रखती है। इसे ध्यान में रखते हुए -वेल्थ आईएम्पी एडुटेक प्राइवेट लिमिटेड एक विशेष सर्टिफिकेट प्रोग्राम वेल्थ आईएमपी ( वेल्थ इनिशिएटिव मैनजमेंट प्रोग्राम) लेकर आया है। जिसमें जाने माने एक्सपर्ट व कंपनी के डायरेक्टर और ट्रेनर अमित चौकसे लोगों को ट्रेनिंग देते हुए वित्तीय स्वतंत्र बनने में मदद करेंगे। खास बात है कि इस प्रोग्राम का हिस्सा 20 से लेकर 50 वर्ष आयु के लोग बन सकते हैं। स्टूडेंट, गृहिणियों से लेकर नौकरीपेशा को देखते हुए इस विशेष प्रोग्राम को डिज़ाइन किया गया है। 7 अगस्त से रजिस्ट्रेशन के जरिये आप इसका हिस्सा बनने की शुरूआत हो चुकी है। इसके लिए ईमेल- वेल्थआईएमपीएडुटेकञ्जजीमेल.कॉम और वेबसाइट वेल्थआईएमपीएडुटेक.कॉम या राइट टाउन स्थित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आज़ादी के पर्व 15 अगस्त से इस प्रोग्राम की शुरुआत होगी। यह वित्तीय जंजीरों से मुक्त कराते हुए वित्तीय स्वतंत्रता लाने का एक प्रयास है। 3 महीनों की ट्रेनिंग प्रोग्राम की ट्रेनिंग अवधी 3 महीनों की है, प्रोग्राम के अन्तर्गत प्रतिभागियों को विशेषत: आयोजित वित्तीय कक्षाओं और शिक्षानुसंधान के माध्यम से विभिन्न विषयों के बारे में सिखाया जाएगा।




# सरकारी बैंकों को ग्राहक सेवा बहुत तेज रहने की जरूरत

### संसदीय समिति ने रिपोर्ट में कही ये बात

*__नई दिल्ली।__ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति ने अपनी रिपोर्ट में ग्राहक सेवा के लिहाज से बैंकों को बहुत तेज बनाने की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को नयी तकनीक को समय से अपनाने के साथ ही ग्राहक सेवा में बहुत तेज रहना होगा।*



संसदीय समिति ने बैंकों पर बढ़ते कार्यभार का हवाला देते हुए यह बात कही। समिति ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि बैंकरों के काम की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए भर्ती परीक्षा की बनावट को भी समय-समय पर बदलने की जरूरत है, ताकि सही उम्मीदवारों का चयन किया जा सके।कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसद की स्थायी समिति ने कहा, बैंकरों के लिए जरूरी गति और सटीकता की परिभाषा समय-समय पर बदलती रहती है। लगभग 10 साल पहले कार्यभार और कार्य की प्रकृति को देखते हुए शायद ऐसी गति या सटीकता की जरूरत नहीं थी।

समिति ने आगे कहा, लेकिन आज बैंक कर्मचारी सैकड़ों केंद्रीय और राज्य सरकारों की योजनाओं को लागू कर रहे हैं और सरकार की गरीब-समर्थक योजनाओं की प्रकृति को देखते हुए गति और सटीकता बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति ने इस बात पर जोर दिया कि आजकल इस्तेमाल की जा रही तकनीक के कारण, चाहे वह ई-बैंकिंग हो या ऑनलाइन बैंकिंग, बैंक कर्मचारियों को ग्राहक सेवा में बहुत तेज होना होगा।

साथ ही उन्हें तकनीक को भी तेजी से अपनाना होगा। सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने कहा कि वह यह जानना चाहती है कि वर्तमान बदलते परिदृश्य की जरूरतों को पूरा करने और उसके साथ तालमेल बनाए रखने के लिए भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम और इसके दिशानिर्देश कैसे तैयार किए जा रहे हैं।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## नरसिंहपुर कलेक्टर बनकर वायरल की फोटो, कुछ ही घंटों में पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर में रहने वाले एक युवक राहुल गिरी को तिलवारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राहुल गिरी नामक युवक फोटो के साथ छेड़छाड़ कर नरसिंहपुर कलेक्टर की कुर्सी पर बैठ गया और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। यहां तक कि नरसिंहपुर कलेक्टर रिजू बाफना से चार्ज लेने की फोटो भी बनाकर वायरल कर दी। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही प्रदेश के कई जिलों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आनन फानन राहुल गिरी नामक इस युवक को तलाश कर हिरासत में ले लिया है।

इस संबंध में सीएसपी बरगी सुनील नेमा ने बताया कि गोदियां महाराष्ट्र का रहने वाला युवक जबलपुर के शास्त्री नगर तिलवारा स्थित एक फ्लैट में किराए से रहकर बीएससी व इलेक्ट्रिशियन की पढ़ाई कर रहा है। जिसे कलेक्टर बनने का कुछ ऐसा शौक चढ़ा कि इसने नरसिंहपुर कलेक्टर की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर स्वयं कलेक्टर बनकर फोटो वायरल कर दी, यहां तक




कि नरसिंहपुर कलेक्टर रिजू बाफना को गुलदस्ता भेंट करने की फोटो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होते ही नरसिंहपुर सहित प्रदेश की राजधानी तक हड़कम्प मच गया। कुछ लोगों ने इसे सच भी मान लिया कि हो सकता है तबादलों का मौसम चल रहा है, नरसिंहपुर कलेक्टर बदल गया हो।

नए कलेक्टर ने चार्ज ले लिया हो। फर्जी फोटो वायरल होते ही जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी सहित अन्य जिलों की पुलिस को खबर दी गई। जिसपर बरगी सीएसपी सुनील नेता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर राहुल गिरी नामक इस युवक को शास्त्री नगर स्थित एक फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया है।

सोशल मीडिया पर फोटो के साथ छेड़छाड़ कर कलेक्टर नरसिंहपुर बनने के पीछे राहुल गिरी नामक युवक की क्या मंशा है, यह तो पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने के बाद ही पता चल सकेगा। चर्चाए तो यहां तक हो रही है कि इस तरह की फोटो वायरल करके राहुल गिरी द्वारा कुछ लोगों के साथ ठगी भी की गई होगी, लेकिन अभी इस बारे में पुलिस कुछ भी नहीं कह रही है।

**खबर यह भी है-**

खबर यह भी सामने आ रही है कि राहुल गिरी नाम के इस छात्र ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे के साथ खड़े होने की एक फोटो पहले सोशल मीडिया पर वायरल की थी। राहुल गिरी द्वारा सोशल मीडिया से फोटो निकालकर उसमें छेड़छाड़ कर अपनी फोटो लगाकर वायरल करने के लिए पीछे क्या मंशा है, इस बारे में पुलिस द्वारा अब पूछताछ की जा रही है।

## बरगी बांध के 4 गेट और बंद

### अब 7 गेट से छोड़ा जा रहा पानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी बांध के कैचमेंट एरिया में पानी की आवक कम होती जा रही है। जिसके चलते बांध के चार गेट और बंद कर दिए गए है। अब सिर्फ सात गेट से 883 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है।

गेट बंद होने से नर्मदा नदी के सभी घाट पर जल स्तर भी कम हो गया है। बताया जाता है कि जबलपुर सहित मंडला, डिंडौरी सहित अन्य क्षेत्रों में करीब एक सप्ताह से रही लगातार बारिश के चलते बरगी बांध का जलस्तर 422 मीटर से ऊपर होने लगा, जिसके चलते बांध के 21 में से 15 गेट खोले गए, लेकिन कैचमेंट एरिया में पानी की लगातार बढ़ रही आवक के कारण गेटों की संख्या 19 कर दी गई। जिससे जबलपुर के सभी नर्मदा घाटों पर जलस्तर बढ़ गया,



यहां तक कि नर्मदापुरम में भी नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी थी। तीन दिन के बाद बारिश का दौर जैसे ही कम हुआ और बांध के जलभराव क्षेत्र में पानी की आवक भी कम हुई तो बरगी बांध के गेट बंद होना शुरु हो गए।


बीती रात बांध का जल स्तर 421.30 होने पर 11 में से 4 गेट और बंद कर दिए गए, अब सिर्फ 7 गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसमें पांच गेट एक-एक मीटर व 2 गेट आधा-आधा मीटर खोले गए है। बारिश का दौर यदि थमा रहा और कैचमेंट एरिया में आवक कम रही तो और गेट भी बंद होगें। जबलपुर में अभी तक बारिश का आंकड़ा 37 इंच के करीब पहुंच चुका है।

## शिक्षक ने डस्टर फेंककर मारा, छात्र का सिर फटा

### आक्रोशित परिजन स्कूल पहुंचे, प्राचार्य बोले चोट लगी मरा तो नहीं

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के ईशानगर थाना अंतर्गत शासकीय स्कूल में एक शिक्षक ने बच्चे पर डस्टर फेंक मारा जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। स्कूल के शिक्षक ही उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। गुस्साए परिजन बाद में थाने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि प्राचार्य से बात की तो उनका कहना है कि लग गया तो लग गया।

जानकारी के अनुसार मामला जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनोठा का है। जहां कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले छात्र नवी खान पिता अलीखान निवासी जनकपुर जब क्लास में था, उसी दौरान शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षिका अभिलाषा दुबे ने क्लास में शोर कर रहे छात्र संचित जैन को फेंक कर डस्टर मारा। डस्टर बगल में बैठे छात्र नवी खान के सिर में जाकर लगा और उसके सिर में गहरी चोट आ गई। जिसके बाद बच्चे के सिर से खून की धार बहने लगी।



**थाने में शिकायत-**

परिजनों ने मामले में शिक्षक के खिलाफ ईशानगर थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है। वहीं बच्चे को इलाज और चेकअप के लिए जिला अस्पताल लेकर आए हैं।

### प्रिंसिपल ने दी स्कूल से नाम काटने की धमकी

घटना की जानकारी लगने पर आनन-फानन में आए प्राचार्य एके द्विवेदी ने बच्चे का इलाज कराया और छात्र से कहा कि घर में मत बताना, नहीं तो उसका स्कूल से नाम काट देंगे।

### प्राचार्य पर लगा आरोप-

घर पहुंचे छात्र से परिजनों ने सिर में चोट लगने का कारण पूछा तो सारा घटनाक्रम बताया। जिससे परिजनों ने प्राचार्य से बात की तो उनका कहना था कि शिक्षक हैं मार दिया तो क्या होता है, मर थोड़ी गया है। वहीं परिजनों ने कहा कि अगर कोई शैतानी कर रहा था तो समझा देते, डांट देते या थप्पड़ मार देते, लेकिन इस तरह से घातक तरीके से किसी भी छात्र को मारना ठीक नहीं था।

## अगले चौबीस घंटे में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सावन की झड़ी पर रोक लगने से फिर से पारा उपर की तरफ आने लगा है। इसके चलते मंगलवार को दिन में हल्की उमस महसूस की गई। हालाकि रात के तापमान अब भी कम है। इससे लोगों को पंखा, एसी और कूलर का इस्तेमाल कम करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 33.4 और 24.0 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। अभी दक्षिण से पश्चिम की ओर चलने हवाएं 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में कहीं-कहीं पर वर्षा की संभावना जताई गई है। वैसे यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि बीते दिनों सक्रिय रहने वाला मानसून अब कमजोर पड़ गया है। इसी के चलते लगातार होने वाली बारिश थम गई है। मौसम खुल जाने से लोगों के घरों में लीकेज कम हो गये हैं।

वही दूसरी तरफ उन क्षेत्रों में पानी भरने की समस्या भी कम हो गई है जहां पर अब तक जल भराव की समस्या से लोग परेशान हो रहे थे। यही हाल ग्रामीण अंचलों का बना हुआ है, यहां पर ग्रामीण जन अपने खेत खलिहान के काम करने लगे हैं।

विशेष रूप से धान की फसल लगाने वाले किसानों की चिंता कम हो गई है। लगातार बारिश से खेतों की तरफ किसान नहीं जा पा रहे थे। लेकिन मौसम खुलने के बाद स्थिति बदली है और खेतों में काम शुरू हो गया है।

## प्रदेश का पहला स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान अंग्रेजी में बनाने पर उठ रहे सवाल



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश का पहला स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान जारी कर दिया गया। इसमें अगले 2023 से 2043 तक वन्यजीवों की संख्या को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें संरक्षित वन क्षेत्र बनाने, उनके विकास और वन्य जीवों की सुरक्षा और पर्यटन को लेकर सभी बिंदु शामिल किए गए, लेकिन अब प्लान बनाने वाली समिति पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव वन विभाग को शिकायत की गई है।

स्टेट वाइल्ड लाइफ एक्शन प्लान 29 जुलाई को जारी किया गया। इस प्लान को तैयार करने वाली समिति में किसी आदिवासी या किसी भी स्थानीय व्यक्ति को शामिल नहीं किया गया, जबकि मप्र स्टेट वाइल्ड बोर्ड में भी आदिवासी समुदाय के सदस्य शामिल हैं। समिति में केवल सरकारी अफसरों, रिटायर्ड अफसरों और शहरी क्षेत्रों में निवासरत गैर सरकारी सदस्यों को शामिल किया गया। प्रदेश के वन क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों को शामिल नहीं करने से समिति के उद्देश्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे प्रदेश में पेसा एक्ट का भी उल्लंघन बताया जा रहा है। वहीं, प्लान को शहर के लोगों द्वारा अंग्रेजी में तैयार करने पर भी आपत्ति ली गई।

**सीएम, सीएस, एससीएस को शिकायत-**

वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने कहा कि हिंदी भाषी राज्य में पहले तो जंगल में रहने वाले जानवरों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले लोगों को यह योजना बनाने में शामिल नहीं किया।

दूसरा अंग्रेजी में प्लान तैयार किया गया, जिसे अब तक वेबसाइट भी अपलोड नहीं किया गया। इस मामले में सीएम से लेकर संबंधित अधिकारियों को शिकायत की है। वहीं, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने कहा कि अभी इस मामले में मुझे शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के तथ्यों को देखकर आगे कार्रवाई की जाएगी। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ असीम श्रीवास्तव ने बताया कि अभी अंग्रेजी में रिपोर्ट है। उसका हिंदी में अनुवाद कराएंगे।

## सागौन की तस्करी के लिये नदी का सहारा, बहा कर ले गये 15 किमी दूर

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले में फिल्म पुष्पा की तर्ज पर व्यारमा नदी में सागौन की तस्करी करने का मामला सामने आया है। जहां वन माफिया सागौन की लकड़ियों को बांध कर नदी में बहा कर तस्करी रहे हैं। लेकिन माफियाओं के मंसूबों को वन विभाग ने नाकाम कर दिया है। नदी से बड़ी मात्रा में सागौन की लकड़ियां जप्त की गई हैं। हालांकि आरोपी नहीं पकड़े गए, जिनकी तलाश की जा रही है। दमोह जिले के वन परिक्षेत्र सगौनी अंतर्गत रेंजर अखलेश चौरसिया को सूचना मिली थी कि बर्रट के पास मेहगुवा गांव में कुछ लोग सागौन के बड़े-बड़े लट्ठों को रस्सी से बांधकर व्यारमा नदी से बहाकर 15 किमी दूर तक ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही डीएफओ एमएस उइके को जानकारी दी गई और उनके निर्देश पर टीम गठित कर वनकर्मी नदी के पास पहुंचे। जहां मौके से सागौन के छह लट्ठे जप्त किए गए, जिसे वन चौकी सलैया में रखा गया है। बर्रट्ट, जोगी डाबर, ग्वारी और मादो गांव में आरोपियों की



तलाश की जा रही है। वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनयम के तहत मामला दर्ज करके जांच में लिया गया है। लकड़ी की कीमत दो से तीन लाख रुपये तक बताई जा रही है। बताया जा रहा है की सागौनी रेंज अंतर्गत जोगी डाबर, सलैया, कोटा के जंगलों में दिन के समय सागौन की कटाई की जा रही है और शाम के समय कटे हुए पेड़ के लट्ठे रस्सी से बांधकर नदी में बहा दिए जाते हैं और जहां घाट की ऊंचाई कम होती है वहां इस लकड़ी को उठवा लिया जाता है।

## जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेल के बिलासपुर मण्डल में सक्ती रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के कार्य के चलते प्री एनआई/एनआई प्रोग्राम के तहत उस मार्ग से गुजरने वाली कुछ रेलगाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है. इसी कार्य के चलते पमरे से ओरजिनेट/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस भी निरस्त रहेंगी। 9 अगस्त को संतरागाछी से जबलपुर के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त की गई है. इसी कड़ी में दिनांक 10.08.2023 को गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से भी निरस्त रहेगी।

## लंपी वायरस का कहर, कई जानवरों की हो चुकी मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में लंपी वायरस बीमारी पशुओं में तेजी से फैल रही है। जिसके कारण जिले में आए दिनों कई पशुओं की मौत हो हुई है और मौतों की संख्या लगातार जारी है। इस बीमारी से दुधारू पशु ज्यादा संक्रमित हैं। लंपी वायरस एक भयानक रूप लेकर पूरे मध्यप्रदेश में महामारी की तरह फैल रही है। इसकी रोकथाम के लिए पशु चिकित्सालय के हर कारगर उपाय निराधार नजर आ रहे हैं। इस रोग के कारण उमरिया से लेकर सुदूर अंचलों में तबाही मची हुई है।



जानवरों को न तो इलाज मिल रहा है और न ही दवाइयां। पशु चिकित्सालय के उप संचालक केके पांडे ने कहा है कि विभाग जिले में फैली लंपी वयरस बीमारी को लेकर मुस्तैद और सतर्क है। कर्मचारियों की टीम ग्रामीण अंचलों में संक्रमित पशुओं का इलाज और लोगों को आवश्यक जानकारी देने का हर संभव प्रयास कर रही है।

## बिजली विभाग के कर्मियों को विधानसभा निर्वाचन में डयूटी न लगाने प्रमुख सचिव ने लिखा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने जा रहे है। इसके चलते पूरे प्रदेश में जिले के सभी कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा चुनावी तैयारियां शुरु कर दी हैं। प्रदेश के कई जिलों में चुनाव सम्पन्न को लेकर कर्मचारियों को प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है।

मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने मध्यप्रदेश की विभिन्न कंपनियों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव में ड्यूटी न लगाने के लिए मध्यप्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र क्रमांक एफ-03/11/2019 13 दिनांक 7 अगस्त को पत्र लिखकर इन कर्मियों को चुनाव कार्य में ड्यूटी पर तैनाती के संबंध में छूट प्रदान करने की बात की है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमटेड, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमटेड मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा कायर्स संपादन किया जाता है। जानकारी के अनुसार पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमटेड विद्युत का प्रबंधन एवं मांग के अनुरुप विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत का गुणवत्ता पूर्ण एवं सुचारू रूप से वितरण, राजस्व संग्रहण एवं बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओ का निपटारा करने की जिम्मेदारी निभाती है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमटेड द्वारा विद्युत का ट्रांसमिशन से संबंधित कार्य को संपादित किया जाता है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमटेड द्वारा राज्य के ताप एवं जल विद्युत गृहों से विद्युत का उत्पादन संबंधी कार्य की जिम्मेदारी रहती है। मध्यप्रदेश में घरेलू व्यवसायिक एवं गैर कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिदिन 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी इन उल्लेखित कंपनियों की ही रहती है। राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किये जाने के लिए विद्युत कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूर्ण क्षमता पर कार्य किया जाना अति आवश्यक है। इसके कारण विद्युत कंपनियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हमेशा आवश्यकता रहती है। विगत समय में विद्युत कंपनियों में कार्मिकों की कमी लगातार बनी हुई है कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से भी कमी परिलक्षित हुई है। विद्युत प्रदाय अति आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाएं होने व कंपनियों में कार्मिकों की वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि विधानसभा कार्यों से कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छूट प्रदान की जाए। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है रेलवे एलआईसी भारतीय संचार निगम लिमटेड व अन्य कई ऐसे विभाग हैं जिनमें काम की तुलना में अधिक कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है,यदि इनकी चुनाव में ड्यूटी लगायी जाए तो विधानसभा चुनाव का कार्य ठीक ढंग से संपादित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92

छोटा ब्रॉयलर - रु. 96

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 100

मुर्गा मीडियम - रु. 96

मुर्गा बड़ा - रु. 94

मुर्गा जम्बो - रु. 94

मो.-9039925000, 9425800409







